राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने...



वाशिंगटनः एंटनी ब्लिंकेन से बिलावल... 12


वर्ष : 13 | अंक : 03 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, पंचमी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## मौसम

अधिकतम तापमान 44.0°C
न्यूनतम तापमान 31.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे, गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

## पोल

दिल्ली में घर-घर राशन योजना पर रोक लगाना क्या उचित है?

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,315 |
| चांदी | 60,600 |
| सेंसेक्स | 52,792 |
| निफ्टी | 15,809 |

# वैश्विक अशांति के बीच 'सामर्थ्यवान भारत' आज दुनिया की नई उम्मीद : मोदी

**वड़ोदरा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड महामारी और वैश्विक अशांति व संघर्षों के बीच एक 'सामर्थ्यवान राष्ट्र' के रूप में भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश आज दुनिया की 'नई उम्मीद' के रूप में उभरा है और वह समस्याओं का समाधान पेश कर रहा है। गुजरात के वड़ोदरा शहर में कुंडलधाम स्थित स्वामीनारायण मंदिर और करेलीबाग के स्वामीनारायण मंदिर द्वारा आयोजित 'युवा शिविर' को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह एक ऐसे 'नए भारत' के निर्माण में जुटे हैं जिसकी पहचान नई हो, जो भविष्य की ओर देखता हो लेकिन उसकी परम्पराएं प्राचीन हों।

उन्होंने कहा, 'ऐसा नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़े, पूरी मानवजाति को दिशा दे। जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद



बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा है।' मोदी ने कहा, 'कोविड महामारी के संकट के बीच दुनिया को टीके और दवाइयां पहुंचाने से लेकर बिखरी हुई आपूर्ति श्रृंखला के बीच आत्मनिर्भर भारत की उम्मीद तक, वैश्विक अशांति और संघर्षों के बीच शांति के लिए एक सामर्थ्यवान राष्ट्र की भूमिका तक, भारत आज दुनिया की नई उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'हमारी संस्कृति का सृजन, उसकी अगर कोई पाठशाला है, उसका अगर कोई मूल बीज है तो वो हमारे संस्कार होते हैं।'मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारे नसीब में देश के लिए मरने का सौभाग्य नहीं मिला है, लेकिन देश के लिए जीने का सौभाग्य तो मिला ही है। तो देश के लिए जीना चाहिए, कुछ ना कुछ देश के लिए करना चाहिए। देश के लिए कुछ करना मतलब छोटी-छोटी चीजों से यह कार्य कर सकते हैं।

### सम्बोधन

- ऐसा नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़े, पूरी मानवजाति को दिशा दे। जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा
- हमारे नसीब में देश के लिए मरने का सौभाग्य नहीं मिला है, लेकिन देश के लिए जीने का सौभाग्य तो मिला ही है। तो देश के लिए जीना चाहिए, कुछ ना कुछ देश के लिए करना चाहिए : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

# नवजोत सिद्धू को कठोर कारावास की सजा

## 1988 का रोड रेज मामलाः कोर्ट ने एक साल कैद की सजा सुनाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू को 1988 के 'रोड रेज' मामले में बृहस्पतिवार को एक साल की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति एस के कौल की पीठ ने सिद्धू को दी गई सजा के मुद्दे पर पीड़ित परिवार द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया। हालांकि शीर्ष अदालत ने मई 2018 में सिद्धू को मामले में 65 वर्षीय व्यक्ति को जानबूझकर चोट पहुंचाने के अपराध का दोषी ठहराया था, लेकिन 1,000 रुपये का जुमार्ना लगाकर छोड़ दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने नवजोत सिंह सिद्धू को बरी करने के अपने मई 2018 के आदेश की समीक्षा की है। आदेश के अनुसार सिद्धू को पंजाब पुलिस हिरासत में लेगी। सिद्धू को आईपीसी की धारा 323 के तहत अधिकतम संभव सजा दी गई है।

**क्या है आईपीसी की धारा-323**

भारतीय दंड संहिता की धारा 323 के अनुसार, जो भी व्यक्ति (धारा 334 में दिए गए मामलों के सिवा) जानबूझ कर किसी को स्वेच्छा से चोट पहुँचाता है, उसे अधिकतम एक साल जेल की सजा का प्रावधान है। इसके तहत मुजरिम को एक साल कारावास या एक हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनों के साथ दंडित किया जा सकता है।



### कानून का फैसला स्वीकार: सिद्धू

नवजोत सिद्धू ने ट्वीट किया कि उन्हें कानून का फैसला स्वीकार है। सिद्धू इस वक्त पटियाला में हैं। वहां वह लीगल टीम से आगे के कदम के लिए चर्चा कर सकते हैं। जिस वक्त सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई और सजा सुनाई जा रही थी, सिद्धू महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। सिद्धू ने हाथी पर बैठकर प्रदर्शन किया था। सितंबर 2018 में उन्होंने सजा के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दायर की थी।

### क्या है मामला?

नवजोत सिद्धू का वर्ष 1988 में पटियाला में पार्किंग को लेकर झगड़ा हुआ था जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। इस मामले में पहले सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धू को 1 हजार का जुमार्ना लगाकर छोड़ दिया था। इसके खिलाफ पीड़ित पक्ष ने पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी।

## रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी का लाइसेंस रद्द

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने रॉबर्ट वाड्रा के एक प्रोजेक्ट का लाइसेंस रद्द कर दिया है। सत्ता में आने के 8 साल बाद भाजपा सरकार ने यह कार्रवाई की है। भाजपा सरकार ने गुरुग्राम में बनाए जा रहे स्काईलाइट हॉस्पिटालिटी प्राइवेट लिमिटेड का रियल एस्टेट लाइसेंस कैंसल कर दिया है। साल 2008 में जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, रॉबर्ड वाड्रा को यह लाइसेंस दिया गया था। अब टाउन ऐंट कंट्री प्लानिंग, हरियाणा के डायरेक्टर की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। साल 2012 में स्काई लाइट ने कमर्शल कॉलोनी बनाने का यह लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया था। रियल एस्टेट डिवलपमेंट लाइसेंस से किसी को रिहाइशी, कमर्शल या इंडस्ट्रियल कॉलोनी बनाने का अधिकार मिल जाता है। 2012 में एक लैंड डील काफी विवाद में थी।

# केजरीवाल सरकार की घर-घर राशन योजना पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) की घरों तक राशन पहुंचाने की योजना मुख्यमंत्री घर घर राशन योजना पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने योजना को चुनौती देने वाली राशन डीलरों की दो याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया है।

कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और जस्टिस जसमीत सिंह की पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार कोई दूसरी घर-घर योजना शुरू कर सकती है लेकिन वह इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए गेहूं का उपयोग नहीं कर सकती। हाईकोर्ट ने याचिकाकताओं दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ और दिल्ली राशन डीलर्स यूनियन द्वारा दायर याचिकाओं पर व्यापक सुनवाई करने के बाद 10 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि, पीठ ने कहा था कि सवाल इस बात का है कि योजना के क्रियान्वयन के साथ उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) को व्यवस्था से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा था कि केंद्र का कहना है कि एफपीएस राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) का एक अभिन्न अंग है इसलिए आप इसे खत्म नहीं कर सकते।

### राशन

- हाईकोर्ट ने कहा-दिल्ली सरकार नहीं कर सकती केंद्र के राशन का इस्तेमाल

## महंगाई की मार से सुलग रही आम आदमी की रोटी

**नई दिल्ली।** देश में पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को एक और झटका देते हुए गुरुवार को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 3.50 रुपये प्रति सिलेंडर और कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 8 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। बढ़ी हुई कीमतों के बाद अब घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतें देश के सभी बड़े शहरों में 1,000 रुपये से अधिक हो जाएंगी। कीमतों में हुए इस संशोधन को आज से ही लागू कर दिया जाएगा। 14.2 किलोग्राम के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर की कीमत अब नई दिल्ली में 1003.00 रुपये, कोलकाता में 1029.00 रुपये, मुंबई में 1002.50 रुपये और चेन्नई में 1018.50 रुपये होगी। यह इस महीने दूसरी दफा है जब घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़े हैं। इससे पहले 7 मई को 50 रुपये बढ़ाए गए थे। घरेलू सिलेंडर के साथ कमर्शियल सिलेंडरों के दामों में भी पहले से इजाफा हुआ है।

## संक्षिप्त खबर

### निठारी कांड : कोली को मौत की सजा, पंधेर को 7 साल की जेल

नोएडा। नोएडा के बहुचर्चित निठारी कांड के एक और मामले में सीबीआई कोर्ट की विशेष अदालत ने मुख्य अभियुक्त सुरेंद्र कोली को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई है। वहीं, दूसरे अभियुक्त मोनिंदर सिंह पंधेर को देह व्यापार के धंधे में दोषी पाए जाने पर 7 साल की सजा सुनाई गई है। दोनों अभियुक्त डासना जेल में पहले से ही कई मामलो में सजा काट रहे हैं। सुरेंद्र कोली को 13 मामलों में मौत की सजा और तीन मामलों में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। अभी तक सिर्फ एक मामले में राष्ट्रपति द्वारा याचिका खारिज होने के बाद मेरठ में फांसी दी जानी थी, लेकिन देरी होने से सुप्रीम कोर्ट ने फांसी निरस्त कर दी थी। एक मामले में हाईकोर्ट ने फांसी में देरी मानते हुए आजीवन कारावास में बदल दिया था। सीबीआई कोर्ट से फांसी की सजा होने के बाद इस समय अधिकांश मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं।

### भाजपा के हुए सुनील जाखड़

नई दिल्ली। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्री जाखड़ को अंगवस्त्रम पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और कहा कि राष्ट्रीय सोच और विचारधारा के लोगों का भाजपा में स्वागत है। श्री जाखड़ ने कांग्रेस नेतृत्व की शैली पर गहरे सवाल उठाते हुए पिछले दिनों पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। श्री जाखड़ ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने खुले दिल और आत्मीयता से उनका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वह निजी स्वार्थ की राजनीति नहीं करते लेकिन जिस तरह उनकी पिछली पार्टी कांग्रेस ने पंजाब को वहां की आबादी में, जात-पात और धर्म के प्रतिशत (अनुपात) के नाम पर बांटने की कोशिश की, वह उनके लिये पीड़ादायक था।

# ज्ञानवापी : सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में जमा

## मस्जिद में मिले सनातन संस्कृति के चिन्ह

**वाराणसी/ मथुरा, एजेंसी**

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में ज्ञानवापी मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट गुरुवार को विशेष एडवोकेट कमिश्नर विशाल सिंह ने सिविल जज (सीनियर डिविजन) की कोर्ट को सौंप दी है। इस रिपोर्ट से भी जो बात सामने आई है उसमें दावा है कि ज्ञानवापी मस्जिद के बेसमेंट की दीवारों पर सनातन संस्कृति के चिन्ह मौजूद हैं। मस्जिद में मुख्य गुंबद के नीचे दक्षिणी खंभे पर स्वास्तिक का चिह्न मिला। मस्जिद के प्रथम गेट के पास तीन डमरू के चिह्न मिले। उत्तर-पश्चिम दिशा में 15 बाई 15 फीट का एक तहखाना दिखा, जिसके ऊपर मलबा पड़ा था, वहां पड़े पत्थरों पर मंदिर जैसी कलाकृतियां दिखीं।

**श्रीकृष्ण विराजमान की याचिका मंजूर**–श्री कृष्ण जन्मस्थान और ईदगाह प्रकरण में जिला जज राजीव भारती की अदालत के द्वारा एक महत्वपूर्ण फैसले में श्रीकृष्ण विराजमान की याचिका को स्वीकार कर लिया है। वाद की स्वीकारोक्ति को लेकर पिछले करीब डेढ़ साल से जिला जज की अदालत में रिवीजन में सुनवाई चल रही थी। आज जिला जल की अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया है।

## मुस्तफाबाद में लगी भीषण आग, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दो इलाकों में गुरूवार को भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई और एक शख्स की जान चली गई जबकि एक शख्स गंभीर रूप से झुलस गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी में और मुस्तफाबाद में आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विसेज के निदेशक अतुल गर्ग का कहना है कि दोनों ही फैक्टरियों ने फायर एनओसी नहीं ली थी। जानकारी के अनुसार में अकबरी मस्जिद रोड स्थित गली नंबर 23, मुस्तफाबाद इलाके में गुरूवार को दिन में करीब 12:18 बजे एक इलेक्ट्रिक उपकरण बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई।

सुनवाई | गुनाह कबूल कर चुके अलगाववादी नेता की सजा पर बहस 25 से

# आतंकी फंडिंग : यासीन मलिक दोषी करार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में सख्त गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को स्वीकार करने वाले कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया।

विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने एनआईए प्राधिकारियों को मलिक पर जुर्माना लगाए जाने के लिए उसकी वित्तीय स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए और सजा पर दलीलों के लिए मामले की सुनवाई के वास्ते 25 मई की तारीख तय की। मलिक ने अदालत में कहा था कि वह खुद के खिलाफ लगाए आरोपों का विरोध नहीं करते। इन आरोपों में यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी कृत्य), 17 (आतंकवादी कृत्यों के लिए धन



जुटाना), 18 (आतंकवादी कृत्य की साजिश) और धारा 20 (आतंकवादी गिरोह या संगठन का सदस्य होना) तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक षडयंत्र) और 124-ए (राजद्रोह) शामिल हैं। इन नेताओं पर भी कसा शिकंजा कोर्ट ने फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे, शब्बीर शाह, मसर्रत आलम, मोहम्मद यूसुफ शाह, आफताब अहमद शाह, अल्ताफ अहमद शाह, नईम खान, मोहम्मद अकबर खांडे, राजा मेहराजुद्दीन कलवाल, बशीर अहमद भट, जहूर अहमद शाह वटाली, शब्बीर अहमद शाह, अब्दुल राशिद शेख, और नवल किशोर कपूर सहित अन्य कश्मीरी अलगाववादी नेताओं के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए थे।

**आईएसआई के दो एजेंट गिरफ्तार**

पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के दो एजेंट को अमृतसर में गिरफ्तार किया है। दोनों 17 साल से पाकिस्तान को अपने देश की संवेदनशील जानकारी मुहैया करा रहे थे। इनका मुख्य ठिकाना अमृतसर रेलवे स्टेशन रहा। स्टेट स्पेशल आपरेशन सेल ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया है। दोनों लंबे समय से अमृतसर रेलवे स्टेशन के बाहर सोडा वाटर बेच रहे थे। गिरफ्तार दोनों एजेंट की पहचान कोलकाता के बेनियापुकर गांव के ओस्टागारलेन में रहने वाले जफर रियाज और बिहार के मधुबनी जिला के भेजा गांव के शमशाद के रूप में हुई है। दोनों के पास से अमृतसर एयरफोर्स और इंडियन आर्मी की तस्वीरें और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

**लश्कर के चार आतंकी दबोचे**

बारामुला में शराब की दुकान पर ग्रेनेड हमला करने वाले चार आतंकियों सहित उनके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पांच पिस्तौल, 12 ग्रेनेड और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। इन आतंकवादियों ने मंगलवार शाम को बारामुला में शराब की दुकान पर ग्रेनेड हमला किया था। इस हमले में दुकान में काम करने वाले चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाद में राजौरी के एक घायल रंजीत सिंह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था जबकि अन्य तीन का इलाज अभी अस्पताल में चल रहा है।




## संक्षिप्त खबरें

### अधिकारियों द्वारा चार पंचायतों को किया गया जांच

मधुबनी ।जिले के अंधराठाढ़ी प्रखंड के चार पंचायत में अधिकारियों के द्वारा विभिन्न योजनाओं का जांच किया गया।एसडीओ फुलपरास अभिषेक कुमार ननौर पंचायत को जांच किए।वही अंधराठाढ़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी गोनौली, गंगद्वार तथा अंधराठाढ़ी अंचलाधिकारी रखबाड़ी पहुंचकर नल जल योजना, जन वितरण प्रणाली, मनरेगा कार्य, विद्यालय में पठन-पाठन, एवं शिक्षक की उपस्थिति, स्वास्थ्य विभाग आदि योजनाओं का जांच की।वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामनाथ कुमार ने बताया कि विद्यालयों में गुणवत्ता नहीं दिखी, साथ में जो भी नल जल योजनाओं का जांच किया गया।जहां पर नल जल योजना से पेयजल की आपूर्ति बंद पाया गया।इससे संबंधित तकनीकी सहायक को आदेश दिया गया कि जल्द से जल्द नल जल योजनाओं को चालू करें, ताकि सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल का लाभ मिले।वही अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार बत्स ने कहा कि जिन योजनाओं का जांच किया गया है।उसका रिपोर्ट जिला को भेजा जाएगा।

### पंचायतों में कई विकासात्मक योजना के सुचारू संचालन करवाने हेतु हुई बैठक

मधुबनी ।जिले के बेनीपट्टी प्रखंड कार्यालय स्थित मेघदूतम के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० रवि रंजन की अध्यक्षता में कनीय अभियंता, लेखापाल, पंचायत सचिव और कार्यपालक सहायकों की बैठक की गई, जिसमें पंचायतों में बंद पड़े नल जल योजना को सुचारू संचालन सुनिश्चित किये जाने, वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को प्रभार दिलाने व पेंशन से संबंधित केवाईसी अपडेट करने, नियमित रूप से आरटीपीएस काउंटर संचालित करने और ससमय प्रतिवेदन भेजने, जीवन प्रमाणीकरण, कन्या विवाह, 15वीं और षष्ठम वित आयोग सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी।इस दौरान बीडीओ ने कहा कि आप सभी हर हाल में जल्द से जल्द वार्ड प्रबंधन समिति को प्रभार दिलाना सुनिश्चित करें, ताकि वार्डो का विकास कार्य बाधित नही हो पाये और बंद पड़े नल योजना को सुचारू कराना सुनिश्चित करें, नही तो वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# एससी एसटी अत्याचार निवारण अंतर्गत गठित सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

## 61 पीड़ितों के बैंक खाते में 4042500.00 रुपए तथा 11 पेंशनधारियों के बैंक खाते में 157500.00 रुपए का किया गया अंतरण

**बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता**



**बैठक**

- 11 पेंशनधारियों को पेंशन राशि का भुगतान, 15 लाभुकों को यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, भरण पोषण व्यय एवं परिवहन भत्ता से किया लाभान्वित

जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत गठित जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।

इस बैठक में माननीय विधायक, विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य सदस्यगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत दर्ज मामलों का त्वरित गति से निष्पादन कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके अंतर्गत पीड़ित परिवारों/व्यक्तियों को दी जाने वाली पेंशन राशि, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, भरण-पोषण व्यय, परिवहन भत्ता सहित मुआवजा राशि का ससमय भुगतान कराना सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने निदेश दिया कि नोडल पदाधिकारी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम प्रतिदिन दर्ज कांडों की समीक्षा करेंगे तथा प्रतिवेदन संकलित करते हुए विभाग को ससमय उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि अनुमंडल स्तर पर गठित अनुमंडल स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक निर्धारित रोस्टर के अनुरूप अनिवार्य रूप से कराया सुनिश्चित किया जाय। समीक्षा के क्रम में जिला कल्याण पपदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में पीएफएमएस एवं सीएफएमएस पर कुल-5120000.00 रुपए आवंटन प्राप्त हुआ है। पीएफएमएस पर प्राप्त आवंटन से दिनांक-18.05.2022 तक 61 पीड़ित/पीड़िताओं के बैंक खाते में 4042500.00 रुपए तथा 11 पेंशनधारियों (मृतक के आश्रित) के बैंक खाते में माह जनवरी 22 से अप्रैल 22 तक का पेंशन 157500.00 रुपए अंतरण किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में कुल सात पेंशनधारियों को ही हत्या के मामले में पेंशन का भुगतान किया जा रहा था, चार नये हत्या के मामले में उनके आश्रितों को अनुमंडल पदाधिकारी के स्वीकृति के उपरांत माह अप्रैल 2022 से पेंशन की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 (1989 का 33) की धारा 23 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों एवं नियम 1995 के नियम 11 के तहत अत्याचार से पीड़ित व्यक्ति, उसके आश्रितों तथा साक्षियों को यात्रा भता, दैनिक भता, भरण पोषण व्यय और परिवहन सुविधाएं देने हेतु प्रावधानित है।उक्त के तहत कुल-15 लाभुकों को यात्रा भता, दैनिक भता, भरण पोषण व्यय एवं परिवहन भता से लाभान्वित किया गया है। मुआवजा प्रस्ताव की समीक्षा के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक-01.01.2022 से प्रथम बैठक तक पुलिस अधीक्षक, बेतिया/बगहा से कुल 65 मुआवजा प्रस्ताव भुगतान हेतु अनुशंसा के साथ प्राप्त हुआ है, जिसे स्वीकृति हेतु अनुमंडल पदाधिकारी के यहां भेजा गया था। अनुमंडल पदाधिकारी के यहां से स्वीकृति के पश्चात 61 पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध करा दी गयी है तथा शेष 04 प्रक्रियाधीन है। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार अधिनियम के कार्यान्वयन के अनुश्रवण हेतु एनआइसी के द्वारा विकसित पोर्टल के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण कराया गया है। उक्त पोर्टल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत दर्ज मामलों एवं भुगतान से संबंधित पूर्ण विवरणी उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निदेश दिया कि उक्त पोर्टल पर अपडेशन कार्य अद्यतन रखा जाय। साथ ही दर्ज मामलों एवं भुगतान का लगातार अनुश्रवण किया जाय।

### नाबालिक युवतियों के साथ आर्केस्ट्रा संचालन करने वाले संचालक अब जाएंगे जेल

**मझौलिया** । मझौलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों व गली मोहले के समीप अबैध रूप से आर्केस्ट्रा संचालन करने वालो के बिरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी चला रही है । गैर लाइसेंसी आर्केस्ट्रा संचालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करेगी। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों गली मोहल्ले के समीप आर्केस्ट्रा संचालकों को अश्लील व्यवहार से समाज पर असर पड़ रहा है। तथा नाबालिक लड़कियों से देह व्यापार का भी शिकायत मिल रही है। यहां तक उन्हें यातना देने और मारपीट करने की भी शिकायत मिल रही है। इसको लेकर गंभीरता से विभिन्न चौक चौराहों एवं ग्रामीण इलाकों के गली मोहल्ले स्थित आर्केस्ट्रा संचालकों के विरूद्ध पुलिस टीम बनाकर छापेमारी अभियान चलाएगी। बिना लाइसेंस के अबैध आर्केस्ट्रा संचालक धड़ल्ले से थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों पर खुल रहे हैं। समाज के मुख्यधारा से जोड़ने की पुलिस को पूर्ण रूप से सहयोग करें। किसी तरह की शिकायत मिलती है तो इसकी सूचना थाना के मोबाइल नंबर9431822386 पर जरूर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा ।

# मॉल में छूट की घोषणा सुन टूट पड़ी भीड़, मची अफरा तफरी

**जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**



जहानाबाद शहर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक निजी मॉल ने भारी छूट की घोषणा कर दी। जैसे ही शहरवासी को इस बात का पता चला उस मॉल में सभी सामानो पर भारी छूट दी जा रही है। भीड़ टूट पड़ा। एकाएक एक मॉल में अत्यधिक भीड़ देखकर पुलिस प्रशासन भी हैरत में पड़ गया । और जब उस मॉल के समीप पुलिस पहुंची तो देखा कि मॉल में जाने के लिए लोग आपाधापी कर रहे हैं।लेकिन मॉल संचालक द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं किया गया था। कुव्यवस्था आलम जा रहा की भीषण गर्मी के चलते कई महिलाएं मूर्छित होकर गिर पड़ी आसपास के लोग मूर्छित महिलाओं को पानी पिलाकर होश में लाया गया।लेकिन जिस तरह से शहर में एक मॉल के संचालक द्वारा अफरा तफरी का माहौल काम किया है।इससे तो ही प्रतीत होता है कि थोड़े से फायदे के लिए मॉल संचालक लोगों के जान के खतरे से खेल रहे हैं।लेकिन जिस तरह से छूट के नाम पर भीड़ इकट्ठे हुए हैं। सभी लोग अचंभित हो रहे हैं। भीड़ के देखने से लगता है कि पूरा शहर ही मॉल में खरीदारी करने के लिए उमड़ पड़ा है। लोग अपनी जान की परवाह किए बिना ही छूट पाने के लिए विवश दिख रहे थे। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचकर माल संचालक को फटकार लगाते हुए कहां की पूरे शहर में अफरा तफरी का माहौल कायम करने की इजाजत किसने दे दी है ।भीड़ नियंत्रण करने की व्यवस्था किए बिना ही आपने इतनी बड़ी छूट की घोषणा कैसे कर दी। लेकिन जिस तरह से गया पटना सड़क पर एक मॉल में इतनी अधिक भीड़ देखकर सभी लोग अचंभित दिख रहे थे ।

# मुजफ्फरपुरः मातृ-शिशु स्वास्थ्य से सम्बंधित 'मा ऐप' का शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर, प्रात : किरण संवाददाता**




मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ मिशन कार्यक्रम के तहत आज जिले मे मातृ- शिशु स्वास्थ्य से सम्बंधित मा ऐप का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण मे तत्काल इसे मडवन प्रखंड से शुरूआत की गई है। इस ऐप के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि मातृ- शिशु मृत्युदर को कम करना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य लक्ष्य है।

इसके लिए वैसी सभी गर्भवती माताओं को निरंतर चिह्नित करना एवं प्रसव पूर्व सभी चार तरह की जांच की सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है। साथ ही जांच के क्रम मे उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं की पहचान एवं उससे सम्बंधित नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है ताकि सेवाओं के साथ साथ संस्थागत प्रसव कराया जा सके। अबतक विभिन्न कार्यक्रमों एवं आरोग्य दिवस के माध्यम से गर्भवती माताओं को चिह्नित तो किया जाता रहा है लेकिन आंकडों का संधारण एवं विभिन्न स्तरों पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने मे कई तरह की बाधाएं उत्पन्न होती रही हैं।

इसके लिए इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने के लिए मातृ- शिशु स्वास्थ्य से सम्बंधित आज से मा ऐप की शुरूआत की गई है।पहले चरण मे इसे मडवन प्रखंड के सभी एएनएम एवं आशा कार्यकताओं के लिए प्रारम्भ किया गया है। इस एप का उद्देश्य सभी गर्भवती माताओं का पंजीकरण ,समयानुसार प्रसव पूर्व सभी चार तरह की जांच एवं उच्च जोखिम वाले माताओं की पहचान करना एवं समय - समय पर उन्हें सम्बंधित सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है।इसके अतिरिक्त शिशु जन्म के उपरांत प्रतिरक्षण के बारे मे भी जानकारी दी जा सकेगी। इस अवसर पर ऐप की शुरूआत करते हुए जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने कहा कि बिहार मे मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ मिशन कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया हैः इसी क्रम मे मुजफ्फरपुर मे आज इसकी शुरूआत की गई है।

इससे मातृ- शिशु स्वास्थ्य सेवा और अधिक सुद्दढ होगी। उन्होने कहा कि इस ऐप के माध्यम से सभी गर्भवती माताओं को समयानुरूप सेवा एवं शिशु के प्रतिरक्षण की जानकारी मिल सकेगी। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त ,सिविलसर्जन ,आपदा प्रबंधन विभाग के अपर समाहर्ता , जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी , जिला कार्यक्रम प्रबंधक , जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी एवं मडवन प्रखंड के सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# बाढ़ से बचाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**गारघाट , प्रात : किरण संवाददाता**



अंचलाधिकारी राघवेन्द्र राघवन और प्रखंड प्रमुख श्रवण कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड के बीआरसी भवन में बाढ़ आपदा से बचाव की तैयारियों को लेकर बैठक की गयी। बैठक में मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सीओ ने बाढ़ आपदा से जनहानि, पशु हानि एवं फसल क्षति की बचाव पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में सबसे पहले जनप्रतिनिधियों ने कहां कि बाढ़ के समय पांच पंचायतों में बिजली की वयवस्था ठप हो जाती है। बाढ़ के समय पांच पंचायतों के में जगह जगह सड़के टूट गयी जिसका मरम्मत आज तक नहीं हुआ। बैठक में संभावित बाढ़ आपदा से बचाव के लिए उपाय बताए गये। सीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ पूर्व सहायता सूची बनाने एवं तैयारी को लेकर विशेष रूप से कई दिशा निर्देश दिए। वहीं सीओ ने बैठक में बताया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अनुग्रहित राशि का भुगतान करने में कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए पूर्व ही तैयारी करने को कहां।सदस्यों ने कहा कि बाढ़ से संबंधित बैठक में इस विभाग के सहायक एवं कनीय अभियंता का भाग नहीं लेना कार्य के प्रति उदासीनता है। विभागीय अभियंता के नहीं रहने से जर्जर तटबंध सहित अन्य मामलों पर चर्चा नहीं हो पाई। जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित पंचायतों में बाढ़ के समय नाव का परिचालन, कम्युनिटी किचेन के लिए चयनित ऊंचे स्थल, बुनियादी सुविधा यथा चापाकल एवं शौचालय, पशु चारा की समुचित व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के सफल क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं संचालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचायती राज विभाग एवं बि,हार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसीऊर्जा विभाग के द्वारा दिये गये संयुक्त आदेश से किया गया।

बिहार सरकार के महत्वकांक्षी योजना के तहत, सोलर स्ट्रीट लाइट ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में लगाया जाना है। संपूर्ण बिहार में कुल 15 लाख यूनिट सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की योजना है। इसे लिए पंचायती राज विभाग एवं ऊर्जा विभाग के संयुक्त प्रयास से क्रियान्वित किया जाना है। पंचायती राज विभाग के द्वारा वार्डों में लगाए गए विद्युत पोलों की सर्वे कर रिपोर्ट समर्पित कर दिया गया है। सोलर स्ट्रीट लाइट विद्युत पोलों पर Breda, ऊर्जा विभाग के द्वारा लगाया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी तकनीकी सहायक, ऊर्जा विभाग के सभी अभियंता, जिला पंचायत संसाधन केंद्र के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

# ट्रैफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड पूमरे के नाम पुरस्कृत होंगे 8 अधिकारी व कर्मचारी

**हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

- भुवनेश्वर में 28 मई को 67 वां राष्ट्रीय रेल पुरस्कार में रेलमंत्री करेंगे पुरस्कृत

भारतीय रेलवे में विशिष्ट सेवा के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए इस वर्ष 67 वां राष्ट्रीय रेल पुरस्कार का आयोजन 28 मई को पूर्व तटीय रेल मुख्यालय भुवनेश्वर में किया जाएगा। समारोह में केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव वर्ष 2021-22 में विशिष्ट सेवा के लिए भारतीय रेल के चयनित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करेंगे। इस पुरस्कार के लिए पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय एवं मंडलों में कार्यरत 1 अधिकारी एवं 7 कर्मचारियों सहित 8 रेलकर्मियों को चयनित किया गया है।

एक और गौरवमयी उपलब्धि के तहत ट्रेनों के सुचारू परिचालन और माल लदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समारोह में पूर्व मध्य रेल को ट्रैफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड प्रदान किया जाएगा। महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने इस उपलब्धि पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल के अधिकारी एवं कर्मचारी को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित रेलमंत्री पुरस्कार से सम्मानित होना पूर्व मध्य रेल के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे रेलकर्मियों की कर्त्तव्य निष्ठा और लगनशीलता के फलस्वरूप पूर्व मध्य रेल एक नई उंचाई की ओर अग्रसर है। विदित हो कि कोविड के दौरान पूर्व मध्य रेल ने मालगाड़ी, पार्सल स्पेशल और कोविड स्पेशल ट्रेनों का संचालन सुरक्षित और प्रभावी ढंग से किया। कोविड के बावजूद 2021-22 में पूर्व मध्य रेल ने 167 मिलियन टन माल लदान कर चौथा सबसे अधिक माल लदान करने वाला क्षेत्रीय रेल तथा इससे 19,328 करोड़ रुपये की आय के साथ तीसरा सबसे अधिक मालभाड़ा राजस्व अर्जित करने वाला क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल किया है। सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल ने वर्ष 2021-22 में 13.14 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया, जिससे 2520 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। माल ढुलाई वृद्धि में बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिनके प्रयासों से सड़क मार्ग से परिवहन किए जाने वाले स्टोन चिप्स, फ्लाई ऐश, रेडमड, बालू, पाल्ट्री फिड, क्लिंकर आदि नए सामानों को रेल परिवहन से जोड़ते हुए 3951 रेकों की ढुलाई की गई। भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय रेल पुरस्कार-2022 में पुरस्कृत होने वालों में पूर्व मध्य रेल के मंडल परिचालन प्रबंधक धनबाद केशव आनंद, धनबाद मंडल में ट्रैक मेंटेनर अवनिश भारती, बैजू कुमार साह एवं विजय कुमार तथा लोको पायलट उदय नारायण एवं गुड्डू कुमार यादव शामिल हैं। समस्तीपुर मंडल में लोको पायलट संजय कुमार गुप्ता, मुख्यालय हाजीपुर में यातायात निरीक्षक राकेश रंजन राष्ट्रीय रेल पुरस्कार में सम्मानित किए जाएंगे।

# दो देसी बंदूक,कारतूस व एक खोखा के साथ दो गिरफ्तार



**जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**

कड़ौना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की माने तो पूरा मामला कड़ौना ओपी क्षेत्र के कनौदी का है। जहां जमीन के पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर नाना-नाती आमने सामने आ गए। पुलिस के द्वारा दो देसी बंदूक,तीन कारतूस और एक खोखा के साथ नाना नाती दोनों को गिरफ्तार किया गया है। कड़ौना ओपी की पुलिस ने कनौदी गांव में छापेमारी के दौरान यह सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार लोगों में से एक दीपक कुमार जो कि पेशे से शिक्षक है उसका आपराधिक इतिहास भी रहा है। एक साल पहले एक ढाबे पर गोली चलाने के आरोप में पुलिस को दीपक की तलाश थी। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई। जिसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। हाल के दिनों में जहानाबाद पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है एक दिन पहले ही शादी के दौरान फायरिंग के आरोपियों में दो की गिरफ्तारी हुई थी और फिर 1 दिन बाद ही इन दोनों की गिरफ्तारी से अपराधियों में डर का माहौल है।

### बैठक में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश

**मधुबनी**। जिले के खजौली स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार में कार्यपालक पदाधिकारी सह बीपीआरओ भारत भूषण गुप्ता की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, लेखापाल एवं पंचायत कार्यपालक सहायकों की एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड के सभी वार्डों में शत प्रतिशत परिवारों को नल का जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु वार्डवार इसकी समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत वार्ड के सभी लोगों के घरों तक नल का जल की आपूर्ति करने हेतु तत्काल प्रभावी व आवश्यक करवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी तकनीकी सहायकों को प्रतिदिन पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव के साथ उपस्थित रहकर प्रभाबी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। वहीं पंचायत कार्यपालक सहायकों एवं लेखापालों के कार्यो की समीक्षा जे कर्म में निश्चय सॉफ्ट पर अपडेट डाटा इंट्री नही किये जाने तथा नीर निश्चय पोर्टल पर लाभुको की इंट्री नगण्य रहने पर खेद प्रकट करते हुए तीन दिनों के अंदर निश्चय सॉफ्ट को अपडेट करने का निदेश दिया गया।

# हाट-बाजार, चौक-चौराहे व जिले के इंट्री प्वाइंट पर ब्रेथ एनलाइजर से होगी शराब पीने की सघन जांच :पाठक

**हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**




- मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने की समीक्षा बैठक

जिले में शराबबंदी अभियान को गति देने के लिए शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के सभी हाट-बाजार, बड़े चौक-चौराहे और जिले के इंट्री प्वाइंट पर ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से सघन जांच कराई जाएगी। इसके लिए

अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाई जाएगी तथा सभी चिन्हित संवेदनशील स्थलों और टोले के आसपास भी इसका नियमित प्रयोग किया जाएगा। यह निर्देश मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने स्थानीय समाहरणालय सभागार में तिरहुत प्रमंडल आयुक्त मनीष कुमार, जिलाधिकारी यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक मनीष सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए दी। बैठक के दौरान जिले में मद्य निषेध को प्रभावी बनाने के लिए मद्य निषेध विभाग एवं पुलिस विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। समीक्षा के क्रम पाया गया कि ड्रोन के उपयोग के बाद ग्रामीण क्षेत्रों सहित दियारा इलाकों में देशी शराब अथवा चुलाई शराब में काफी कमी आई है। परंतु बड़ी मात्रा में विदेशी शराब का मिलना अभी भी समस्या बनी हुई है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इसका मतलब है कि यहां इसके सेवन करने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें निश्चित रूप से पकड़ना होगा। इसके लिए सघन अभियान चलाया जाए। नई नियमावली में पहली बार पकड़ में आने पर पीने वालों को 2 हजार से 5 हजार तक आर्थिक दंड लगाकर छोड़ने का प्रविधान किया गया है,

बशर्ते कि वह अपनी पहचान एवं मोबाइल नंबर सही-सही बताए। अगर उनके शराब पीने के बाद हंगामा, मारपीट, छेड़खानी, हुड़दंग जैसा कृत्य किया गया हो तो उन्हें जेल में डालने की भी कार्रवाई करें। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट कहा कि इन पीने वालों के सहारे पिलाने वालों और आपूर्तिकर्ता तक पहुंचने का प्रयास किया जाए। पीने और पिलाने वालों का चेन तोड़ना ही होगा तभी इसमें सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जो बड़े मामले हैं, उसको स्वयं पुलिस अधीक्षक भी देखें। इस अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि शादी समारोह या अन्य समारोहों के दौरान हर्ष फायरिंग से संबंधित वायरल वीडियो की जांच कराई जाए एवं मामलों की जांच कर समुचित कार्रवाई की जाए। यहां पर यह भी देखा जाए कि इस दौरान शराब का सेवन या शराब की पार्टी भी की गयी है या नहीं। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में माहवार छापेमारी, गिरफ्तारी, शराब की जब्ती, वाहनों की जब्ती, शराब का विनष्टीकरण, जब्त वाहनों की निलामी, संवेदनशील जगहों पर छापेमारी, दर्ज मामलों में अनुसंधान की स्थिति तथा ट्रायल आदि की समीक्षा की। माहवार छापेमारी की समीक्षा में पाया गया कि मद्य निषेध विभाग ने मई माह में अभी तक 380 एवं पुलिस विभाग ने 208 सहित कुल 596 छापेमारी किया है। जिसमें मद्य निषेध विभाग ने 40 एवं पुलिस ने 148 सहित कुल 188 लोगों को गिरफ्तार किया है। कुल 2749 लीटर देशी तथा 28,832 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। इसी तरह मई माह में अभी तक 14 गाड़ियां पकड़ी गई है। मद्य निषेध विभाग ने मई माह में 15 मई तक कुल 1125 लोगों का ब्रेथ एनलाइजर से जांच किया, जिसमें 20 लोग पाजीटिव पाए गए जबकि 15 मई तक पुलिस विभाग के 64 लोगों की जांच में 44 लोग पाजीटिव पाए गए हैं। पीने वालों की निशानदेही पर जिले में पहली अप्रैल से 15 मई तक कुल 161 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 125 लोगों को पेनाल्टी पर रिहा किया गया और 36 लोगों को जेल भेजा गया। जब्त शराब के विनष्टीकरण के संबंध में बताया गया कि 53,898 लीटर शराब का विनष्टीकरण किया जाना है, जिसके लिए जिलाधिकारी के स्तर से आदेश निर्गत कर दिया गया है।

# डब्ल्यूएचओ की ओर से कार्यशाला आयोजित

**भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



- जेएलएनएमसीएच के औषधि विभाग में डब्ल्यूएचओ ने कराया आयोजन
- अस्पताल अधीक्षक समेत कई वरिष्ठ डॉक्टरों ने कार्यशाला में लिया भाग

जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) के औषधि विभाग में गुरुवार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एएफपी, खसरा एवं रूबेला रोग के बारे में बताया गया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. असीम कुमार दास, डॉ. विनय कुमार, डॉ. अभिलेष कुमार, डॉ. हेमशंकर शर्मा और डॉ. राजकमल चौधरी एवं डब्ल्यूएचओ के डॉ. आशीष टिग्गा एवं डॉ. सौमाल्या घोष ने कार्यशाला में मौजूद सीनियर और जूनियर रेजिडेंट और इंटर्न को खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, प्रटुसिस एवं नवजात टेटनस के संबंधित केस को तत्काल रिपोर्ट कर उसकी जांच करने के लिए बताया।

एकाएक लुंजपुंज लकवा को ऐसे पहचानें- कार्यशाला में बताया गया कि अगर पिछले छह माह के दौरान 15 वर्ष तक बच्चे में अचानक शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी अथवा किसी भी उम्र के व्यक्ति में लकवा जिसमें पोलियो की आशंका हो तो उसकी तत्काल जांच कराएं। यह एकाएक लुंजपुंज लकवा हो सकता है। खसरा-रूबेला के ये हैं लक्षण- किसी भी उम्र के व्यक्ति को बुखार के साथ लाल दाना हो अथवा कोई भी व्यक्ति जिसमें एक चिकित्सक खसरा-रूबेला संक्रमण का संदेह करता है, उसकी तत्काल जांच कराएं। मरीज की जांच करते वक्त इन बातों का ध्यान रखें। डिप्थेरिया की ऐसे करें पहचान- यदि किसी भी उम्र के व्यक्ति को बुखार, गले या टॉन्सिल में दर्द हो रहा हो लाल हो गया हो, खांसी के साथ आवाज भारी हो गई हो और टॉन्सिल या उसके आसपास सफेद ग्रे रंग की झिल्ली हो तो यह डिप्थेरिया हो सकता है। डॉक्टरों को इसकी जांच में देरी नहीं करनी चाहिए। काली खांसी को पहचानें- किसी भी उम्र का ऐसा व्यक्ति जिसे कम-से-कम दो सप्ताह से खांसी हो रही हो या फिर खांसी का लगातार होना, खाने के बाद सांस लेने की जोरदार आवाज होना, ये सब काली खांसी के लक्षण हैं। इसके अलावा खाने के तुरंत बाद उल्टी होना एवं अन्य स्पष्ट चिकित्सकीय कारण ना होना अथवा शिशुओं में खरार्टे के साथ किसी भी अवधि की खांसी होना देखते हैं तो उसकी जांच करा लेनी चाहिए। इसे कहते हैं नवजात टेटनेस ऐसा नवजात शिशु जो जन्म के दो दिन तक ठीक से मां का दूध पी रहा था एवं सामान्य रूप से रो रहा था। लेकिन तीसरे दिन से 28 दिन के बीच में मां का दूध पीना बंद कर दिया हो, शरीर अकड़ने लगा हो और झटके आने लगे हो तो नवजात को टेटनेस हो सकता है। अधीक्षक डॉ. असीम कुमार दास ने बताया कि फिजिशियन के पास हर तरह के केस आते हैं, इसलिए इन लक्षणों पर गौर करें और उसकी जांच कराकर इलाज करें।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में पेड़ों को गिराये जाने की अनुमति नहीं : अदालत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पेड़ गिराये जाने पर बृहस्पतिवार को रोक लगाते हुए कहा कि शहर में पारिस्थितिकीय और पर्यावरण क्षय को कम करने का और कोई तरीका नहीं है। पेड़ों के संरक्षण से संबंधित एक अवमानना मामले पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति नाजमी वजीरी ने कहा कि शहर में पिछले तीन साल में 29,000 पेड़ काटे गये। उन्होंने कहा, हमने पेड़ों को काटे जाने पर रोक लगा दी है। सुनवाई की अगली तारीख तक पेड़ों को नहीं गिराया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई के लिए दो जून की तारीख तय की गयी। उन्होंने कहा, पिछले तीन साल में कुल 29,946 पेड़ काटने की अनुमति दी गयी, जो गणना करने पर 27 पेड़ प्रतिदिन या 1.13 पेड़ प्रति घंटा है। अदालत ने कहा कि जिन पेड़ों को काटने की अनुमति दी गयी उनके घेरे और आयु को लेकर कोई रिकॉर्ड नहीं है। उसने कहा, इसलिए यह जनहित में और वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण के हित में होगा कि सुनवाई की अगली तारीख तक दिल्ली में पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं दी जाए और सुनिश्चित किया जाए कि पेड़ों को तभी गिराया जाए, जब आवेदक उसे कम से कम दूसरी जगह लगाने का आश्वासन दे। निश्चित रूप से शहर के पारिस्थितिकीय और पर्यावरण क्षय को कम करने का और कोई मार्ग नहीं है।

### उत्तरी दिल्ली के वन क्षेत्र में लगी आग, दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में मजनू का टीला इलाके के पास वन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग को दोपहर दो बजकर 42 मिनट पर घटना की जानकारी मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां आग बुझाने का काम कर रही हैं।

### नियमितकरण के लिए उपराज्यपाल को पत्र लिखा


नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्चारियों को पिछले तीन माह से वेतन न मिलने तथा गत छ माह से सेवा निवृत्त कर्मचारियों को पैशन न मिलने तथा वर्ष 2004 से स्थाई माने गए सफाई कर्मचारियों को वेतन निर्धारित कर बकाया एरियर देने आदि के लिए पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय मजदूर काँग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरसिंह धिंगान ने उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल को पत्र भेजकर कर्मचारियों व सेवा निवृत्त की पैशन अविलम्ब भुगतान कराने की मांग की है। धिंगान ने भाजपा व आप पर सफाई कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाते हुए धिंगान ने कहा की वर्ष 2004 से स्थाई माने गए सफाई कर्मचारियों को निगम द्वारा 2013 से स्थाई मानने की शामिल रची जा रही है। जो की कर्मचारियों के साथ अन्याय है। धिगान ने चेतावनी दी है की यदि ऐसा किया गया तो दिल्ली में काम बंद हडताल की जाएगी। जिसके लिए केजरीवाल सरकार व भाजपा का निगम प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार होगे।

### दिल्लीवासियों को अगले पांच दिनों तक मिलेंगी लू से राहत

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में गुरुवार का मौसम साफ है और अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 56 फीसदी रही। मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण 25 मई तक लू चलने के कोई आसार नहीं है और इस दौरान अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। विभाग के मुताबिक शुक्रवार, शनिवार और रविवार को धूल भरी आंधी के साथ-साथ गरज के साथ छींटे पड़ने की आशंका व्यक्त की गई है। विभाग ने शहर में इस दौरान बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने का भी अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 24 मई को अधिकतम तापमान गिरकर 39 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस बीच दिल्ली के कई हिस्सों में बुधवार तड़के बारिश हो सकती है। इस बीच कल आया नगर में मौसम वेधशाला ने 5.1 मिमी बारिश दर्ज की, जबकि जाफरपुर के मौसम केंद्र ने साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच 001.0 मिमी बारिश दर्ज की।

# जितना संभव हो सकेगा, हम दिल्ली के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करेंगे : बैरी ओ. फैरेल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**जानकारी**

- हम एक-दूसरे के अच्छे कामों से सीखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के किसी एक शहर के साथ ट्वीन सिटी एग्रीमेंट भी कर सकते हैं: केजरीवाल
- सीएम केजरीवाल से भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल और लक्जमबर्ग की राजदूत पेगी फ्रैंटजेन ने की मुलाकात

भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल और लक्जमबर्ग की राजदूत पेगी फ्रैंटजेन ने आज दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त से कहा कि हम एक-दूसरे के अच्छे कामों से सीखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के किसी एक शहर के साथ ट्वीन सिटी एग्रीमेंट भी कर सकते हैं।

हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली की सड़कें विश्वस्तरीय मानदंडों को पूरा करती हुई साफ-सुथरी और खूबसूरत दिखें। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को और बेहतर बनाने के लिए हम ऑस्ट्रेलिया के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श करने के इच्छुक हैं। इस पर उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल ने कहा कि जितना संभव हो सकेगा, हम दिल्ली के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करेंगे। वहीं, सीएम अरविंद केजरीवाल ने लक्जमबर्ग की राजदूत पेगी फ्रैंटजेन से कहा कि दिल्ली और लक्जमबर्ग समान हित के क्षेत्रों में ज्ञान का आदान-प्रदान कर अपने संबंध और मजबूत कर सकते हैं। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली और लग्जमबर्ग एक-दूसरे का सहयोग कर पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर सकते हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल और लक्जमबर्ग की राजदूत पेगी फ्रैंटजेन से दिल्ली सचिवालय में अलग-अलग मुलाकात की और बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल और राजदूत पेगी फ्रैंटजेन ने सीएम अरविंद केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा पिछले सात वर्षों में दिल्ली में किए गए जनहित के ऐतिहासिक कार्यों के लिए उन्हें बधाई दी। दोनों नेताओं ने विशेषकर, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए क्रांतिकारी कार्यों के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल की जमकर सराहना की और कहा कि दिल्ली सरकार अपनी नीतियों से दिल्ली को विश्व का सिरमौर बनाने की क्षमता रखती है। दोनों नेताओं ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने की पेशकश की। इस बैठक में सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने आज सुबह करीब 11 बजे ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल दिल्ली सचिवालय पहुंचे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की। जिसमें दिल्ली और ऑस्ट्रेलिया के बीच विचारों के आदान-प्रदान को बल दिया गया।

इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहले से ही, दिल्ली सरकार और ऑस्ट्रेलिया कई क्षेत्रों में एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रही हैं। खासकर, पानी और शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करना बहुत लाभकारी साबित हुआ है। दिल्ली सरकार इन क्षेत्रों को और मजबूती देने को इच्छुक है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि हम दोनों सरकारों के बीच नए क्षेत्रों में ज्ञान के आदान-प्रदान की संभावनाओं को भी तलाशना चाहते हैं। मसलन, वोकेशनल प्रोग्राम एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें दिल्ली सरकार ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर काम करने की इच्छुक है। साथ ही, हम एक-दूसरे के अच्छे कामों से सीखने के लिए एक-दूसरे के शहरों का दौरा भी कर सकते हैं और ऑस्ट्रेलिया के किसी एक शहर के साथ ट्वीन सिटी एग्रीमेंट भी कर सकते हैं। हमने पहले से ही दुनिया के कई देशों की राजधानी वाले शहर के साथ ट्वीन सिटी एग्रीमेंट किए हैं और ऑस्ट्रेलिया के साथ भी कुछ ऐसा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली की जनता को विकसित देशों की तरह विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर देने पर काम कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली की सड़कें विश्वस्तरीय मानदंडों को पूरा करती हुई साफ-सुथरी और खूबसूरत दिखें। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर हम ऑस्ट्रेलिया के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श करने और ऑस्ट्रेलिया के बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर से सीखने के इच्छुक हैं। इस दौरान दोनों ने प्रदूषण के मसले पर भी विचार-विमर्श किया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर संभव हो तो दिल्ली सरकार भी ऑस्ट्रेलिया के साथ प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में मिलकर करना चाहेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल ने कहा कि ज्ञान के आदान-प्रदान से विभिन्न क्षेत्रों में दोनों को फायदा मिल सकता है। हम जितना संभव हो सकेगा, दिल्ली के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर सीएम अरविंद केजरीवाल और ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त के बीच हुई बैठक की जानकारी साझा करते हुए कहा, भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त माननीय बैरी ओ. फैरेल ने आज दिल्ली सचिवालय आकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की।

ऑस्ट्रेलिया और दिल्ली दोनों स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को और बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ. फैरेल के बाद भारत में लक्जमबर्ग की राजदूत पेगी फ्रैंटजेन भी दोपहर करीब 12 बजे सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने दिल्ली सचिवालय पहुंची थीं।

## शिवलिंग पर पोस्ट कर फंसे DU प्रोफेसर रतन लाल, कभी भी हो सकती है गिरफ्तारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**मामला**

- दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मामला गैर जमानती धाराओं में दर्ज हुआ ह

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग के दावों पर बवाल जारी है। ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग के दावों को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणियों की बाढ़ आ गई है। इसी बीच दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. रतन लाल के खिलाफ शिवलिंग को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज हुआ है और उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रतन लाल के फेसबुक पर ज्ञानवापी मस्जिद में मिले शिवलिंग को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मामला गैर जमानती धाराओं में दर्ज हुआ है। ऐसे में जांच में अगर तथ्य मिलते हैं तो पुलिस प्रोफेसर रतन लाल को किसी भी वक्त गिरफ्तार कर सकती है। दरअसल, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. रतनलाल के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने रतनलाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि डॉ. रतनलाल ने शिवलिंग पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत दिया है, इस वजह से उनके खिलाफ धर्मिक भावनाओं को आहत करने की शिकायत दर्ज हुई थी।

ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग मिलने के दावों को लेकर विवाद जारी है। हिंदू पक्ष जहां मस्जिद में सर्वे के दौरान शिवलिंग मिलने का दावा कर रहा है, वहीं मुस्लिम पक्ष इन दावों को इनकार कर रहा है। गौरतलब है कि वाराणसी की एक स्थानीय अदालत के आदेश पर ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर किए गए सर्वे का काम सोमवार को समाप्त हुआ।

हिन्दू पक्ष का दावा है कि मस्जिद के वजू खाने में शिवलिंग मिला है। इसके बाद अदालत ने जिला प्रशासन को कथित शिवलिंग तथा उसके पाए जाने के स्थान को सील करके वहां किसी के भी जाने पर पाबंदी लगा दी है। हालांकि मुस्लिम पक्ष शिवलिंग मिलने के दावे को गलत ठहरा रहा है। उसका कहना है कि मुगल काल की मस्जिदों में वजू खाने के अंदर फव्वारा लगाए जाने की परंपरा रही है। उसी का एक पत्थर सर्वे में मिला है, जिसे शिवलिंग बताया जा रहा है। फिलहाल मामला कोर्ट में चला गया है।

## रियल टाइम वास्तविक डाटा की पहली सुपर साइट पंडारा में बनाने की योजना : गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



**निर्देश**

- केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण की रियल टाइम वास्तविक डाटा की कार्य परियोजना की गति तेज करने के जारी किए निर्देश: गोपाल राय
- रियल टाइम वास्तविक डाटा की पहली सुपर साइट पंडारा में बनाने की योजना

दिल्ली में प्रदूषण पर अंकुश लगाने की गति को और तेज करने के लिए आज दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में डीपीसीसी, आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली और टेरी के विशेषज्ञ और अधिकारी मौजूद रहें रियल टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना की पहली सुपर साइट एसकेवी, पंडारा रोड में बनाई जा रही है।

दिल्ली में अगस्त में रियल टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना की सुपरसाइट और मोबाइल लैब का लांच किया जाएगा। समीक्षा बैठक के बारें में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि आज डीपीसीसी आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली, टेरी की टीमों के साथ रियल टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट अध्ययन और प्रदूषण पूवार्नुमान परियोजना को लेकर दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक की गई। इसमें आईआईटी कानपुर की टीम ने अवगत कराया कि दिल्ली में प्रदूषण के वास्तविक स्त्रोतों का पता लगाने के लिए सुपर साइट की स्थापना जल्द हो जाएगी। जिसके तहत एसकेवी ,पंडारा रोड में सुपर साइट का निर्माण किया जाएगा। सुपरसाइट 36 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाई जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली में अगस्त से प्रदूषण के रियल टाइम कारकों का पता लगेगा, जिससे प्रदूषण के उस सोर्स को नियंत्रित करने की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इस तरह की परियोजना से दिल्ली वायु प्रदूषण का वास्तविक समय स्त्रोत विभाजन करने वाला पहला शहर बनेगा। रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट परियोजना दिल्ली में किसी भी स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद करेगी। यह वाहन, धूल, बायोमास जलने, पराली जलाने और उद्योग उत्सर्जन जैसे विभिन्न प्रदूषण स्त्रोतों के वास्तविक समय के प्रभाव को समझने में मदद करेगी। इसके परिणामों के आधार पर दिल्ली सरकार प्रदूषण के स्त्रोतों पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठा सकेगी। इससे दिल्ली के प्रदूषण के विभिन्न कारकों की पहचान करने और उनको दूर करने में मदद मिलेगी।

प्रदूषण पूवार्नुमान प्राप्त होने से सरकार को निर्माण स्थल पर प्रतिबंध, वाहनों पर प्रतिबंध सहित अन्य नीतिगत निर्णय लेने में भी मदद मिलेगी।

### 6 साल की ब्रेन डेड बच्ची ने पेश की इंसानियत की मिसाल

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 6 साल की ब्रेन डेड बच्ची ने 5 लोगों की जान बचाकर एक नई मिसाल पेश की है। आपको बतादें कि एम्स में 6 साल की बच्ची रोली के माता-पिता ने उसका अंगदान कर 5 लोगों को नई जिंदगी दी है। जानकारी के मुताबिक, नोएडा में अज्ञात हमलावरों ने 27 अप्रैल को रोली को गोली मार दी थी, जिसमें रोली की हालत बहुत गंभीर हो गई थी। काफी कोशिशों के बाद भी डॉक्टर्स उसे ठीक नहीं कर पाए और आखिर में उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। एम्स के सिनिर न्यूरोसर्जन डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को रोली के माता-पिता उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टर्स ने कहा कि उसे गंभीर चोंटे लगी है और वह कोमा में चली गई है। इसके बाद उसे एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स के डॉक्टर्स ने रोली का हर तरह से इलाज किया लेकिन वह ठीक नहीं हुई और उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। डॉ दीपक गुप्ता ने रोली के माता-पिता से अंगदान करने को लेकर बात की।

## बिश्नोई के खटटर से मुलाकात के बाद राजनीतिक कयास तेज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा के कददावर नेता कुलदीप विश्नोई की प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर से मुलाकात के बाद राजनीतिक चचाएं काफी गर्म हो गई है। दरअसल, हरियाणा की नवगठित कांग्रेस इकाई में जगह नहीं मिल पाने से श्री विश्नोई नाराज बताए गए।

इसके बाद हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से गुरुग्राम में उन्होंने मुलाकात की। इसके बाद उनके अगले कदम को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पुत्र बिश्नोई (53) ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक मुद्दों पर खट्टर के साथ विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता के एक सहयोगी ने बताया कि बैठक बुधवार शाम को गुरुग्राम में हुई। बिश्नोई ने टवीटर पर लिखा कि उनके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आदमपुर में ग्राम पंचायत बहाली को लेकर चल रहे धरने एवं अन्य समस्याओं के निदान सहित अन्य राजनीतिक मुद्दों पर मुख्यमंत्री से विस्तृत और सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने टवीट किया कि मैं उनका आभारी हूं कि उन्होंने आदमपुर ग्राम पंचायत बहाली को लेकर मेरी बात मानते हुए मेरे सामने निर्देश दिए। खास तौर से राज्य इकाई में नई नियुक्तियों के बाद बिश्नोई ने अप्रैल में अपने समर्थकों से कहा था कि वह भी उनकी तरह नाराज हैं, लेकिन उनसे धैर्य रखने का आग्रह किया गया। कांग्रेस ने पिछले महीने पूर्व विधायक और भूपिंदर सिंह हुड्डा के वफादार उदय भान को कुमारी शैलजा की जगह राज्य इकाई का प्रमुख नियुक्त किया और इसके साथ ही चार कार्यकारी अध्यक्षों को भी नामित किया। खट्टर के साथ बिश्नोई की मुलाकात ने उनके अगले कदम के बारे में अटकलों को हवा दे दी। गौरतलब है कि कांग्रेस को हाल ही में नेताओं के पलायन का सामना करना पड़ रहा है। गुरूवार को पड़ोसी राज्य पंजाब में कांग्रेस को उस समय झटका लगा जब राज्य इकाई के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। वहीं कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने एक दिन पहले बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

आदमपुर से कांग्रेस विधायक और एक प्रमुख गैर-जाट चेहरा, बिश्नोई ने पार्टी को मजबूत करने के लिए जन आधार वाले युवा चेहरों को बढ़ावा देने के लिए लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया के पार्टी से बाहर होने को एक बड़ा झटका बताया था और कहा था कि देश भर में कई समर्पित नेता हैं जो अलग-थलग और असंतुष्ट महसूस करते हैं। कांग्रेस ने 2005 में मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार भजन लाल की अनदेखी करते हुए भूपिंदर सिंह हुड्डा को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया था।

## दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने आर.के. पुरम में किया दीवारों का सौंदर्यीकरण

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने सेलेक्ट सिटी वॉक साकेत के साथ मिलकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आर. के.पुरम सेक्टर 6 स्थित विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की बाहरी दीवारों का सौंदर्यीकरण किया। कार्यालय की बाहरी दीवारों के ऊपर प्रभु श्रीराम के जीवन वृतांत एवं अयोध्या स्थित श्री राममंदिर पर आधारित सुंदर भित्ति चित्र उकेरे गए हैं। इन भित्ति चित्रों के माध्यम से रामकथा का सुंदर वर्णन करने वाली इन दीवारों का उदघाटन आज दिनेश चंद्र (सदस्य सलाहकार मंडल वि. हि. प), दिल्ली प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री सिद्धार्थन द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद तुलसी जोशी सहित विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारीयों सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने श्रीमती तुलसी जोशी के अथक प्रयासों की खुले दिल से प्रशंसा की। तुलसी जोशी स्थानीय निगम पार्षद ने कहा कि निगम द्वारा उकेरे गए भित्ति चित्र नागरिकों को प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी एवं हनुमान जी के जीवन से त्याग एवं समर्पण के साथ अन्य उच्च जीवन मूल्यों की प्रेरणा देंगे। श्रीमती तुलसी जोशी ने कहा कि भविष्य में अन्य दीवारों पर भी विभिन्न सामाजिक संदेशों वाली चित्रकारी की जाएगी तथा रात को रोशनी में देखने के लिए इन पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने ढलाव घरों के सौंदर्यीकरण करने के क्रम में आर. के. पुरम स्थित ढलाव घर का सौंदर्यीकरण करते हुए वहां पर एक बुक बैंक का आरंभ भी किया। इस अवसर पर श्रीमती तुलसी जोशी ने कहा की पुस्तकें हमारी सच्ची साथी होती हैं तथा इस बुक बैंक के माध्यम से नागरिक इनका लाभ उठा कर ज्ञानार्जन कर सकेंगे।

## संतुलित जीवन के लिए योगाभ्यास जरूरी: राजनाथ

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



**उल्लेख**

- रक्षामंत्री ने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र आमसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य का उल्लेख किया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुखद और संतुलित जीवन के लिए योगाभ्यास जरूरी है। हर इंसान को इसे अपनाना चाहिए। वह आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के संदर्भ में यहां रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मिलित बोल रहे थे।

इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवायें) संजय मित्तल, रक्षा समपदा के महानिदेशक अजय कुमार शर्मा, रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और आम लोगों ने भी योगाभ्यास किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि युगों-युगों से चला आ रहा योग भारत की महानतम धरोहर है, जो लोगों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है और उन्हें स्वयं और प्रकृति से एकाकार करता है। उन्होंने कहा कि योग मन को अनुशासित करता है और उसे स्वस्थ बनाता है। वह कर्तव्यों के पालन में दक्षता लाता है। योग केवल किसी खास समय पर किया जाने वाला व्यायाम नहीं है, बल्कि उसके पीछे यह तर्क भी है कि इससे दक्षता व सजगता के साथ दैनिक कार्यों को पूरा करने की शक्ति व प्रेरणा मिलती है। योग हमारे विचारों, ज्ञान, दक्षता और समर्पण को मजबूत बनाता है। श्री सिंह ने योग को परिभाषित करते हुए कहा कि यह मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और अवसाद सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का निदान करने का मार्ग है, क्योंकि योग आंतरिक संघर्ष और तनाव से छुटकारा दिलाता है। उन्होंने कोविड-19 महामारी का सामना करने में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये योगासनों और प्राणायाम के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। रक्षामंत्री ने सितंबर 2014 में संयुक्त राष्ट्र आमसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य का उल्लेख किया, जब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि योग बिना किसी लागत के अच्छे स्वास्थ्य की जमानत है। रक्षा मंत्री ने इस बात की प्रशंसा की कि संयुक्त राष्ट्र आमसभा ने स्वास्थ्य और आरोग्य की आमूल परिकल्पना के तौर पर योग को मान्यता दी। उन्होंने कहा कि जब से संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया है, तब से ही सशस्त्र बल, भारतीय तट रक्षक, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और रक्षा मंत्रालय के सभी विभाग पूरे उत्साह के साथ इन समारोहों में हिस्सा लेते रहे हैं। इसके लिये श्री सिंह ने सभी बलों-विभागों की प्रशंसा की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने सुखद और संतुलित जीवन की अभिलाषा पूरी करने के लिये योगाभ्यास करें।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा निम्नलिखित तीन वर्ष के लिए पार्किंग साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल पर ई–बोली आमंत्रित की जाती है:–

| कार्य का नाम तथा उसका स्थान | दिल्ली मंडल के रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर तीन वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्थल का अनुबंध | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | ई–नीलामी लॉट संख्या | स्टेशन स्थान |
| 1. | Parking-DLI-FDB-FW-42-22-1 | फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर कार के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–1364.97 वर्ग मीटर) |
| 2. | Parking-DLI-DEE-FW-37-22-1 | दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर कार के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–1500 वर्ग मीटर) |
| 3. | Parking-DLI-GGN-FW-40-22-1 | गुड़गाँव रेलवे स्टेशन पर कार के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–689.83 वर्ग मीटर) |
| 4. | Parking-DLI-NDLS-TW-77-22-1 | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट साइड) पर साइकिल–स्कूटर के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–926.68 वर्ग मीटर) |
| 5. | Parking-DLI-KAT-TW-85-22-1 | खतौली रेलवे स्टेशन पर साइकिल–स्कूटर के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–525.09 वर्ग मीटर) |
| 6. | Parking-DLI-NDLS-MX-78-22-1 | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (पहाड़गंज साइड) पर साइकिल–स्कूटर–कार के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–3429.19 वर्ग मीटर) |
| 7. | Parking-DLI-DSA-MX-48-22-1 | कि.मी. 5/9-15 DSA-DLI पर साइकिल–स्कूटर–कार–बस–ट्रक–टेम्पो के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–1600 वर्ग मीटर) |
| 8. | Parking-DLI-SNP-MX-47-22-1 | सोनीपत रेलवे स्टेशन पर साइकिल–स्कूटर–कार के लिए पार्किंग स्थल (क्षेत्रफल–1942.05 वर्ग मीटर) 1st एंट्री |
| ई–नीलामी की तिथि एवं समय | दिनांक 31.05.2022 को 14:00 बजे से 15:50 बजे तक | |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ | |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएं | **आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:** **1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान। **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता **4.** आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। **5.** फण्ड का लियन मार्किंग। **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)। **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर ई पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। | |
| संबंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055, **Email: pkg.delhidivision@gmail.com** **Tel.:** 011-23743084 | |

सं.: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 18.05.2022 1177/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### इग्नू ने असाइनमेंट जमा करने की तिथि बढ़ाई

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जून 2022 सत्र के इग्नू टर्म एंड एग्जाम के असाइनमेंट जमा कराने की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। विद्यार्थी 31 मई 2022 तक असाइनमेंट जमा कराए जा सकते हैं। ज्ञात हो कि पहले असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई थी। इग्नू की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के मंजूरी से टर्म-एंड परीक्षा जून 2022 के लिए असाइनमेंट (हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी दोनों में) जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2022 तक बढ़ा दी गई है।

### जिला अदालतों को ई-मोड पर लाने की तैयारी

नई दिल्ली। करीब एक दशक पहले न्यायिक अधिकारियों ने वर्चुअल अदालत का सपना देखा था। इसके लिए तमाम तैयारियां की गई थीं। सबसे पहले कड़कड़डूमा अदालत में पहली ई-कोर्ट बनाई गई। हालांकि न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और वकीलों के ई-माध्यम से सुनवाई के अभयस्त न होने के कारण वर्चुअल अदालत का सपना अधर में लटक गया था। लेकिन कोविड काल ने इसमें रंग भर दिए। इस समय 30 फीसदी अदालतें ई-मोड से चल रही हैं, जिन्हें 50 फीसदी करने की तैयारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, काफी हद तक ई-कोर्ट की धारणा को साकार किया जा चुका है। छोटी-मोटी दिक्कतें हैं, इन्हें जल्द दूर कर लिया जाएगा। इसके बाद जिला अदालतों में 50 फीसदी काम वर्चुअल मोड से ही होगा।

### व्यावसायिक शिक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्र इंटर्नशिप कर सकेंगे

नई दिल्ली। सरकारी स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा की पढ़ाई करने वाले छात्र ग्रीष्मकालीन अवकाश में इंटर्नशिप कर सकेंगे। इसे लेकर शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र जारी किया है। कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। इससे छात्रों को अपने विषय से संबंधी कार्यों का अनुभव हो सकेगा। राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के तहत उच्च माध्यमिक स्तर पर व्यवसायिक शिक्षा की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए इंटर्नशिप अभिन्न हिस्सा है। छात्रों के लिए इंटर्नशिप की अवधि 80 घंटे तय की गई है। इसे लेकर स्कूल प्रमुखों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। इसके तहत इंटर्नशिप के लिए छात्र स्कूल ड्रेस पहनकर जाएंगे। स्कूल आईडी कार्ड जरूरी होगा। कार्यस्थल पर छात्रों की सुरक्षा भी जरूरी है।

### गढ़ी हरसरू से सराय रोहिल्ला के बीच ट्रेन

नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए 23 मई से गढ़ी हरसरू-फर्रुखनगर और दिल्लीअ सराय रोहिल्ला झफर्रुखनगर के बीच दैनिक अनारक्षित मेल, एक्सवप्रेस स्पोशल रेलगाड़ी चलाई जा रही है। यह ट्रेन रविवार को छोड़कर प्रतिदिन चलेगी। रास्ते में यह सुल्ताकनपुर कालियावास हॉल्टध, गढ़ी हरसरू, बसई धनकोट, गुरुग्राम, बिजवासन, शाहबाद मोहम्मसदपुर, पालम, दिल्ली कैंट और पटेल नगर स्टेबशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

# दिल्ली सरकार का किसानों से कामर्शियल बिजली और फिक्स चार्ज वसूलना शर्मनाक: आदेश गुप्ता

## केजरीवाल के झूठे और खोखले वायदों की सच्चाई दिल्लीवासी भी जान चुके हैं:प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




**जनसंपर्क**

- खुद दुकानदार बता रहे हैं कि दिल्ली में इन्वर्टर और जनरेटर की बिक्री में लगातार हो रही बढ़ोतरी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता पिछले पाँच दिनों से लगातार आम जनता के बीच जाकर केजरीवाल सरकार की नाकामियों और वायदों के पूरा ना करने की सच्चाई को पोल खोल अभियान के तहत उजागर कर रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत आज आदेश गुप्ता ने उत्तर पूर्व जिले के तिमारपुर और बुराड़ी विधानसभा में जनसंपर्क कर केजरीवाल की कमियों और खोखले वायदों को उजागर किया। लोगों के बीच जाकर श्री गुप्ता ने हैंड पम्पलेट के माध्यम से लोगों से सीधा संवाद कर मुख्य रूप से 10 मुद्दों पर केजरीवाल द्वारा बोले गए झूठ का पदार्फाश किया।

आदेश गुप्ता ने कहा कि अभी हाल ही में अरविंद केजरीवाल केरल में जाकर कह रहे हैं कि दिल्ली में हमने 24 घण्टे बिजली की ऐसी व्यवस्था की है कि अब बाजार से इन्वर्टर और जरनेटर की दुकाने बन्द हो चुकी है क्योंकि हमने मुफ्त बिजली देने का काम किया है। जबकि हकीकत यह है कि इन्वर्टर और जरनेटर की दुकानों पर पहले से ज्यादा बिक्री बढ़ी है जिसका खुलासा भी भाजपा नेताओं ने किया था। बिजली के नाम पर प्राइवेट कंपनियों से सांठगांठ कर लोगों को केजरीवाल सरकार लूटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों की बात करने वाली आम आदमी पार्टी महामारी के वक्त भी आम जन को नहीं छोड़ा। लॉक डाउन के दौरान जब सभी आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे, उस वक्त दुकानें बंद थी इसलिए बिजली की खपत 7409 मेगावाट रहीं लेकिन केजरीवाल सरकार ने 22876 मेगा वाट के फिक्स चार्ज के बिल वसूल किया था।

आदेश गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल के दौरान सभी राज्यों ने बिजली बिल माफ किये थे लेकिन केजरीवाल ऐसे पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने आर्थिक मार झेल रहे व्यापारियों से कोरोना काल के दौरान 935 करोड़ रुपये वसूल किये थे। इतना ही नहीं अन्य राज्य सरकारें किसानों को बिजली मुफ्त देती हैं लेकिन केजरीवाल किसानों से कामर्शियल बिजली और फिक्स चार्ज वसूल करते हैं। यह बेहद शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों में जाकर खुद को किसान हितैषी बताने का ढोंग करने वाले केजरीवाल को दिल्ली के किसानो की आवाज सुनाई तक नहीं देती। अपनी मांगों को लेकर लगातार 50 दिनों से अधिक समय तक सीएम आवास के बाहर बैठे किसानों से केजरीवाल के पास मिलने तक का समय नहीं था।

आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने वायदा किया था कि वह मुफ्त बिजली देंगे लेकिन आज उनका मुफ्त बिजली मॉडल पूरी तरह फेल हो गया है। खुद केजरीवाल कह चुके हैं कि अक्टूबर से बिजली शुल्क वसूले जाएंगे। सिर्फ उन्हें ही दिया जाएगा जिसको इसकी जरूरत होगी। श्री गुप्ता ने आरोप लगाया कि अब नई रणनीति में रोहिंग्या-बंग्लादेशीयों एवं आम आदमी पार्टी के संरक्षण में जी रहे आप कार्यकर्ताओं का ही केजरीवाल बिजली शुल्क माफ करने वाले हैं। मुफ्त बिजली का ढ़िढ़ोंरा केजरीवाल और उनके मंत्री दूसरे राज्यों तक पीट रहे हैं लेकिन झुग्गी में रहने वालों के घर पर हजारों रुपये के बिल आ रहे हैं।

आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार हर क्षेत्र चाहे वह शिक्षा हो, स्वस्थ्य हो, रोजगार हो, परिवहन हो या फिर प्रदूषण या यमुना सफाई, फिसडी साबित हुई है। आज हुए पोल खोल अभियान में महापौर सरदार राजा इकबाल, प्रदेश प्रवक्ता श्री बृजेश राय, जिला अध्यक्ष श्री मोहन गोयल, जिला उपाध्यक्ष श्री सचिन मावी, पूर्व विधायक श्री सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, जिला महामंत्री श्री संजय त्यागी एवं श्री गुलाम सिंह, निगम पार्षद श्रीमती रेखा सिन्हा एवं श्रीमती कल्पना झा, पूर्व निगम पार्षद श्री श्याम लाल सहित प्रदेश, जिले एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अगले सप्ताह से दिल्ली में चलेगी इलेक्ट्रिक बस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में डीटीसी की बसों में आग की घटनाओं के बीच दिल्ली सरकार अगले सप्ताह करीब 100 इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाने जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सरकार को 100 से अधिक इलेक्ट्रिक बस मिली हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से करीब 100 बस संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हैं और शेष को अभी तैयार किया जा रहा है। इस समय इन वाहनों को रखने के लिए दो ई-बस डिपो- मुंडेला कलां और रोहिणी सेक्टर 37 में हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली परिवहन निगम की पहली इलेक्ट्रिक बस को जनवरी में हरी झंडी दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि शहर में जल्द ही इस प्रकार की 300 और बस मुहैया कराई जाएंगी। इससे पहले जनवरी में केजरीवाल सरकार ने राजधानी के इंद्रप्रस्थ डिपो से 100 लो-फ्लोर वातानुकूलित सीएनजी बसों और एक प्रोटोटाइप (नमूना) इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई। कैलाश गहलोत के मुताबिक, ये बसें आधुनिक तथा पर्यावरण के अनुकूल हैं और शहर में प्रदूषण को कम करने में मदद करेंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जनवरी में 100 लो-फ्लोर वातानुकूलित संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएमजी) बसों और एक प्रोटोटाइप इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई थी।

# मुफ्त पानी के नाम पर दिल्लीवासियों को पिलाया जा रहा गंदा पानी : चौ. अनिल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल की सरकार की प्रशासनिक अक्षमताओं के कारण दिल्लीवासी जल संकट से जूझ रहे हैं। पिछले 8 वर्षों में दिल्ली जल बोर्ड 800 एमजीडी पानी ही मुहैया करा रहे है जबकि दिल्ली में पानी की जरुरत 1380 एमजीडी है।

उन्होंने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि जल मंत्री सत्येन्द्र जैन द्वारा 28 अप्रैल को 2022 का समर एक्शन प्लान में 65 एमजीडी अधिक पानी उपलब्ध कराने की घोषणा की थी परंतु केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में 70एमजीडी पानी के संकट को स्वीकार कर रहे है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के पास दिल्ली को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए कोई रोड मैप नही है। अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार मुफ्त पानी के रुप में लोगों के घरों में गंदा, बदबूदार पानी के साथ फ्री बीमारी परोस रहे है, क्योंकि समर एक्शन प्लान में उपभोक्ताओं की शिकायतों पर जांच में 42 प्रतिशत पानी के सैम्पल फेल पाए गए जो बेहद चिंताजनक है। दिल्ली जल बोर्ड को पानी में अमोनिया की मात्रा को कम करने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के साथ लगातार पानी की कमी बढ़ रही है और वजीराबाद, चन्द्रावल और औखला में जल स्तर सामान्य से कही अधिक कम हो गया है जिसका समय रहते दिल्ली जल बोर्ड ने ख्याल नही रखा जिसके कारण पूरी दिल्ली में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के रिकॉर्ड अनुसार जहां 2013-14 में औसतन प्रति व्यक्ति 50 गैलन पानी उपलब्ध होता था जो वर्तमान में घटकर 45 गैलन प्रति व्यक्ति रह गया है। अनिल कुमार ने कहा कि लगातार घटते जल स्तर से बेफिक्र केजरीवाल सरकार हरियाणा से पानी छोड़ने की मांग की जगह दिल्ली में जल स्तर कम होने के साथ-साथ 70 एमजीडी जल संकट के बयान जारी कर रही है। केजरीवाल सरकार टैंकर माफिया को सक्रिय बनाने के लिए जेजे कलस्टर, अनाधिकृत कालोनियों व अन्य जरुरतमंद लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नही करा रही है क्योंकि आम आदमी पार्टी के विधायकों के संरक्षण में अधिकतर टैंकर माफिया फलफूल रहा है।

### प्रधान ने डीयू को छात्रों के लिये भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम तैयार करने का दिया सुझाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को सुझाव दिया कि दिल्ली विश्वविद्यालय को छात्रों के हितों को ध्यान रखते हुए भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार री-विजिटिंग द आयडियाज ऑफ इंडिया फ्रॉम स्वराज टू न्यू इंडियाके उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे प्रधान ने कहा डीयू अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और हम भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह एक संयोग ही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को छात्रों के हितों को ध्यान रखते हुए भविष्योन्मुखी पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा समय बदल रहा है। डीयू पेटेंट प्रक्रिया पर अल्पकालिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू कर सकता है। इससे छात्र न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार हासिल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रौद्योगिकी का अधिक प्रवेश हुआ है, नई चीजों का सृजन हो रहा है, हमारे देश में अनुसंधान हो रहा है लेकिन उस अनुपात में पेटेंट नहीं हो रहा है।

# बदमाशों व उनके परिवार पर बड़ा हमले की साजिश रच रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- मुठभेड़ में एक बदमाश और स्पेशल सेल के सब इंस्पेक्टर गोली लगने से घायल हो गए

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार देर रात आउटर रिंग रोड वजीराबाद फ्लाई ओवर के पास मुठभेड़ के बाद कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना, टिल्लू ताजपुरिया व परवेश मान गिरोह के तीन शूटरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश विरोधी गैंगस्टर गोगी गिरोह के बदमाशों व उसके स्वजनों पर बड़ा हमला करने की साजिश रच रहे थे। इससे पहले पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। मुठभेड़ में एक बदमाश और स्पेशल सेल के सब इंस्पेक्टर गोली लगने से घायल हो गए। बदमाशों के पास से दो सेमी आटोमैटिक पिस्टल, दो कटटा व 19 कारतूस बरामद किए गए हैं।

डीसीपी स्पेशल सेल राजीव रंजन सिंह के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम पवन शहरावत उर्फ पौना, आशु उर्फ पगलेट व गौरव त्यागी है। पवन शहरावत के खिलाफ पश्चिम विहार, कंझावला व नरेला औद्योगिक क्षेत्र थानों में हत्या के प्रयास, डकैती और आर्म्स एक्ट के पहले के नौ मामले दर्ज हैं।

आशु के खिलाफ भी दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। गौरव त्यागी की कई साल पहले परवेश मान से मुलाकात हुई थी जिसके बाद उसने गिरोह ज्वाइन कर लिया था। परवेश मान जेल से वाटस एप काल कर गौरव को रंगदारी वसूलने व अन्य तरह के अपराध करने के लिए निर्देश देता था। मुठभेड़ में सेल के एसआइ विक्रम को भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गया। पवन हाल ही में नरेला औद्योगिक में ब्रह्म प्रकाश (गोगी के सदस्य) की हत्या करने के मामले में वांछित था। बाहरी दिल्ली क्षेत्र में अपना आधिपत्य स्थापित करने के लिए नीरज बवाना व जितेंद्र गोगी गिरोह के बीच कई सालों से गैंगवार चल रहा है। पिछले साल गोगी की कोर्ट में हत्या कर देने के बाद दोनों गिरोहों में खूनी संघर्ष तेज हो गया। पिछले छह माह के दौरान दोनों गिरोहों के 25 से अधिक सदस्यों की गैंगवार में मौत हो चुकी है। 7 मई को गोगी गिरोह के शूटर कपिल उर्फ कल्लू के पिता ब्रह्म प्रकाश की गैंगवार में नीरज बवाना गिरोह बदमाशों ने खेड़ा खुर्द में हत्या कर दी थी। पुलिस ने वारदात में पवन के शामिल होने की पहचान की थी। 18 मई की रात 11 बजे सेल की टीम ने आउटर रिंग रोड पर वजीराबाद फ्लाई ओवर, बुराड़ी में में तीनों बदमाशों को घेर कर जब सरेंडर करने को कहा तब पवन शहरावत और आशु ने पिस्टल निकालकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी और पुलिस को चकमा देकर भागे लगे।

# दिल्ली से सस्ती शराब के चक्कर में हो रहा नुकसान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- नोएडा और गाजियाबाद में रहने वाले को दिल्ली से सिर्फ एक शराब की बोतल खरीदकर लाने की अनुमति

दिल्ली में शराब पर कर की कमी के चलते दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर शराब की बिक्री काफी बढ़ गई है। दरअसल दिल्ली में दाम कम होने की वजह से दिल्ली की सीमा से सटे यूपी के इलाकों के लोग सीमा पार करके दिल्ली से शराब की खरीद कर रहे हैं, जिसका यूपी के शराब विक्रेताओं को काफी नुकसान हो रहा है।

दिल्ली बॉर्डर के करीब उत्तर प्रदेश के शराब विक्रेताओं ने इस बाबत पुलिस से शिकायत की है, जिसके बाद पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। इसके साथ ही नोएडा और गाजियाबाद में रहने वाले लोगों को अब दिल्ली से सिर्फ एक शराब की बोतल खरीदकर लाने की अनुमति दी गई है। एक्साइज विभाग की ओर से कहा गया है कि गाजियाबाद और नोएडा में रहने वाले लोग दिल्ली से सिर्फ एक शराब की ही बोतल ला सकते हैं बशर्ते बोतल सील पैक ना हो।

दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर इस बाबत पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं, जिसमे सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आप एक से अधिक बोतल लेकर नहीं आ सकते हैं। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों से कहा गया है कि वह पोर्टेबल स्पीकर के जरिए इस बाबत लोगों को अनाउंस करके जानकारी दें, जिससे कि लोग सस्ती शराब के चक्कर में दिल्ली से अधिक बोतलें खरीदकर यूपी में ना लाएं। एनसीआर में शराब व्यापारियों ने इसको लेकर पहले ही शिकायत दर्ज कराई है। ये व्यापारी लगातार एक्साइज विभाग से इस बाबत शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें इसकी वजह से काफी नुकसान हो रहा है। नोएडा में पुलिस ने जो नोटिस लगाया है उसमे लिखा है कि गैरकानूनी तरह से शराब खरीदकर यूपी में ले जाना अपराध है, इसका उल्लंघन करने वालों को यूपी एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया जाएगा और उन्हें जेल भेजा जाएगा।

यूपी एक्साइज विभाग की ओर से जो आंकड़ा जारी किया गया है उसके अनुसार दिल्ली और यूपी की शराब की दुकानों में दाम में काफी अंतर है। उदाहरण के तौर पर 100 पाइपर्स की 750 एमएल की बोतल यूपी में 2200 रुपए की है तो दिल्ली में 1970 रुपए की है। इसी तरह से 8 पीएम की बोतल यूपी में 670 रुपए की है तो दिल्ली में यह 510 रुपए की है। मेरठ जोन के एक्साइज कमिश्नर महेंद्र सिंह ने बताया कि नोएडा और गाजियाबाद की सीमा दिल्ली से सटी है, लोग आसानी से दिल्ली और यूपी के बीच आते जाते हैं। दिल्ली सरकार ने एक्साइज ड्यूटी को कम कर दिया है, यही नहीं लोगों को एक बोदल के बदले एक बोतल फ्री मिल रही है।

एक्साइज विभाग ने फैसला लिया है कि वह एक बोतल के नियम के अभियान को चालू करेगा। एक्साइज कमिश्नर ने कहा कि दिल्ली से यूपी में सिर्फ एक फुल बोतल ही लाई जा सकती है। एक व्यक्ति को सिर्फ एक बोतल लाने की अनुमति होगी। लेकिन बोतल सील पैक नहीं होनी चाहिए। अगर बोतल सील है तो एक्साइज विभाग कार्रवाई करेगा। सीमा पर चेकिंग के लिए अधिक पुलिसकर्मियों को नोएडा, गाजियाबाद में तैनात किया गया है।

# यमुना विहार सीवेज उपचार संयंत्र 15 एमजीडी का होगा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना विहार सीवेज उपचार संयंत्र की क्षमता बढ़ाकर 15 एमजीडी की जाएगी। हाल ही में दिल्ली जल बोर्ड ने इसकी क्षमता बढ़ाने को मंजूरी दी है। फिलहाल इसकी क्षमता रोजाना 10 एमजीडी सीवेज को साफ करने की है। क्षमता बढ़ने से आसपास की कई कॉलोनियों को साफ रखने व यमुना नदी में प्रदूषक तत्व गिरने से रोकने में मदद मिलेगी।

जानकारी के मुताबिक, तकरीबन 200 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियां हैं, जिनसे निकलने वाला सीवेज प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से यमुना नदी में जाता है। यहां हाल ही में हर्ष विहार इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन बनाने का काम शुरू किया गया है, जिससे आसपास की कॉलोनियों का सीवेज उच्च दबाव के साथ यमुना विहार संयंत्र तक पहुंचाया जाएगा। यमुना विहार सीवेज उपचार संयंत्र की क्षमता बढ़ने से आसपास के गोकुलपुरी, जौहरी पुर, हर्ष विहार, सबोली, गंगा विहार, जाफराबाद, करावल नगर रोड स्थित कई कॉलोनियां जैसे चंदू नगर, मूंगा नगर, नेहरू विहार में सीवेज को ट्रीट करने में मदद मिलेगी। इन कॉलोनियों में साफ-सफाई रहेगी। इन कॉलोनियों में रहने वाले 2 लाख से अधिक लोगों को फायदा मिलेगा।

### जामिया ने मुफ्त आईएएस कोचिंग के लिए आवेदन मांगे

**नई दिल्ली।** जामिया के आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उम्मीदवारों से सिविल सेवा (प्रिलिमनरी और मेन) परीक्षा-2022-2023 की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग (छात्रावास सुविधा के साथ) के लिए आवेदन मांगा है। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून, 2022 है। विश्वविद्यालय 2 जुलाई, 2022 को 10 केंद्रों-दिल्ली, श्रीनगर, जम्मू, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, गुवाहाटी, पटना, बेंगलुरु और मलप्पुरम (केरल) में उम्मीदवारों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। आरसीए चौबीस घंटे सातों दिन पुस्तकालय सुविधा के साथ वंचित छात्रों को मुफ्त कोचिंग और प्रशिक्षण प्रदान करता है। पात्रता, परीक्षा केंद्रों और अन्य विवरणों के बारे में वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।

**प्रतिक्रिया** केंद्र सरकार दे दिल्ली सरकार को जवाब, सिर्फ दिल्ली की आम जनता को ही क्यों किया जा रहा परेशान :भारद्वाज

# अपने बड़े नेताओं के अतिक्रमण पर बुलडोजर कब चलाएगी भाजपा शासित एमसीडी? :सौरभ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- रमेश बिधूड़ी, छैल बिहारी गोस्वामी, राजा इकबाल सिंह, मुकेशा सूर्यान, आदि दिल्ली भाजपा के सैंकड़ों बड़े नेताओं ने अतिक्रमण कर रखा : भारद्वाज

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने भाजपा नेताओं की एक लंबी लिस्ट मीडिया के सामने पेश की। उन्होंने कहा कि रमेश बिधूड़ी, छैल बिहारी गोस्वामी, राजा इकबाल सिंह, मुकेशा सूर्यान, अनिल जैन, मीनाक्षी लेखी, मनजिंदर सिंह सिरसा आदि दिल्ली भाजपा के सैंकड़ों बड़े नेताओं ने अतिक्रमण कर रखा है। भाजपा शासित एमसीडी इन नेताओं के अतिक्रमण पर बुलडोजर कब चलाएगी? चूंकि अब एमसीडी सीधा भाजपा की केंद्र सरकार का आधीन आती है इसलिए केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को जवाब दे कि सिर्फ दिल्ली के गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को ही क्यों परेशान किया जा रहा है?

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्तवपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कई दिनों से यह देखा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों के पीछे पड़ी हुई है। दिल्ली भाजपा के पार्षदों को उनके मकान, उनकी दुकान तोड़ने की होड़ लगी हुई है। इनके अनुसार इन लोगों के अलावा अन्य सभी लोग अपराधी हैं। आज हम भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं के घरों की तस्वीरें आपको दिखाएंगे। जिसमें विशेषकर दिल्ली भाजपा और एमसीडी के लोगों ने अपने घरों में अतिक्रमण किया हुआ है। सरकारी जमीनों पर कब्जा किया हुआ है। चूंकि एमसीडी अब सीधा केंद्र के आधीन आती है तो हम उनसे जानना चाहेंगे कि आप अपने इन नेताओं के घरों पर बुलडोजर कब चलवा रहे हैं?

दस्तावेजों में लिस्ट पढ़ते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लिस्ट में सबसे पहला नाम ईस्ट एमसीडी के मेयर बिपिन बिहारी का है। तस्वीर में दिख रहा है कि इन्होंने सरकारी जमीन पर सीढ़ियां बनाकर कब्जा कर रखा है। इसके अलावा मयूर विहार फेस-1 में इन्होंने दो मकानों जोड़ रखा है, जो कि गैर-कानूनी है। अगला नाम ईस्ट एमसीडी के पूर्व मेयर निर्मल जैन का है। इन्होंने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है। अगली तस्वीर विधायक ओम प्रकाश की है। इन्होंने सरकारी जमीन पर बोर्ड लगाकर अपने लिए पार्किंग बना रखी है। अगला नाम नॉर्थ एमसीडी के पूर्व मेयर रविंद्र गुप्ता का है। इन्होंने अपने घर के आगे सरकारी जमीन पर कब्जा कर करीब 7 फुट का रैम्प बना रखा है और एक बगीचा बना रखा है। नॉर्थ एमसीडी के मेयर राजा इकबाल सिंह के घर की सीढ़ियां गैर-कानूनी हैं। नॉर्थ एमसीडी की पूर्व मेयर प्रीति अग्रवाल ने सरकारी जमीन पर बहुत बड़ा गार्डन बनाया है।

इसमें रमेश बिधूड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने अवैध ढ़ग से दफ्तर बना रखा है। इसका कोई नक्शा नहीं बना है। रमेश बिधूड़ी के भतीजे विक्रम बिधूड़ी ने भी अतिक्रमण किया हुआ है। इन्होंने डीएसआईडीसी शेड में गैर-कानूनी निर्माण किया हुआ है। मीनाक्षी लेखी जी का चित्रंजन पार्क के सामने शिवालिक अपार्टमेंट में दफ्तर है। यहां पर इन्होंने एमसीडी के पार्क पर कब्जा करके अपना दफ्तर बना रखा है। राज्यसभा सांसद अनिल जैंन सैनिक फार्म में अनुपम गार्डन में रहते हैं, जहां निर्माण तक की इजाजत नहीं है। पूर्व विधायक विजय जॉली भी यहीं रहते हैं, जो पूरी तरह गैर-कानूनी है। एनडीएमसी के लीडर ऑफ हाउस छैल बिहारी गोस्वामी ने डीडीए फ्लैट को बढाकर पूरी कोठी बना रखी है।

उन्होंने कहा कि स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन जोगी राम जैन ने सरकारी जमीन पर रैम्प बना रखा है। साउथ एमसीडी के मेयर मुकेश सूर्यान ने कॉलोनी के बेसमेंट में अवैध निर्माण करवाकर घर बना रखा है। यदि इसका नक्शा इनके पास है तो वह बताएं। आशीष सूद ने सरकारी जमीन पर गार्डन बना रखा है।

### एम्स के आधे वरिष्ठ डॉक्टर छुट्टी पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के आधे वरिष्ठ डॉक्टर छुट्टी पर हैं। एम्स फैकल्टी सेल के मुताबिक, ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते 16 मई से 14 जुलाई तक दो चरणों में वरिष्ठ डॉक्टर यानी एसोसिएट प्रोफेसर से लेकर प्रोफेसर तक छुट्टी पर रहेंगे। बताया जा रहा है कि अवकाश के चलते गंभीर रोगियों का उपचार प्रभावित नहीं होगा। हालांकि, फॉलोअप मरीजों का जरूर 10 से 15 दिन का वक्त बढ़ाया जा सकता है। एम्स प्रबंधन की मानें तो सभी विभागों को अवकाश के दौरान वरिष्ठ डॉक्टरों की 50 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य रहने के आदेश दिए गए हैं। दो चरणों में अवकाश देने का निर्णय : स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए एम्स प्रबंधन ने दो चरणों में अवकाश देने का निर्णय लिया है। पहले चरण के तहत एम्स के आधे डॉक्टर 16 मई से 14 जून तक तक अवकाश पर रहेंगे। जबकि, बाकी 16 जून से 15 जुलाई तक दूसरे चरण में छुट्टी ले सकेंगे। एम्स के 54 विभाग के करीब 250 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टर पहले चरण में अवकाश पर रह सकते हैं।

# युवती को अश्लील वेबसाइट की जानकारी भेजने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी जिले के विकासपुरी इलाके में रहने वाली एक युवती को मेल के जरिए अश्लील वेबसाइट की जानकारी भेजने और इंस्टाग्राम पर उसका पीछा करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवती ने इस बाबत पश्चिम जिला की साइबर सेल में इसकी शिकायत की थी। पुलिस आरोपित के कब्जे से एक स्मार्ट फोन और लैपटॉप बरामद किया है। डीसीपी घनश्याम बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान नंगलाबीच गांव, टूंडला, फिरोजाबाद यूपी निवासी विशाल चौहान (22) के रूप में हुई है।

विकासपुरी की रहने वाली एक युवती ने साइबर पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने आरोप लगाया गया कि उसे एक अज्ञात ईमेल मिला। जिसमें एक अश्लील वेबसाइट की जानकारी दी गई थी। साथ ही उसने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति लगातार उसे विभिन्न इंस्टाग्राम खाता से उसका पीछा भी कर परेशान कर रहा है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज लिया।

पुलिस ने महिला सब इंस्पेक्टर हिमांगी के नेतृत्व में मामला दर्ज कर आरोपित की पहचान करने में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित के सोशल मीडिया खाते और मोबाइल कंपनियों से उसके मोबाइल नंबर की जानकारी हासिल की। तकनीकी जांच से पता चला कि आरोपी फर्जी आईडी का इस्तेमाल कर युवती को परेशान कर रहा था। पुलिस ने फोन के लोकेशन के जरिए बुधवार को विशाल चौहान उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह युवती को इंस्टाग्राम पर देखने के बाद उसे दोस्ती का प्रस्ताव दिया था। युवती के दोस्ती नहीं करने पर वह उसे परेशान करने लगा।

## सुरेंद्र नेहरा के निधन पर नेहरा खाप ने किया शोक व्यक्त

गुरुग्राम। हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री व नेहरा खाप ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश नेहरा के ज्येष्ठ पुत्र सुरेंद्र नेहरा के असामयिक निधन पर नेहरा खाप ट्रस्ट और जिले की अनेक सामाजिक संस्थाओं तथा गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। नेहरा खाप ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अमित नेहरा ने बताया कि गत मंगलवार को 59 वर्षीय सुरेंद्र नेहरा को सिरसा में अचानक ब्रेन स्ट्रोक हो गया था। उन्हें उपचार हेतु जयपुर के अस्पताल में दाखिल कराया गया था, लेकिन उनको बचाया नहीं जा सका। पूरा समाज सुरेंद्र नेहरा के असामयिक निधन पर स्तब्ध है और उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उनके अचानक चले जाने से सर्व समाज को तो अपूर्णीय क्षति हुई ही है, नेहरा खाप ट्रस्ट को ज्यादा धक्का पहुंचा है। नेहरा खाप की कार्यकारिणी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। ट्रस्ट के महासचिव कर्नल डीवी नेहरा का कहना है कि सुरेंद्र नेहरा का अचानक चले जाना अत्यंत स्तब्धकारी है। इस दुख की घड़ी में संस्था के सदस्य नेहरा परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। शोक व्यक्त करने वालों में सतबीर नेहरा, रामफूल नेहरा, जगमाल, धर्मवीर, प्रदीप, दीपक नेहरा, शिवकरण, कुलदीप नेहरा, कुलवंत नेहरा आदि शामिल रहे।

# मारुति उद्योग का हरियाणा में सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट

### 20 हजार करोड़ से ज्यादा का करेगी निवेश, हरियाणा में विकास की नई पटकथा लिखेगा आज हुआ ऐतिहासिक समझौता-मुख्यमंत्री

शेलेश गुप्ता, , प्रात : किरण संवाददाता



गुरूग्राम, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा कभी कृषि का केंद्र होता था लेकिन कृषि के साथ-साथ राज्य उद्योग में आगे बढ़ा और आज हमारा हरियाणा वर्ल्ड वाइड इन्वेस्टर का फ्रेंडली डेस्टिनेशन बन गया है। मारुति सुजुकी के 40 साल के सफर को पूरा करने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान और भारत के संबंध 70 साल पुराने हैं, वे कामना करते हैं कि ये संबंध प्रगाढ़ हों और हमेशा आगे बढ़ते रहें। मुख्यमंत्री सोनीपत के खरखौदा में स्थित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) में स्थापित किए जाने वाले मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) और सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट के लिए भूमि के आवंटन को लेकर आयोजित समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह समझौता हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एचएसआईआईडीसी) और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल)/सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ। खरखौदा में क्रमशः 800 एकड़ और 100 एकड़ भूमि पर मारुति कार तथा सुजुकि मोटर साइकिल के नए प्लांट स्थापित किए जाने हैं।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम एतिहासिक है, वे यह नहीं कहेंगे कि आज एक नया इतिहास बन गया है बल्कि यह कहेंगे कि 40 साल बाद इतिहास ने खुद को दोहराया है। उन्होंने कहा कि 40 साल पहले भी एक एमओयू हुआ था जिसने हरियाणा के विकास की तस्वीर और तकदीर को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई और आज एक नया समझौता हुआ जिसमें 900 एकड़ जमीन हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम के माध्यम से अधिकृत किया गया और इस जमीन को आज मारुति सुजुकी को हेंडओवर किया गया। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में 2400 करोड़ रुपए एचएसआईआईडीसी के माध्यम से हरियाणा को दिया गया है। हरियाणा के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा ट्रांजेक्शन हुआ है। यह समझौता हरियाणा में विकास की नई पटकथा लिखेगा।उन्होंने कहा कि प्लांट के स्थापित होने से 13 हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्लांट के लिए 2400 करोड़ की जमीन ली गई है तथा 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का इन्वेस्टमेंट किया जाना है।

## हरियाणा में और विकसित होगी मारूतिः दुष्यंत चौटाला

हरियाणा के उप मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा और मारूति का रिश्ता बहुत पुराना है। 40 साल पहले उन्होंने हरियाणा से निर्माण शुरू किया था। 1977 में प्लांट की नींव रखी गई, 45 साल से 5 दशक पुराना रिश्ता है। भविष्य में मारूति हरियाणा में और विकसित होगी। जब गुरुग्राम में पहली बार मारूति ने प्लॉट लगाया तो यह ग्रामीण क्षेत्र था लेकिन इसके बाद तरक्की हुई और आज गुरुग्राम इंडस्ट्रियल हब है। इसी तरह मानेसर में भी मारूति के आने के बाद औद्योगिक विकास हुआ, भविष्य में खरखौदा का भी ऐसे ही विकास होगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में उद्योगों के लिए बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगातार बड़े उद्योग निवेश कर रहे हैं। पिछले दिनों आदित्य बिरला ग्रुप ने पानीपत में पेंट प्लांट लगाने का एमओयू साइन किया है। आईएमटी सोहना में बैटरी बनाने का प्लांट लगाया जाएगा। फ्लिपकार्ट मानेसर में सबसे बड़ा वेयरहाउस




लगाने जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक हरियाणा में आएं, निवेश करें और आगे बढ़ें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन केनिची आयुकावा, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी टैक्योची मौजूद रहे। इसके अलावा सांसद सुनीता दुग्गल, गुरूग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार, हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक विकास गुप्ता सहित हरियाणा सरकार और सुजुकी इंडिया लिमिटेड के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## हीटबेव से पीड़ित लोगों के उपचार के लिए अस्पताल में बनाया 10 बेड का वार्ड

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

पिछले कई दिनों से साईबर सिटी में पड़ रही भयंकर गर्मी को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हीटबेव से बचाने के लिए तुरंत उपचार उपलब्ध कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्वास्थ्य विभाग ने सैक्टर 10 स्थित जिला नागरिक अस्पताल में हीटबेव को देखते हुए 10 बेड का वार्ड बनाया है जिसमें 3 बेड एमरजेंसी तथा 7 बेड की सुविधा मेडिकल वार्ड में तैयार की गई है। सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव के अनुसार चिकित्सकों को निर्देश दिए गए हैं कि आने वाले सभी मरीजों को हीट स्ट्रोक के संबंध में जानकारी देने के साथ उससे बचाव के बारे में भी जानकारी दी जाए। अस्पताल में स्टाफ के पास मरीजों को दी जाने वाली सभी दवाईयां रहनी चाहिए तथा ओआरएस का घोल तैयार रखा जाए। एमरजेंसी वार्ड में आने वाले मरीजों को ओआरएस का घोल पिलाया जाए, मरीज को भर्ती कर उपचार की सुविधाएं दी जानी चाहिए। डा. यादव के अनुसार सिविल अस्पताल में पीने के पानी की सुविधा पहले से तैयार की हुई है तथा गर्मी को देखते हुए और भी अधिक सुविधा बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि गुडगांव के अलावा पटौदी, सोहना, फर्रुखनगर आदि अस्पतालों में भी बोला गया है कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अस्पतालों में मरीजों की सहूलियत के लिए कूलर व पंखे रखे गए हैं, जो खराब थे उन्हें ठीक कराया गया है। उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक डिप्रेशन तथा डिहाईड्रेशन की समस्या बच्चों के अलावा गर्मी में काम करने वाले लोगों को अधिक खतरा रहता है। डा. यादव के अनुसार जहां तक हो सके गर्मी में बाहर न निकलें, यदि बाहर निकलना जरुरी हो तो छाता अपने पास रखने के अलावा पानी की बोतल लेकर चलें, नींबू व नमक तथा कम चीनी मिलाकर पानी तथा छाछ पीने से राहत मिलेगी। शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। जहां तक हो सके दोपहर के समय बाहर न निकलकर जो रुटीन काम करना है उसे सुबह या शाम के समय तक छोड़ दिया जाए। यदि किसी व्यक्ति को दिक्कत हो तो घरेलू उपचार की बजाय तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

## 82 लाख रुपये खर्च से बनेंगी सेक्टर-17 सी की सड़कें: सुधीर सिंगला



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गुरुवार को विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-17 क्षेत्र में सेक्टर-17सी की सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़कें खराब होने के चलते यहां से आवागमन में परेशानी हो रही थी। निकट भविष्य में जल्द ही ये सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी। सड़क निर्माण के बाद लोगों का यहां से आवागमन सुचारू होगा। उद्घाटन अवसर पर वार्ड-17 के पार्षद अनूप सिंह भाम्भू, शीतला मंडल प्रभारी अुर्जन शर्मा, शीतला मंडल अध्यक्ष प्रिवर्त कटारिया, उपाध्यक्ष सौमित्र अरोड़ा, सेक्टर-14 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, रविंद्र जैन, एमसी गुप्ता, तरुण गुप्ता, पवन जिंदल, नवीन गुप्ता, मास्टर नत्थु सहरावत, हितेश भारद्वाज, नारायण अग्रवाल, अजय कुमार, हरजिंद्र अहलावत, ओपी यादव, धीरेंद्र सुखराली, मनीष छोक्कर समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। यहां अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सेक्टर-17सी की सभी सड़कें 82 लाख रुपये की राशि से बनकर तैयार होंगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को भी कहा कि किसी भी सूरत में निर्माण सामग्री में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। विधायक ने आगे कहा कि हर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द ही दुरुस्त कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी सोच और प्रदेश के हित में काम करने की सही नीयत है। यानी वे नेक नीयति से हरियाणा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर क्षेत्र का समान विकास सरकार की ओर से किया जा रहा है। बिजली सप्लाई में अब सुधार हो चुका है। अधिक गर्मी के बावजूद भी बिजली के कट नहीं लग रहे।

## इंस्पेक्टर सविता ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों तथा गुड व बेड टच के बारे में किया जागरूक।

फरीदाबाद। डीसीपी मुख्याल नीतिश अग्रवाल के दिशा निदेशों पर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए आज सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता ने एनटीपीसी के डीएवी पब्लिक स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक करके महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में सभी छात्राओं को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों तथा गुड व बेड टच के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में असमर्थ होती है इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास दहेज प्रथा को देखते हैं बड़े होकर इसी को आगे बढ़ाते हैं क्योंकि उन्हें इस बात का ज्ञान नहीं होता कि दहेज लेना कानूनन अपराध है।

## गर्मी से बचने के लिए शहरवासी कर रहे हैं ठडें पदार्थों का प्रयोग

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

पिछले करीब 2 सप्ताह से शहर में पड़ रही भयंकर गर्मी व लू के चलते लोगों को घर में छिपने के लिए मजबूर कर दिया है। बतादें कि पिछले 2 सप्ताह से गुरुग्राम का तापमान 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच में प्रतिदिन अप डाउन हो रहा है।

एसी के कारोबार से संबंधित व्यापारियों ने बताया कि जब घर या ऑफिस के अंदर बैठकर तापमान 40-45 आ रहा है तो आप अंदाजा लगा लें कि छत का तापमान इससे भी ज्यादा है।

पिछले कई दिनों से भयंकर गर्मी व लू के चलते अधिकांश लोगों ने अपने जरुरी काम निपटाने के लिए अपने घरों से निकलने के लिए सुबह-सायं का समय निर्धारित कर दिया है ताकि गर्मी से बचाव हो सके। वहीं इसके अलावा लोगों ने गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिंक, नींबू शिकंजी, इलेक्ट्रोल, ओआरएस, छाछ, जो का सत्तू का प्रयोग करने के अलावा घर से बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा रखना



तथा देशी टोटके अपनाते हुए कच्ची प्याज को खाना शुरू कर दिया है ताकि गर्मी से बचाव हो सके।

भयंकर गर्मी से राहत पाने के लिए अधिकांश लोगों ने ठंडी ककड़ी, खीरा व फ्रीज में लगा हुआ तरबूज, खरबूज को अहमियत देना शुरू कर दिया है। कुछ लोगों ने बताया कि गर्मी के चलते जहां एक ओर भूख कम लगती है, तथा पसीने के कारण खाना-पीना अच्छा नहीं लगता, वहीं दूसरी ओर शीतल पदार्थ के अलावा फ्रीज में लगा तरबूज व खरबूज काफी ठंडक महसूस करा रहा है।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर वीरवार को दिखाई दिया सडकों पर

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम द्वारा 4 दिन पूर्व सोमवार को गुरुद्वारा रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान को असर वीरवार को भी दिखाई दिया। गौरतलब है कि पिछले काफी लंबे समय से या ये कहें कि वर्षों से गुरुद्वारा के निकट रेहड़ी-पटरी वाले आदि लोगों ने पटरी पर तो क्या सडक पर भी काफी हद तक अतिक्रमण किया हुआ था, जिसके चलते काफी चौड़ी सडक ने संकरी गली का रुप लिया हुआ था। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानी होती थी। अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के लिए बार-बार समाचार पत्रों में प्रकाशित भी किया जाता था, लेकिन काफी लंबी चुप्पी साधने के बाद नगर निगम द्वारा सोमवार को गुरुद्वारा रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसका सोमवार से लेकर वीरवार तक असर दिखाई दिया। वीरवार दोपहर संवाददाता द्वारा किए गए दौरे के दोरान देखा गया कि जहां





पर पहले अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती थी, आज बाजार में खरीददारी करने के लिए आने वाले वाहन चालकों को वाहन पार्किंग करने की सहूलित मिली थी तथा जाम न लगने के कारण वाहन सरपट दौड़ रहे थे। शहर के प्रबुद्ध लोगों ने नगर निगम आयुक्त मुकेश आहूजा से मांग करते हुए कहा कि इसी प्रकार अतिक्रमण हटाओ अभियान को ओल्ड रेलवे रोड पर न्यू कालोनी मोड रेडलाईट से लेकर चर्च के आस-पास तक रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त मार्ग पर करीब 3 से 4 दर्जन रेहड़ी संचालकों द्वारा अतिक्रमण के कारण न केवल जाम लग जाता है, बल्कि दुर्घटना भी हो जाती है। वाहनों द्वारा आपस में हुई कहासुनी से मारपीट तक झगड़ा पहुंच जाता है।

## दाना पानी घोंसला अभियान के तहत बच्चो ने पक्षियों के संरक्षण का लिया संकल्प



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था नवकल्प फाउण्डेशन द्वारा चलाए गए दाना पानी घौंसला अभियान के तहत स्कूली बच्चे भी जुडने शुरू हो गए हैं। फाउण्डेशन के संस्थापक अनिल आर्य तथा संस्कृति कल्प की संयोजिका मीनाक्षी सक्सेना ने न्यू पालम विहार फेस 3 मे अखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति दल के राष्ट्रीय प्रभारी तथा युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजीव मित्तल के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि संस्था ने तीन साल पहले संकल्प किया था कि अंदर तक झुलसाने वाली भीषण गर्मी में प्यासे पंछियों के लिए दाना पानी और आश्रय की व्यवस्था की जाए। गत दो साल टीन के करीब 600 दाना पानी बॉक्स वितरित किए गए। इस साल दाना पानी के लिए मिट्टी के सकोरे और आश्रय के लिए नारियल का घौंसला बनाया गया है जिसमे अभी तक करीब 450 घौंसले वितरित किए जा चुके हैं। शुरूआती लक्ष्य केवल 200 का था लेकिन अभी हमारे पास करीब 450 और घोंसलों की मांग बनी हुई है। दिनों दिन यह और बढ़ रही है। सीमित साधन संसाधनों से जूझते हुए भी हमारी कोशिश है कि अधिकतम लोगों तक घौंसले पहुंच जाएं।स्कूलो में घौंसला लगाने का जिम्मा कला व संस्कृति कल्प की संयोजिका मीनाक्षी सक्सेना देख रही हैं। उनके अनुसार चार दर्जन से भी अधिक स्कूलो से निरन्तर यह मांग आ रही है। इस उत्साह के प्रति हम धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। राजीव मित्तल ने क्षेत्र के स्कूल प्रबधन से आग्रह किा कि वे भी इस अभियान का हिस्सा बनें। इस दौरान प्रबंधन सदस्यों व छात्रों ने पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लिया।

## गुरुग्राम का दुर्भागय, सरकार के दावे बड़े-बड़े , फिर भी समस्याओं का अम्बार

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

जिस शहर में अक्सर सरकार रहती हो उसकी हालत खराब नहीं होनी चाहिए। कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। गुरुग्राम का इस मामले में दुर्भागय है कि यहां औसतन हर सप्ताह सरकार आती है, फिर भी यहां समस्याओं का अम्बार है। यहां होने वाले विकास के काम अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी की भेंट चढ़े हुए हैं। यह कहना है आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट का। अभय जैन ने कहा कि गुरुग्राम के डीएलएफ क्षेत्र को दिखाकर सरकार विदेशी कंपनियों को हरियाणा में पूंजी निवेश के लिए आकर्षिक करती है। सरकार की नजर में शायद डीएलएफ ही गुरुग्राम है, बाकी के हिस्से से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने पुराने गुरुग्राम में समस्याओं पर फोकस करते हुए कहा कि यहां कई सड़कों पर कई-कई साल से गड्ढे हैं, लेकिन इन पर पैच वर्क करने की भी जहमत नहीं



उठाई गई है। कई जगह काम अधूरे छोड़ दिए गए हैं। अभय जैन के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र में विधायक का कार्यालय है। न्यायाधीशों के आवास, गुरुग्राम की मेयर का आवास, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य का आवास, मंडलायुक्त, आयुक्त, पुलिस आयुक्त के आवास हैं। गत माह विधायक सुधीर सिंगला के पिता स्वर्गीय सीता राम सिंगला के नाम से बने चौक से लेकर सोहना अड्डा, ऑफिसर्स कालोनी, सिविल लाइन में सड़क के दोनों ओर पुराने डिवाइडर को हटाकर नए डिवाइडर बनाने का काम शुरू किया गया। यहां डिवाइडर तो लगा दिया, लेकिन बीच की जगह पर पुराना मलबा डाल दिया। ना तो उसकी लेवलिंग की गई और ना ही मलबा हटाया गया। इसके अलावा सोहना अड्डा, श्री सिद्धेश्वर चौक पर सड़क किनारे कई साल से गहरे गड्ढे हैं। शहर के भीतर-बाहरी क्षेत्रों में सड़कों का यह हाल है तो नगर निगम समेत यहां काम करने वाला तीन स्तरीय प्रशासन आखिर किस तरह से ऑल इज वैल के दावे करता है। दिखावे को अधिकारी फिल्ड में दौरा करते हैं, लेकिन काम नहीं हो रहा।

## प्रदेश सरकार की नीतियों से परेशान है हर वर्ग : डा. सारिका

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री डा. सारिका वर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार से दुखी हो चुकी है तथा प्रदेश में आम आदमी पार्टी को विकल्प के रुप में देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को बरगलाकर सत्ता में आने के बाद भाजपा से सभी वर्ग के लोग व्यापारी, किसान, मजदूर, कर्मचारी दुखी हो चुके हैं। आज प्रदेश में पेट्रोल-डीजल, गैस आदि के रेट आसमान छू रहे हैं। पेट्रोल के रेट बढने के कारण सभी वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। क्योंकि प्रदेश में अधिकांश सामान ट्रांसपोर्ट के माध्यम से आता है। जब डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ जाते हैं तो उनके कारण महंगाई चरम पर पहुंच गई है। जिसके कारण लोगों का बजट बिगड़ गया है। पहले कोरोना की मार के चलते कई लोगों की नौकरी जा चुकी है। अभी गाड़ी पटरी पर आई भी नहीं कि महंगाई ने लोगों की कमर तोडकर रख दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यों पर प्रभावित होकर भाजपा, कांग्रेस, अकाली दल के नेताओं को बुरी हरा दिया था और दिल्ली मॉडल पर विश्वास करते हुए पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बना दी है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा तथा मेडिकल सुविधा की चिंता रहती है। ये सुविधाएं उपलब्ध कराना पार्टी की पहली प्राथमिकता होती है। डा. सारिका वर्मा ने कहा कि कांग्रेस भाजपा जजपा से दुखी होकर हरियाणा की जनता प्रदेश में आम आदमी पार्टी की ओर देख रही है।



## भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मनाई संकष्टी चतुर्थी

गुरुग्राम। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी वीरवार को श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर संकष्टी चतुर्थी के रुप में मनाया। श्रद्धालु दैनिक कार्यों से निवृत होकर उन्होंने पूरे विधि-विधान के अनुसार भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि गणेश चतुर्थी के व्रत रखने से भगवान श्रीगणेश की उपासना बड़ी ही फलदायक होती है। संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी का अर्थ होता है कि संकटों को हरने वाली। भगवान गणेश बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य को देने वाले माने जाते हैं। भगवान गणेश की उपासना करने से श्रद्धालुओं की इच्छाएं भी भगवान गणेश शीघ्र पूरी कर देते हैं। श्रद्धालुओं ने गणेश जी को 21 लड्डूओं का भोग भी लगाया। दीप और अगरबत्ती से विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आरती भी की। शहर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने संकष्टी चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया।

## पृथ्वीराज चौहान को उनकी जयंती पर किया याद

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

पृथ्वीराज चौहान भारतीय इतिहास में एक बहुत अविस्मरणीय नाम है। चौहान वंश मे जन्मे पृथ्वीराज आखिरी हिन्दू शासक भी थे। मात्र 11 वर्ष की आयु में उन्होने अपने पिता की मृत्यु के पश्चात दिल्ली और अजमेर का शासन संभाला और उसे कई सीमाओ तक फैलाया भी था, लेकिन अंत मे वह राजनीति का शिकार हुये और अपनी रियासत हार बैठे। उनकी हार के बाद कोई हिन्दू शासक उनकी कमी पूरी नहीं कर पाया। पृथ्वीराज को राय पिथोरा भी कहा जाता है। उक्त उद्गार पृथ्वीराज चौहान से जुड़े संस्थाओं के वक्ताओं ने वीरवार को उनकी जयंती पर याद करते हुए व्यक्त किए। वरिष्ठ सीए सुभाष चौहान ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान बचपन से ही एक कुशल योद्धा थे, उन्होने युद्ध के अनेक गुण सीखे थे। उन्होने अपने बाल्य काल से ही शब्दभेदी बाण विद्या का अभ्यास किया था। पृथ्वीराज के बचपन के मित्र चंदबरदाई उनके लिए किसी भाई से कम नहीं थे। पृथ्वीराज चौहान और उनकी रानी संयोगिता का प्रेम आज भी राजस्थान के इतिहास मे अविस्मरणीय है। संयोगिता के पिता जयचंद्र पृथ्वीराज के साथ ईर्ष्या भाव रखते थे और पृथ्वीराज को नीचा दिखाने का मौका ढूंढते रहते थे। सुभाष चौहान का कहना है कि पृथ्वीराज की सेना बहुत ही विशालकाय थी, जिसमे 3 लाख सैनिक और 300 हाथी थे। मोहम्मद गौरी व पृथ्वीराज चौहान के बीच कई युद्ध भी हुए। बताया जाता है कि मोहम्मद गौरी से युद्ध के पश्चात पृथ्वीराज को बंदी बनाकर उनके राज्य ले जाया गया। वहां उन्हें यातनाएं दी गई और पृथ्वीराज की आंखों को लोहे के गरम सरियों द्वारा जलाया गया, जिससे वह अपनी आंखों की रोशनी खो बैठे थे। चंदवरदाई के शब्दों पर शब्दभेदी बाण का उपयोग कर पृथ्वीराज ने भरी सभा में मोहम्मद गौरी की हत्या कर दी थी। कहा जाता है कि चंदवरदाई और पृथ्वीराज ने एक दूसरे की जीवनलीला समाप्त कर दी थी और जब संयोगिता को यह खबर मिली तो उसने भी अपना जीवन समाप्त कर लिया था।

## मेयर मधु आजाद के निवास पर पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीरवार को सुबह के समय सिविल लाईंस स्थित मेयर मधु आजाद के निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने मेयर मधु आजाद सहित उनके पूरे परिवार को अपना आशीर्वाद दिया। मेयर निवास पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, निगम पार्षद व शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। सभी लोगों में मुख्यमंत्री के प्रति भारी उत्साह दिखाई दे रहा था। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों से मुलाकात की। उन्होंने मेयर निवास पर गणमान्य व्यक्तियों के साथ सुबह का नाश्ता किया। कुछ समय पहले मेयर श्रीमती आजाद के ज्येष्ठ पुत्र पारूष आजाद की शादी हुई थी। मुख्यमंत्री ने विवाहित जोड़े को भी अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने मेयर व निगम पार्षदों के साथ चर्चा भी की तथा उनका हालचाल जाना।



इस मौके पर गुरूग्राम की भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत, भाजपा नेता अनिल यादव, महेश यादव, ज्वाहर यादव, एडवोकेट अशोक आजाद, अरूण आजाद, हबलू नंबरदार, गिरिराज ढींगरा, अनुराग बक्शी, राजेश अरोरा, नरेश दीपमाला साड़ीज, रिंकू बोहरा, मुकेश राज, हंसराज कसाना, सुरेश चौधरी, परमिंदर कटारिया, प्रताप सिंह, लगभग सभी निगम पार्षद, अंबेडकर सभा गुरूग्राम, रविदास सभा गुरूग्राम व कबीर सभा गुरूग्राम के अध्यक्षों सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सम्पादकीय

# दबे पांव सियासत

चुनाव के पांव चलती राजनीति ने ठान लिया है कि कैसे हिमाचलियों का दिल चुरा लिया जाए। जाहिर तौर पर आप के आने से सब कुछ चोरी-चोरी और चुपके-चुपके होने लगा है। देश और प्रदेश के हालात में मतदाता का अपने दिल पर कितना काबू है या मिशन रिपीट के महाभियान में भाजपा अपना कितना जादू चला पाएगी, इस पर टिकी आशा और आशंका सिर माथे है। यानी सत्ता खुद में एक दरगाह की स्थिति ढूंढ रही है और जहां नतमस्तक होने के लिए सियासी आस्था का दायरा बढ़ाया जा रहा है। उदयपुर के चिंतन में कांग्रेसजीवी होने का सत्य पुकार रहा है और अगर ठीक से कांग्रेस ने सेहरा पहन लिया या यूं कहें कि भाजपा के आक्रमण में फंसे राहुल गांधी फिर से औपचारिक अध्यक्ष बनने का हक अदा करते हुए देखे जाते हैं, तो हिमाचल का चुनाव पार्टी के लिए इतना कठिन नहीं हो सकता। भले ही कांग्रेस अपने ही रुके हुए पानी में नहा रही है, लेकिन ठीक से चेहरा धो लेगी तो आंखें देखने के काबिल हो जाएंगी कि इसके सामने भाजपा कैसे अपना कद बरकरार रखने की मशीनरी साबित हो रही है। भाजपा को पकड़ना महज सियासत नहीं और जहां देश का प्रधानमंत्री हर चुनाव में जमीन हथियाने का हर शस्त्र धारण करता हो, वहां फासलों की जंग में मनोविज्ञान भी असर रखता है। एक खास मनोविज्ञान अब हिमाचल की रगों में प्रवेश कराया जाएगा।

जहन में से कुछ यादें निकाल कर भविष्य के अरमान इतने ठूंस दिए जाएंगे कि जहां प्रतीत होगा कि हिमाचल के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वोट मांग रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस को अपना सिक्का उछालना है, तो मसला जमीनी संघर्ष का कहीं अधिक होगा। मौजूदा राजनीति में भाजपा को यह महारत हासिल है कि यह पार्टी सामने खड़ी कांग्रेस की विकटें उड़ाने के लिए नित नई गेंदबाजी करती है। उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में कांग्रेस की हार के इतने विश्लेषण हैं कि हिमाचल में मनोबल जगाने के लिए ऐड़ी चोटी का प्रयास चाहिए। क्या चिंतन शिविर हिमाचल में कांग्रेस की मनोस्थिति बदल पाएगा या नेताओं को अपनी-अपनी मांद से हटा कर प्रदेश के सामने सशक्त ढंग से पेश कर पाएगा। अभी तक तो ऐसा अभियान शुरू नहीं हुआ, जहां पार्टी हर मोर्चे पर लड़ते हुए दिखाई दे।

यह दीगर है कि चिंतन शिविर के तस्वीर में कुछ नेता बड़े होने की मुद्रा में मुस्कराते हुए सोशल मीडिया को बधाई दे रहे हैं, लेकिन इधर फील्ड में भाजपा ने अपनी वित्तीय शक्ति, सत्ता की ताकत और केंद्रीय नेतृत्व के प्रभाव का रंग जमाना शुरू किया। धर्मशाला में भाजयुमो के शिविर के बाद शिमला में मोदी सरकार के आठ सालों की सुनहरी पलकें जनता को विस्मृत करने के लिए खुलेंगी। हिमाचल में न केवल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बार-बार आ रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना अब प्रदेश के नक्षत्र बदलने का संदेश उंडेलेगा। तमाम राष्ट्रीय योजनाओं और प्रदेश की परियोजनाओं का मक्का भी कितने गजब का चुनावी तीर्थ स्थान होता है। चुनावी मक्का बनाती फितरत का तूफान कितना सक्रिय है। सूचनाएं खुद श्रद्धालु बन कर हिमाचल आएंगी और फिर हमें मालूम हो जाएगा कि केंद्रीय मंत्री तो अब हर विधानसभा में स्टेडियम का ढांचा नाप देंगे। कभी नितिन गडकरी ने सारी सड़कें चौड़ी कर दी थीं, लेकिन इनके योजना प्रारूप को देखने के लिए पुनः एक नया चुनाव आ गया। सारे देश में खुद का डंका पीटती कांग्रेस के लिए भी फिर से एक नया चुनाव आ गया। पड़ोस में पंजाब और उत्तराखंड के सामने और इसके ठीक सामने राष्ट्र जीतने निकली भाजपा से इस बार दो-दो हाथ करने का कितना सामर्थ्य-कितनी शक्ति कांग्रेस जुटा पाती है, यह राजस्थान की तपती बालू तय कर पाई होगी या हिमाचल तक पहुंची देश की गर्मी उतर जाएगी, इंतजार रहेगा।

# प्राध्यापकों को सातवें वेतन आयोग की देनदारी

प्रो. सुरेश शर्मा

हिमाचल प्रदेश में सरकार के अधीनस्थ कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के सभी वित्तीय लाभ मिल चुके हैं, लेकिन प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत प्राध्यापक अभी भी सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में उच्चतर शिक्षा विभाग के अधीन सभी महाविद्यालयों तथा सभी विश्वविद्यालयों में कार्य कर रहे प्राध्यापकों की कुल संख्या लगभग तीन हजार है जिन पर पूरे प्रदेश की उच्चतर शिक्षा का दायित्व है। ये सभी प्राध्यापक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की शैक्षिक कार्यप्रणाली के अंतर्गत तथा सिफारिशों के अधीन कार्य करते हैं। भारतवर्ष में प्राध्यापकों के वेतनमान, कामकाज, शैक्षिक मानदंड तथा नियामकों का निर्धारण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग करता है जिसका पालन देशभर के सभी विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय करते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सभी राज्यों के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के प्राध्यापकों का वेतनमान निर्धारित करता है तथा वेतनमान जारी करने के पश्चात यह कुल राशि का पचास प्रतिशत आगामी पांच वर्ष तक वहन करता है। पूरे देश में सातवां वेतन आयोग एक जनवरी, 2016 में जारी हो चुका है तथा इस समय भारतवर्ष के उन्नतीस राज्यों में से सत्ताईस राज्यों तथा नौ केंद्र शासित प्रदेशों के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के लिए लागू हो चुका है।

सात वर्ष बीत जाने के बाद भी यह सातवां वेतनमान केवल दो ही प्रदेशों पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश में दिया जाना लंबित है। हिमाचल प्रदेश का आज तक अपना कोई वेतन आयोग नहीं बन पाया है तथा वर्षों से पंजाब वेतन आयोग पर निर्भर करता है। यह बहुत ही आश्चर्यजनक है कि पूर्ण राज्यत्व का दर्जा प्राप्त किए हुए पचास वर्ष पूर्ण किए अपनी स्वर्ण जयंती मना चुके हिमाचल प्रदेश को अब भी वेतनमान लागू करने के लिए अपने पड़ोसी राज्य पंजाब की ओर देखना पड़ता है, जबकि विश्वविद्यालय वेतन आयोग का पंजाब वेतन आयोग से कोई सरोकार नहीं है। अभी हाल ही में हिमाचल सरकार ने प्रदेश में सभी वर्गों के कर्मचारियों को वर्ष 2016 से देय सातवें वेतन आयोग को लागू कर दिया है। प्रदेश में अब केवल उच्चतर शिक्षा में कार्यरत प्राध्यापक वर्ग विगत सात वर्षों से देय सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने की प्रतीक्षा कर रहा है। यहां प्रश्न प्राध्यापकों के वर्षों से लंबित देय वेतनमान के साथ उनकी व्यावसायिक गरिमा, सामाजिक प्रतिष्ठा तथा व्यक्तिगत अधिकार का भी है। जब पूरे देश में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को यूजीसी वेतनमान सातवें वेतन आयोग के वित्तीय लाभ दिए जा चुके हैं तो हिमाचल प्रदेश के प्राध्यापकों के साथ भेदभाव क्यों? जब प्रदेश के सभी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के वित्तीय लाभ मिल चुके हैं तो विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को क्यों नहीं? यूजीसी के वेतनमानों का पंजाब वेतन आयोग से कोई लेना-देना नहीं। यूजीसी का वेतन आयोग अपनी सिफारिशों के साथ पांच वर्ष तक पचास प्रतिशत वित्तीय हिस्सेदारी देता है।

प्रदेश में कार्यरत सभी भारतीय एवं हिमाचल प्रशासनिक अधिकारियों, डॉक्टरों, इंजीनियरों व केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों से लेकर प्रदेश के उच्च से सामान्य स्तर के कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के वित्तीय लाभ मिल चुके हैं तो केवल प्रदेश में उच्चतर शिक्षा के वाहकों के धैर्य की परीक्षा क्यों? हिमाचल के प्राध्यापक लंबे अंतराल से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, वित सचिव, शिक्षा सचिव तथा शिक्षा निदेशक से मिल कर अवगत करवाकर कई बार विनम्र अनुरोध कर चुके हैं। इस बारे प्राध्यापक हिमाचल राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ तथा सभी स्थानीय इकाइयों के माध्यम से अनेकों बार ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन हर बार मात्र आश्वासन ही मिले हैं। अब प्राध्यापकों के सब्र का बांध टूट चुका है। अपना रोष प्रकट करते हुए प्राध्यापकों ने बीए, बीएससी तथा बीकाम वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य वेतनमान लागू न होने तक तथा उनके हितों व व्यावसायिक हितों के मसलों के हल होने तक रोक दिया है। प्रदेश में शिक्षा का ये वाहक वर्ग महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा का संचार करता है। प्राध्यापक वर्ग बहुत ही ईमानदारी, निष्ठा, परिश्रम तथा जिम्मेदारी से अपना कार्य कर सरकार के मार्गदर्शन तथा दिशानिर्देशों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर कार्य करता है। शिक्षा में गुणवत्ता का लक्ष्य प्राप्त करने में यह वर्ग कभी भी पीछे नहीं रहा। अब उच्चतर शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को मूर्तरूप देकर इसे सफल बनाने की जिम्मेदारी प्राध्यापक वर्ग पर है। जहां यह वर्ग बहुत ही संजीदगी, ईमानदारी तथा जिम्मेदारी से उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभाता है, वहीं पर सरकार को भी इस वर्ग का देय सातवें वेतन आयोग के लाभ प्रदान कर गरिमा तथा प्रतिष्ठा को बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

# तपती धरती का जो जिम्मेदार, बचाव भी उसी से दरकार

सर्वप्रथम हमें अपनी यह सोच बनानी होगी और अपने बच्चों में भी पैदा करनी होगी कि वातावरण को कम से कम गर्म होने दें। इसके लिये धुंआ,अग्नि और गर्म हवा के उत्सर्जन को जितना संभव हो सके,कम करें। प्रायः देखा गया है कि लोग अपने घरों के बाहर कूड़ा करकट खासकर प्लास्टिक पॉलीथिन आदि इकट्ठाकर उसमें आग लगा देते हैं। आज कल विशेषकर स्वछता अभियान के तहत जब घर घर से कूड़ा इकट्ठा करने का कार्य सरकारी स्तर पर किया जा रहा हो और इस व्यवस्था के बदले नकद भुगतान भी जनता ही कर रही हो ऐसे में कूड़ा व प्लास्टिक आदि जलाने का ही कोई औचित्य नहीं है।





निर्मल रानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

मौसम विशेषज्ञों द्वारा ग्रीष्म ऋतू शुरू होने से पहले ही यह भविष्यवाणी कर दी गयी थी कि इस बार दुनिया के अधिकांश देश झुलसाने वाली अभूतपूर्व गर्मी का सामना कर सकते हैं। सहस्त्राब्दियों पुराने ग्लेशियर्स के लगातार पिघलते रहने के बीच जब यह खबर भी आयी थी कि पूरे विश्व को प्रकृतिक रूप से लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन की आपूर्ति करने वाले अमेजॉन के सैकड़ों किलोमीटर क्षेत्र के जंगलों को ब्राजील सरकार के संरक्षण में विकास के नाम पर काट दिया गया है। तभी यह अंदाजा होने लगा था कि दुनिया भविष्य में अभूतपूर्व तपिश का सामना करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। और पूरे विश्व विशेषकर भारत को भी इसबार झुलसती गर्मी का सामना करना पड़ा। देश के विभिन्न स्थानों पर 2 से लेकर 3 प्रतिशत तक सामान्य तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी। राजधानी दिल्ली के मंगेशपुर नामक एक क्षेत्र में तो पारा 49 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। जगह जगह सूखा पड़ने की खबरें आईं।

निश्चित रूप से आम लोग ग्लोबल वार्मिंग रुपी इस त्रासदी से पूरी तरह तो हरगिज नहीं निपट सकते। क्योंकि विकास और प्रगति के नाम पर छिड़ी विश्वव्यापी प्रतिस्पर्धा के जिम्मेदार दुनिया के शासक और सरकारें हैं। इन्हीं का काम ऐसी विकासवादी योजनायें बनाना है जो प्रायः पर्यावरण विरोधी होती हैं। जिनमें हरे प्राकृतिक जंगल काटे जाते हैं और सीमेंट व कंक्रीट के तपते जंगलों का विस्तार किया जाता है। परन्तु ऐसा भी नहीं है कि हम अपने,अपने घरों के आसपास का तापमान कम या स्थिर रखने के लिये अपने स्तर पर कुछ भी नहीं कर सकते। तपिश कम करने और ग्लोबल वार्मिंग से जूझने के ऐसे तमाम छोटे छोटे उपाय हैं जिनका सीधा संबंध सरकार या शासन से नहीं बल्कि आम लोगों से है। जिन्हें अपनाकर हम स्थानीय स्तर पर कम से अपने अपने घर परिवार में तो झुलसती गर्मी से राहत महसूस कर ही सकते हैं और प्रकृति प्रदत्त इस बेशकीमती जल और ऑक्सीजन युक्त धरा का सम्पूर्ण नहीं तो कुछ कर्ज तो अदा कर ही सकते हैं।

सर्वप्रथम हमें अपनी यह सोच बनानी होगी और अपने बच्चों में भी पैदा करनी होगी कि वातावरण को कम से कम गर्म होने दें। इसके लिये धुंआ,अग्नि और गर्म हवा के उत्सर्जन को जितना संभव हो सके,कम करें। प्रायः देखा गया है कि लोग अपने घरों के बाहर कूड़ा करकट खासकर प्लास्टिक पॉलीथिन आदि इकट्ठाकर उसमें आग लगा देते हैं। आज कल विशेषकर स्वछता अभियान के तहत जब घर घर से कूड़ा इकट्ठा करने का कार्य सरकारी स्तर पर किया जा रहा हो और इस व्यवस्था के बदले नकद भुगतान भी जनता ही कर रही हो ऐसे में कूड़ा व प्लास्टिक आदि जलाने का ही कोई औचित्य नहीं है। कई बार यह भी देखा गया है कि स्वयं नगर परिषद / निगम के सफाई कर्मचारी ही झाड़ू से एक जगह कूड़ा इकठ्ठा कर उसमें आग लगा देते हैं। कबाड़ का काम करने वाले तमाम लोग रबड़ आदि जलाकर जहरीला काला धुआं पैदा करते हैं। इस पर भी नियंत्रण पाना जरूरी है। स्टेशन के आस पास बैठे भिखारी तो सर्दियों के अतिरिक्त गर्मी में भी कूड़ा जलाकर प्रदूषण फैलते हैं। गाय-भैंस पालक प्रायः मच्छर भगाने की परंपरा के नाम पर पशुओं के आस पास धुआं करते हैं जिससे पशु भी परेशान होते हैं और आस पास का पूरा क्षेत्र भी प्रदूषित होता है। परन्तु न तो स्वयं इनकी समझ में आता है कि यह इसी स्वर्ग रुपी पृथ्वी को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं न ही इन्हें कोई समझने वाला है।

अपने आसपास के वातावरण को और अधिक गर्म होने से बचाने के लिये दूसरा उपाय है कम से कम विद्युत खपत की जाये। विशेषकर गर्मियों में बेतहाशा व अनावश्यक रूप से चलने वाले एयर कंडीशनर्स, वातावरण को सबसे अधिक गर्म करते हैं। बड़े मकानों में तो कई कई ए सी लगाकर अधिक से अधिक बिजली बिल चुकाने व वातावरण को गर्म करने में साझीदार बनने से बेहतर है कि अपने घरों को सेंट्रली एयर कूल्ड करने की व्यवस्था करें। इससे कम बिजली खर्च में और पर्यावरण को हानि पहुंचाये बिना हम गर्मी में अपने मकानों को ठण्डा रख सकते हैं।सभी विद्युत उपकरण जरूरी होने पर ही इस्तेमाल करें। आवश्यकता न हो तो बत्ती पंखे आदि बंद ही रखें। इन बातों को अपनी आदतों में शामिल करना होगा। इसके साथ साथ अपने घरों में अधिक से अधिक पौधे गमलों में लगायें। वृक्षारोपण को अपनी जीवनचर्या में शामिल करें। पार्कों में सड़कों के किनारे,शमशान-कब्रिस्तान,धर्मस्थलों जहाँ भी जगह हो अधिक से अधिक वृक्ष लगायें। अपने मकान या जमीन पर बड़े फलदार व छायादार वृक्ष लगायें।

धरती पर बढ़ता जल संकट भी बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग का ही परिणाम है। जहाँ हम प्रदूषण नियंत्रित कर व वृक्षारोपण आदि के माध्यम से वातावरण को वषार्नुकूल बनाने में सहायक हो सकते हैं वहीं जल की बबार्दी रोककर भी हम धरती व पर्यावरण के साथ साथ अपनी अगली नस्लों को भी अनुकूल वातावरण देने का प्रयास कर सकते हैं। यदि आप सड़कों गलियों में चलें तो अक्सर टूंटियों से पानी बहता रहता है। जहाँ पानी बहता दिखाई दे उसे तुरंत बंद करें। यदि किसी जगह टूंटी खराब है तो सरकारी कर्मचारी की प्रतीक्षा करने के बजाय पास पड़ोस के लोग स्वयं टूंटी का प्रबंध कर जल की बबार्दी को रोकें। तमाम लोग अपने घरों के सामने की सड़कों पर और अपने मकानों की फर्श आदि धोने में बेतहाशा पानी बर्बाद करते हैं। रोजाना कारें धोते हैं। यह सब अनावश्यक है। हर काम सीमा के भीतर होना चाहिये। और हर एक को यह महसूस करना चाहिये कि जिस जल को वह बहा रहा है वह स्वयं उसके,उसके बच्चों व मानव जीवन के लिये कितना अनिवार्य व उपयोगी है। आज पृथ्वी पर भीषण गर्मी व जल संकट के रूप में जो भी नजर आ रहा है जाहिर है हम ही उसके जिम्मेदार भी हैं। और इस तपती धरती व जलसंकट का जो भी जिम्मेदार है बचाव के उपाय भी निश्चित तौर पर उसी से दरकार होंगे।

# भोजन, सेहत और स्वाद

भोजन को कम से कम तापमान पर और कम समय के लिए पकाएं ताकि उसके जीवनदायी तत्व सुरक्षित रहकर हमें उचित पोषण दे सकें। इसी तरह भोजन को उबालने से बेहतर है कि उसे भाप से पकाया जाए। पैकेट बंद, डिब्बा बंद और बोतल बंद खाद्य पदार्थों के निषेध में ही हमारी भलाई है। यह सबसे ज्यादा खराब भोजन है क्योंकि इसकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए इसे बहुत लंबे समय तक बहुत उच्च तापमान पर पकाया जाता है और यह बहुत ज्यादा पुराना भी होता है। अक्सर हम इस भ्रम में जीते हैं कि यदि हम मांस नहीं खाएंगे तो हमें प्रोटीन कहां से मिलेगा? सच्चाई यह है कि अत्यधिक प्रोटीन लेना, कम प्रोटीन लेने से ज्यादा खतरनाक है और कई गंभीर बीमारियों का कारण है।







पीके खुराना
लेखक राजनीतिक रणनीतिकार है

भोजन हमारी सेहत का बड़ा स्त्रोत है। हम जैसा खाते हैं, अंततः वैसे ही बन भी जाते हैं। यह हैरानी की बात है कि एक आध्यात्मिक देश के नागरिक होने के बावजूद हम सरल-सहज भोजन की महत्ता को नहीं समझते। हम भूल गए हैं कि हमारे मनीषी ऋषि-मुनियों ने भोजन को सात्विक, राजसी और तामसी भागों में बांटा था। यही नहीं इसके आगे भोजन को जीवित और मृत भोजन में वर्गीकृत किया था। हम भूल गए हैं कि भोजन भी जीवित और मृत हो सकता है। हमें सबसे ज्यादा जीवनदायी पोषण जीवित भोजन से मिलता है। भोजन को बिना पकाए खाने का अर्थ है उसको उसकी सर्वाधिक शुद्ध अवस्था में खाना। आइए, गेहूं के पौधे का उदाहरण लेकर इस बात को समझते हैं। अगर हम गेहूं का एक बीज लेकर उसे बो दें और पानी दें तो कुछ ही दिनों में वह अंकुरित होकर एक सुंदर पौधे के रूप में खिलखिलाएगा, लेकिन अगर उसी गेहूं से बने नूडल्स को मिट्टी में बीजें तो कुछ भी नहीं होगा क्योंकि नूडल्स भोजन तो है, पर उसमें प्राण नहीं है। नूडल्स मृत भोजन है। यह सही है कि हम केवल कच्चा भोजन ही नहीं खा सकते, इसलिए यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि हमारे भोजन का 70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे भोजन का होना चाहिए, जैसे कि फल, सब्जियां, सलाद, नारियल, मेवे, जूस और स्प्राउट।

ये जीवित भोजन की श्रेणी में आते हैं। यही कारण है कि हमेशा भोजन के साथ खूब सारा सलाद और मौसमी फल खाने की सलाह दी जाती है। यही नहीं, जिसे हम कच्चा भोजन मानते हैं वह दरअसल कच्चा नहीं है। वह सूर्यदेव की ऊर्जा से पका हुआ परिपूर्ण भोजन है। सूर्यदेव की ऊष्मा ने इनमें जीवन भरा है। जब हम सब्जियों को आग पर पकाते हैं तो दरअसल हम उन्हें दूसरी बार पका रहे होते हैं। पेड़-पौधों से आकर सीधे हमारी थाली में पहुंचे भोजन से मिलने वाला पोषण सर्वश्रेष्ठ है। ऐसा भोजन हमें भरपूर ऊर्जा देता है, सेहत देता है, जीवन देता है। आग पर पका हुआ, पानी में मिला हुआ, बर्फ में जमा हुआ भोजन इसका मुकाबला नहीं कर सकता। अनाज और सब्जियां, जब हम पकाएं भी तो उन्हें तीन से पांच घंटे के अंदर खा लेना चाहिए। फ्रिज में रखकर हम भोजन की ऊर्जा छीनकर उसे निष्प्राण कर देते हैं। जब हम भोजन को आग पर पकाते हैं तो सबसे पहले उसमें से सूर्य की ऊर्जा चली जाती है, और बाद में उच्च तापमान पर पकने के कारण उसके पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। यही कारण है कि पुराने जमाने में भोजन को बहुत कम तापमान पर सहज-सहज पकाया जाता था जिससे वह गुणकारी और सुखकारी बना रहता था। लेकिन अब गैस, माइक्रोवेव और फ्रिज ने मिलकर हमारा जीवन दूषित कर दिया है।

भोजन को कम से कम तापमान पर और कम समय के लिए पकाएं ताकि उसके जीवनदायी तत्व सुरक्षित रहकर हमें उचित पोषण दे सकें। इसी तरह भोजन को उबालने से बेहतर है कि उसे भाप से पकाया जाए। पैकेट बंद, डिब्बा बंद और बोतल बंद खाद्य पदार्थों के निषेध में ही हमारी भलाई है। यह सबसे ज्यादा खराब भोजन है क्योंकि इसकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए इसे बहुत लंबे समय तक बहुत उच्च तापमान पर पकाया जाता है और यह बहुत ज्यादा पुराना भी होता है। अक्सर हम इस भ्रम में जीते हैं कि यदि हम मांस नहीं खाएंगे तो हमें प्रोटीन कहां से मिलेगा? सच्चाई यह है कि अत्यधिक प्रोटीन लेना, कम प्रोटीन लेने से ज्यादा खतरनाक है और कई गंभीर बीमारियों का कारण है। दूध को लेकर भी हम इसी तरह के भ्रम के शिकार हैं। संयमित मात्रा में लिया गया गाय का ताजा दूध सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन ज्यादा लाभ कमाने के लालच ने इस दूध को खत्म कर दिया है। अब हमें जो दूध मिलता है उसमें यूरिया, स्टार्च, कास्टिक सोडा, डिटर्जेंट, सफेद पेंट और रिफाइंड तेल मिले होते हैं ताकि यह गाढ़ा हो जाए और लंबे समय तक खराब न हो। यह दूध, दूध नहीं, जहर है।

नारियल का दूध इसका बढ़िया विकल्प है, बहुत स्वास्थ्यकर है, बनाना भी उतना ही आसान है। नारियल की गिरी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिक्सी में बारीक पीस लें। इसे एक कपड़ा डालकर छानेंगे तो नारियल का पौष्टिक और स्वादिष्ट दूध मिल जाएगा। बचा हुआ गूदा चेहरे पर लगाएं, त्वचा स्वस्थ और चमकीली हो जाएगी। जुआ खेलना कानूनी अपराध तो है ही, जुआ खेलकर हम घर भी बर्बाद कर सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जुआ खेलने में आनंद नहीं आता। आनंद आता है, पर हम अपने भले के लिए उस आनंद को छोड़ देते हैं। इसी तरह बहुत सा अन्न ऐसा है जो जुए की तरह स्वादिष्ट तो है, पर सेहत बर्बाद करने वाला है, अतः बिना किसी बहस के उसे छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। सफेद चावल की जगह ब्राउन चावल, रिफाइंड आटे की जगह चोकर वाला आटा, लाल मिर्च या मिर्च पाउडर की जगह हरी मिर्च, आयोडीन युक्त नमक की जगह सेंधा नमक का इस्तेमाल सेहत के लिए सर्वश्रेष्ठ है।

विदेशी या बेमौसमी फल, दोनों ही जितने भी स्वादिष्ट हों, सेहत के लिए अच्छे नहीं हैं। हां, यदि आप विदेश में हों तो वहां के स्थानीय फल खाएं, ज्यादा अनाज खाने के बजाय सलाद और ताजे मौसमी फलों को वरीयता दें। यह आपकी सेहत की गारंटी है और इन सबमें स्वाद भी बहुत है। एक छोटी सी बात का और ध्यान रखें तो आपको और भी लाभ होगा। मान लीजिए कि आप बंगाल के रहने वाले हैं और नौकरी, व्यवसाय या रिश्तेदारी की वजह से आप पंजाब में आकर बस गए हैं तो आपके लिए पंजाब का स्थानीय खाना ज्यादा मुफीद है क्योंकि यह पंजाब की जलवायु के अनुरूप है। इसी तरह अगर कोई पंजाबी बंगाल में जा बसे तो उसे अपने मैन्यु में बंगाली ढंग का खाना शामिल कर लेना चाहिए। यही नहीं, अच्छी सेहत के लिए यह जरूरी है कि हम अपनी पाचन क्रिया के कामकाज को समझें। भोजन को लेकर हमारे शरीर में तीन चक्रों में काम होता है। पहले राउंड में हमारा खाया हुआ भोजन पचता है, दूसरे राउंड में हमारा तंत्रिका-तंत्र उसे एब्जॉर्ब करता है, खुद में अवशोषित करता है और तीसरे और अंतिम दौर में शेष बची हुई गंदगी को बाहर निकालने के लिए रख देता है। जब तक ये तीनों चक्र पूरे न हो जाएं और हम कुछ और नया खा लें तो होगा यह कि पहले का बचा हुआ खाना तो शरीर में वैसे ही रह जाएगा और हमारा पाचन तंत्र नए खाए हुए खाने को पचाने में व्यस्त हो जाएगा। यदि हम ऐसा करते हैं तो शरीर में गंदगी, जहरीले पदार्थ और कीटाणु पैदा होते हैं जो हमारी बीमारी का कारण बनते हैं। इन छोटे-छोटे सूत्रों का ध्यान रखेंगे तो आपको भोजन का स्वाद भी आएगा और सेहत भी बनी रहेगी।

# चिंता का सबब बनता गिरता हुआ रुपया

सत्यवान सौरभ

रुपये के मूल्यह्रास का मतलब है कि डॉलर के मुकाबले रुपया कम मूल्यवान हो गया है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 77.44 के सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। सख्त वैश्विक मौद्रिक नीति, अमेरिकी डॉलर की मजबूती और जोखिम से बचने, और उच्च चालू खाता घाटे से भारतीय रुपये के लिए गिरावट चिंता का विषय है। भारतीय रुपये के मूल्यह्रास के पीछे विभिन्न कारक देखे तो वैश्विक इक्विटी बाजारों में एक बिकवाली जो अमेरिकी फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि, यूरोप में युद्ध और चीन में कोविड -19 के कारण विकास की चिंताओं से शुरू हुई थी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी के साथ, वैश्विक बाजारों में बिकवाली हुई है क्योंकि निवेशक डॉलर की ओर बढ़ गए हैं। डॉलर का बहिर्वाह उच्च कच्चे तेल की कीमतों का परिणाम है और इक्विटी बाजारों में सुधार भी डॉलर के प्रतिकूल प्रवाह का कारण बन रहा है।

भारत में, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने कोटक के आंकड़ों के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष की शुरूआत से लगभग 5.8 बिलियन डॉलर की निकासी की है, जिससे मुद्रा पर दबाव बढ़ गया है। बढ़ती मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए मौद्रिक नीति को कड़ा करने के लिए आरबीआई द्वारा उठाए गए कदमों से भी मूल्यह्रास हुआ है। बढ़ते व्यापार घाटे के कारण भी दबाव है - अप्रैल में घाटा मार्च में 18.7 अरब डॉलर से बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। दरअसल, विश्लेषकों के मुताबिक, चालू खाता घाटा 2013 के संकट के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर रहने की संभावना है।

कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, मुद्रास्फीति की आशंका, ब्याज दरों में बढ़ोतरी और कमजोर घरेलू इक्विटी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 77.43 के ताजा निचले स्तर पर आ गया। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने, डॉलर की मजबूती ने जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों की मांग को प्रभावित किया, जिससे स्थानीय इकाई कम हुई। ग्रीनबैक के मुकाबले रुपया 0.7% गिरकर 77.43 पर आ गया, जो इस साल मार्च में 76.98 के पिछले सर्वकालिक निचले स्तर को छू गया था। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय संपत्तियों की लगातार बिक्री को लेकर चिंता का भी मुद्रा पर असर पड़ा। फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से रुपये पर दृष्टिकोण खराब हो गया है क्योंकि संघर्ष के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि हुई है।

रुपये में गिरावट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव दूरगामी प्रभाव छोड़ेगा; चालू खाता घाटा बढ़ने, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और रुपये को कमजोर करने के लिए बाध्य है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अन्य महत्वपूर्ण आयातों के साथ, अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से लागत-मुद्रास्फीति की ओर बढ़ रही है। कॉस्ट-पुश इन्फ्लेशन जिसे मजदूरी-पुश इन्फ्लेशन के रूप में भी जाना जाता है; तब होता है जब मजदूरी और कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण समग्र कीमतों में वृद्धि (मुद्रास्फीति) होती है। कंपनियों को उच्च लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर पूरी तरह से डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, जो बदले में, सरकारी लाभांश आय को प्रभावित करती है, बजटीय राजकोषीय घाटे के बारे में सवाल उठाती है।

मजबूत अमेरिकी मुद्रा के साथ-साथ निराशावादी वैश्विक बाजार की भावना रुपये के मूल्यह्रास का कारण बन रही है। बाजार की धारणा भी आहत हुई है क्योंकि निवेशक बढ़ती मुद्रास्फीति, दुनिया के प्रमुख देशों में मौद्रिक नीति के सख्त होने, आर्थिक मंदी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से चिंतित हैं। इसके अतिरिक्त, व्यापक व्यापार बिल के रूप में देश अपनी तेल जरूरतों का 85% आयात करता है, ने निवेशकों को हिला दिया है। ह्लबाजार सहभागियों को डर है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत के व्यापार और चालू खाते को नुकसान होगा।

रुपये में गिरावट भारतीय रिजर्व बैंक के लिए दोधारी तलवार है। कमजोर रुपये को सैद्धांतिक रूप से भारत के निर्यात को बढ़ावा देना चाहिए, लेकिन अनिश्चितता और कमजोर वैश्विक मांग के माहौल में, रुपये के बाहरी मूल्य में गिरावट उच्च निर्यात में तब्दील नहीं हो सकती है। मुद्रास्फीति आयातित मुद्रास्फीति का जोखिम पैदा करता है, और केंद्रीय बैंक के लिए ब्याज दरों को रिकॉर्ड स्तर पर लंबे समय तक बनाए रखना मुश्किल बना सकता है। भारत अपनी घरेलू तेल आवश्यकताओं का दो-तिहाई से अधिक आयात के माध्यम से पूरा करता है। भारत खाद्य तेलों के शीर्ष आयातकों में से एक है। एक कमजोर मुद्रा आयातित खाद्य तेल की कीमतों को और बढ़ाएगी और उच्च खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ावा देगी।

मूल्यह्रास का मुकाबला करने के लिए गैर-आवश्यक वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाने से डॉलर की मांग कम होगी और निर्यात को बढ़ावा देने से देश में डॉलर के प्रवाह को बढ़ाने में मदद मिलेगी, इस प्रकार रुपये के मूल्यह्रास को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। मसाला बॉन्ड सीधे भारतीय मुद्रा से जुड़ा होता है। यदि भारतीय उधारकर्ता अधिक रुपये के मसाला बांड जारी करते हैं, तो इससे बाजार में तरलता बढ़ेगी या बाजार में कुछ मुद्राओं के मुकाबले रुपये के स्टॉक में वृद्धि होगी और इससे रुपये का समर्थन करने में मदद मिलेगी।

बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) विदेशी मुद्रा में एक प्रकार का ऋण है, जो अनिवासी उधारदाताओं द्वारा किया जाता है। इस प्रकार, ईसीबी की शर्तों को आसान बनाने से विदेशी मुद्राओं में अधिक ऋण प्राप्त करने में मदद मिलती है, जिससे विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ेगा, जिससे रुपये की सराहना होगी। भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रा की स्लाइड को नरम करने के लिए हस्तक्षेप कर रहा है - इसके विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से पता चलता है कि यह गंभीर मामला है। यह मुद्रा की अस्थिरता को कम करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आटो इलेक्ट्रिशियन की दुकान से हजारों की चोरी

गजरौला। टायर पंचर व आटो इलेक्ट्रिशियन की दुकान के ताले तोड़कर 25 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। गुरुवार सुबह मिस्त्री दुकान पर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। तहरीर पुलिस को दी गई है। नेशनल हाईवे किनारे सीओ आफिस के पास शहर के मछली मंडी निवासी मोहम्मद सिराज की टायर पंचर व मोहम्मद इकबाल की आटो इलेक्ट्रिशियन की दुकान है। बुधवार रात दोनों मिस्त्री अपनी-अपनी दुकान के काउंटर का ताला लगाकर घर चले गए। इसी बीच देर रात में किसी समय चोरों ने दोनों काउंटर के ताले तोड़कर करीब 25 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। गुरुवार सुबह जब दोनों मौके पर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पड़ताल की। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

### लाखों की चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

सैदनगली। किसान के घर हुई लाखों रुपये की चोरी की वारदात का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। लाख कोशिशों के बाद भी चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। घोरों ने दिनदहाड़े दो माह पूर्व सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर शर्की निवासी ओमपाल सिंह के मकान से सोने-चांदी के जेवरात व 10 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिया था। वारदात के समय ओमपाल का परिवार रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम में गया था। दोपहर में घर लौटने पर कमरे के ताले टूटे मिलने पर नकदी व सामान गायब मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की थी। डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया था लेकिन नतीजा नहीं निकल सका। हालत यह है कि फिलहाल तक भी चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जारी है। जल्द चोरों को गिरफ्तार करते हुए वारदात का पदार्फाश किया जाएगा।

### जिला कृषि अधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

ढवारसी। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय ढवारसी की मढैया का निरीक्षण किया। स्कूल में छात्र-छात्राओं को दी जा रहीं सुविधाओं की बावत जानकारी की। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि स्कूल में पढ़ाई का स्तर तुलनात्मक रूप से काफी अच्छा है। बच्चों के लिए साफ पानी व गुणवत्ता युक्त मिड डे मील की दिक्कत है। कक्षाओं के अलावा अलग से शेड की भी कोई व्यवस्था नहीं है। तय किया कि विद्यालय के पास फंड उपलब्ध न होने की स्थिति में संस्थाओं के सहयोग से व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने यातायात नियमों के पालन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण विषय के प्रति भी सभी को जागरूक किया। इस दौरान भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य राजीव गोयल, गौरव चड्ढा, अनवर कमाल, सुधीर चंद्र कटारिया, मोहित शर्मा, ललित मोहन त्यागी, संतोष कुमारी आदि मौजूद रहे।

### परिषदीय स्कूलों में आज से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू

अमरोहा। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में शुक्रवार से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा। पंद्रह जून तक स्कूलों में शिक्षण कार्य बंद रहेगा। सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में भी अवकाश शुरू होने जा रहा है। उत्साहित बच्चे परिवार संग सैर सपाटे की योजना बना रहे हैं। भीषण गर्मी में हिल स्टेशन की सैर करना बच्चों की पहल पसंद बना है।

# राज्य में गरीबों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं : सीडीओ

## 31 मई तक अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति योजनाओं के लाभ के लिए करें आवेदन

**बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम लि0 द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियो के आर्थिक उत्थान हेतु अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि संचालित योजनाओ में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्व: रोजगार योजना, शहरी क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, लाण्ड्री एंव ड्राईक्लीनिंग योजना, टेलरिंग शॉप योजना, बैंकिंग करसपोण्डेन्ट योजना, बैंकिंग करसपोण्डेन्ट योजना व मैनुअल स्कैवेन्जरो के पुनर्वास की स्व: रोजगार योजना है। उन्होंने बताया कि योजनाओ में इच्छुक व्यक्ति अपना ऋण आवेदन पत्र दिनांक 31मई 2022 तक जमा किया जाना अनिवार्य है। ऋण आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड अनिवार्य है। मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह ने बताया कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वः रोजगार योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियो को उद्योग व्यवसाय करने हेतु राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम से रुपए 20000.00 से लेकर 15,00000 तक की योजनाएं स्वीकृत कराई जाती है, जिसमें रुपए 10000६ अनुदान के रूप में दिया जाता है। मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र दुकान निर्माण योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के गरीबी के रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ऐसे परिवार जिनके पास 13.32 वर्ग मीटर स्वयं की भूमि व्यवसायिक स्थल पर हो, उन्हे दुकान निर्माण करने हेतु दो किश्तो में 78000 रुपए की धनराशि का भुगतान कर उन्हे दुकान निर्माण कराया जाता है। जिसमें रू0 10000 अनुदान एंव 68000 ब्याज मुक्त ऋण है। जिसकी अदायगी 120 समान मासिक किश्तो में करनी होती है। मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह ने बताया कि लाण्ड्री एंव ड्राईक्लीनिंग योजनान्तर्गत लाण्ड्री एंव ड्राईक्लीनिंग योजना की लागत रुपए 216000 तथा 100000 रुपए है। जिसमें 10000अनुदान तथा 206000 एंव 90000 ब्याज मुक्त ऋण है। उन्होंने बताया कि टेलरिंग शॉप योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के युवक युवतियो के आर्थिक उत्थान हेतु टेलरिंग शॉप योजना संचालित है। जिसकी लागत रुपए 20000 है। जिसमें रुपए 10000 अनुदान तथा रुपए 10000 ब्याजमुक्त ऋण है। जिसकी अदायगी लाभार्थी द्वारा 36 समान मासिक किश्तो में की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह ने बताया कि बैंकिंग करसपोण्डेन्ट योजनान्तर्गत ऐसे चिन्हित स्वच्छकार एवं उनके आश्रित जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इन्टरमीडिएट तथा कम्प्यूटर का ज्ञान हो, का बिजनेस करेसपोण्डेन्ट (व्यवसाय संवाददाता) बिजनेस फैसीलेटर बनाये जाने हेतु निगम कार्यालय से रू0 1.00 लाख का ऋण प्रदान किया जायेगा, जिसमे 10000- का अनुदान तथा रू0 25000- मार्जिन मनी ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर शेष रू0 65,000- ब्याज मुक्त ऋण होगा। मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह ने बताया कि मैनुअल स्कैवेन्जरो के पुनर्वास की स्वः रोजगार योजनान्तर्गत चिन्हित स्वच्छकार एवं उनके आश्रितो को स्वः रोजगार स्थापित करने हेतु रू0 50000 से 15,00,000 का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें रुपए 5.00 तक 50 प्रतिशत अनुदान 5.00 लाख से 10.00 लाख तक योजना लागत का 33 प्रतिशत तथा 15.000 लाख तक की परियोजनाओ में अधिकतम 3.25 लाख का अनुदान राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी फाईनेन्स एंड डवलेपमेन्ट कारपोरेशन नई दिल्ली के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है मुख्य विकास अधिकारी के0 पी0 सिंह ने बताया कि उपरोक्त योजनाओ में इच्छुक व्यक्ति अपना ऋण आवेदन पत्र शहरी क्षेत्र से सम्बन्धित आवेदक जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/ध्यदेन जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम लि0, प्राईवेट बस स्टैन्ड के सामने कलैक्ट्रेट रोड बिजनौर कार्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्र से सम्बन्धित आवेदक खण्ड विकास अधिकारी, कार्यालय में तैनात ग्रामध्सहायक विकास अधिकारी (स0क0) को स्वंयध्डाक द्वारा दिनांक 31.05.2022 तक जमा किया जाना अनिवार्य है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली



**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**

जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज छात्रों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं व स्टाफ को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई प्रधानाचार्य डा. जीपी सिंह ने विषय के प्रति जागरूक किया। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। रैली में शामिल छात्रों ने इस ओर आम लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी स्लोगन एवं नारों के जरिए यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। इस दौरान डा.शिव शंकर यादव, डा.वीके शुक्ल, डा.नरेश कुमार, अनिल कुमार, अंकित कुमार, सुधीर गुप्ता, मनोज गौड़ आदि मौजूद रहे।

## सख्ती के साथ होगी अतिक्रमणकारियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई : बृजेश कुमार

**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**



शहर में अतिक्रमणकारियों की अब खैर नहीं। शासन की सख्ती के बाद नगर पालिका प्रशासन ने इस ओर सख्त रुख अख्तियार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का पालन करते हुए अगले एक सप्ताह में शहरभर को अतिक्रमण मुक्त करने का ऐलान जिम्मेदार अफसरों ने किया है। शहरी इलाकों में पसरे अतिक्रमण को हटाने के लिए शासन स्तर से सख्ती बरती जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अब खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरमान जारी किया है। अगले एक सप्ताह में संबंधित सभी पालिका ईओ को इस ओर पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाते हुए अपने-अपने इलाकों को अतिक्रमण मुक्त कराने का अल्टीमेटम दिया है। बुधवार शाम हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री के फरमान की जानकारी होते ही स्थानीय पालिका अफसरों के बीच भी हड़कंप मच गया। ईओ डा.बृजेश कुमार का कहना है कि इस ओर अब पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमणकारियों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। बेहतर रहेगा कि अतिक्रमणकारी स्वयं अपने अतिक्रमण को हटा लें। अन्यथा की स्थिति में पालिका प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा, जिसका हर्जाना भी अतिक्रमणकारी से ही वसूल किया जाएगा।

## लॉ छात्रों को किया मोबाइल फोन का वितरण

अमरोहा। कॉलेज ऑफ लॉ में मोबाइल फोन वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने एलएलबी तृतीय वर्ष के 60 विद्यार्थियों को मोबाइल फोन वितरित किए। सभी से शिक्षित होकर विकसित समाज के निर्माण में योगदान करने की अपील की। इस दौरान निदेशक ऋचा सिंह, प्रबंधक वैभव यादव ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डा.नवदीप यादव समेत कॉलेज प्रबंधन कमेटी व स्टाफ मौजूद रहा।

## सात केंद्रों पर चल रहीं मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

अमरोहा। जिले में सात केंद्रों पर मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जा रही है।जिले में 14 मई से मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। 23 मई तक यह परीक्षा चलेंगी। जिले में परीक्षा के लिए सात केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सिर्फ एक ही मदरसे को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जबकि बाकी छह कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा कराई जा रही हैं। सचल दल परीक्षा केंद्रों का दौरा कर रहा है। सीसीटीवी कैमरे से भी परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण व नकल विहीन मदरसा बोर्ड की परीक्षा चल रही हैं। सचल दल परीक्षा केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। कोई भी अनुचित सामग्री परीक्षा के दौरान नहीं पकड़ी गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट स्तर से भी कड़ी नजर रखी जा रही है। गौरतलब है कि जिले में तीन हजार अधिक परीक्षार्थी मदरसा बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे हैं।

# अतिक्रमण करने वालों पर चला प्रशासन का डंडा

**नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**





नगर के मुख्य मार्गो के किनारे हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर जेसीबी चलवा दी जिससे वहां अफरातफरी मच गई और लोग वहां से अपना सामान उठा कर भागने लगे। ज्ञात हो कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत प्रशासन ने नालों के ऊपर खड़े ठेले, और रखे गए खोखे हटाते हुए मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया। एसडीएम मनोज कुमार, सीओ गजेन्द्र पाल सिंह, नगर पालिका ईओ विजय पाल की उपस्थिति में स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड के बाहर एवं शहर के मुख्य चैराहो से अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। जिन लोगों ने नाली के ऊपर अपने ठेले व खोखे रखे थे या दुकान के ऊपर से डालकर दुकान बढ़ा रखी थी उनको जेसीबी की सहायता से हटाया गया। इससे उन लोगों में हड़कंप मच गया और वह अपना सामान उठाकर भागने लगे।बता दें कि अतिक्रमण को बढ़ावा देने वाले दुकानदार व ठेले स्वामी जो,अपना सामान नहीं हटा पाये, उसे जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया। बड़े दुकानदारों और आम लोगों ने प्रशासन की इस कार्यवाही का समर्थन करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान चलने से नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यवाही समय-समय पर होती रहनी चाहिए जिससे लोगों में अतिक्रमण न करने का भय बना रहे। उधर प्रशासन ने अतिक्रमण करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। शहर के मुख्य मार्गो पर अचानक जेसीबी के चलने से स्थानीय लोगों व दुकानदारों में हलचल मची रही।पालिका कर्मियों अतिक्रमण के सामान को पालिका परिषद के वाहन में भरकर ले गए।

## सुलह समझौते के बाद विदा हुई बारात

हसनपुर। दूल्हे के घोड़ी से उतर कर दुल्हन के घर के आगे डांस करने को लेकर बिगड़ी बात घंटों की गुहार-मनुहार के बाद बन सकी। समझौते के बाद रात में शादी की रस्में पूरी हुई और दुल्हन संग बारात विदा हुई।कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी युवक की बारात बुधवार को नजदीकी गांव गंगाचोली गई थी। बारात चढ़त के दौरान दूल्हा घोड़ी पर सवार था। जैसे ही बारात दुल्हन के घर के आगे पहुंची तो दूल्हे के दोस्तों ने उसे नीचे उतार कर डांस करना शुरू कर दिया। खुशी में दूल्हा भी नाचने लगा। दुल्हन पक्ष के लोगों को यह बात नागवार गुजरी। उन्होंने विरोध किया तो दोनों ओर से मारपीट हो गई। दुल्हन व दूल्हे के भाई समेत छह लोग घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाराती भाग खड़े हुए। काफी देर के बाद भी कोई समझौता नहीं हुआ तो दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। हालांकि, कोतवाली में शिकायत से पहले ही कुछ जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों के बीच फैसला करा दिया। शाम करीब सात बजे शादी की रस्में फिर शुरू की गईं। आधी रात के बाद बारात दुल्हन को लेकर बारात विदा हुई। फिलहाल गांव व आसपास क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना है।

# श्री वेंक्टेशवरा के मेरठ परिसर में टेबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण

**गजरौला/मेरठ, प्रात : किरण संवाददाता**



राष्ट्रीय राजमार्ग जटौली बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान में उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओ को तकनीकी एवं डिजीटल रूप से सशक्तीकरण की कल्याणकारी योजना ह्ह्डिजी शक्तिह्ह के तहत मेधावी पात्र छात्र-छात्राऐं/टेबलेट/स्मार्टफोन पाकर युवा खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर वक्ताओ ने केन्द्र/उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनओ की जमकर प्रशंसा करते हुए ह्ह्डिजीटल सशक्तीकरण की ह्ह्टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजनाह्ह को युवाओ के लिए वरदान बताया। श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में उ0प्र0 सरकार की ह्ह्डिजी शक्ति टेबलेट वितरणह्ह समारोह का शुभारम्भ वेंक्टेश्वरा समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, मेरठ कैन्ट विधायक श्री अमित अग्रवाल, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, क्षेत्रीय मीडिया संयोजक बीजेपी अलोक सिसौदिया, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।अपने सम्बोधन के कैन्ट विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की मोदी एवं यू0पी0 की योगी की डबल इंजन की सरकार ने विकास के नये आयाम स्थापित किये है। आज पूरा विश्व आशाभरी नजरो से भारत की ओर देख रहा है। देश के युवाओ को स्वावलम्बी बनाने के लिए आदरणीय प्रधानमन्त्री जी ने ह्ह्स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत, आयुष्मान भारत, डिजीटल इण्डिया, मेक ईन इण्डिया जैसी सैकडो कल्याणकारी योजनाऐं शुरू की है। जिससे युवा सीधे लाभान्वित हो रहे है।प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने कहा कि आज सूचना एवं तकनीक के बेजोड संगम से भारतीय युवा पूरे विश्व में सफलता का परचम लहरा रहे है, यू0पी0 सरकार की विद्यार्थियों को निशुल्क टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना (डिजी शक्ति) द्वारा आज गाँव-गाँव-घर-घर युवा तकनीकी रूप से सशक्त हो रहे है। हम इस सरकारी योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रालोद ने राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन




**बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता**

रालोद ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भारत के राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। जिसमें कहा गया है कि भारत एक लोकतांत्रिक और कृषि प्रधान देश की आर्थिक स्थिति में कृषि क्षेत्र का बडा योगदान है लेकिन वर्तमान समय में कृषि, किसान, मजदूर व आम आदमी डीजल पैट्रोल, रसोई गैस, लोहा, सीमेंट आदि की बेतहाशा बढती कीमतों से परेशान है। भारत की थोक मुद्रा स्फीति बढकर सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गयी है। तथा पैट्रोल डीजल एवं बिजली स किसान एवं मजदूर और आम आदमी की कमर तोड दी है। इसके अतिरिक्त गेहूं के निर्यात पर भी रोक लगाकर किसानों को हानि पहुंचायी जा रही है। ज्ञापन देने वालों में डा0 नीरज चैधरी, पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, ब्रजवीर सिंह, महावीरी सिंह, सुखवीर सिंह, मुफीज आलम, खान जफर सुल्तान, प्रवीण सिंह देशवाल सहित सैकडों रालोद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तेंदुए पर हमले के आरोपी दस नामजद व एक हजार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

नौगावां सादात। तेंदुए पर हमला करने के आरोपी दस नामजद व एक हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम की धाराओं में क्षेत्रीय रेंजर की तहरीर पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद से ग्रामीणों के बीच हड़कंप मच गया है। वहीं उपचार के बाद ग्रामीणों के हमले में गंभीर घायल हुए तेंदुए की हालत में सुधार आने पर वन अफसरों ने राहत की सांस ली।नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मखदूमपुर में ग्रामीणों ने एक तेंदुए को घेर लिया था। लाठी-डंडों से हमला कर तेंदुए को गंभीर घायल कर दिया गया था। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए को कब्जे में लिया था। डीएफओ कार्यालय लाकर पशु चिकित्सकों की देखरेख में तेंदुए का उपचार शुरू कराया गया। अब लगातार उपचार के बाद तेंदुए की हालत में अपेक्षित सुधार आया है। वहीं मामले में पुलिस व वन अफसरों की कार्रवाई का चाबुक अब चला है। क्षेत्रीय वन रेंजर की तहरीर पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत तेंदुए पर हमला कर अधमरा करने के आरोपी 10 नामजद समेत 1000 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हाशमी गर्ल्स पीजी कॉलेज में हुआ छात्राओं को टेबलेट वितरण का कार्यक्रम

**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**



हाशमी गर्ल्स डिग्री कालेज में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत 227 छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी डा0 हरि सिंह ढिल्लो मौजूद रहे।इस दौरान उन्होंने 200 छात्राओं को पढ़ाने का जिम्मा गोद लिया।कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित करते शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि वे शासन द्वारा प्रदान किए गए टेबलेट का प्रयोग अपनी पढ़ाई लिखाई के कार्य में करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन बहुत ही मेहनत मांगता है, और यही मेहनत सफलता के द्वार खोलती है। उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के छात्राओं की मद्द कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल इण्डिया के सपने को साकार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान करते कहा कि टेबलेट का सुदपयोग करें। यह आपकी आगे की पढ़ाई में मद्दगार साबित होगा। इसे अपनी आगे की पढ़ाई में करें। क्योंकि आज के इस डिजिटल युग में छात्राओं को टेबलेट व स्मार्ट फोन मिलने से उनकी तरक्की में प्रगति होगी। छात्राओं से उच्च शिक्षा हासिल करने का आह्वान करते कहा कि आप पढ़ोगे तभी तो हवाई जहाज में उड़ोगे। इस दौरान डा. ढिल्लो ने हाशमी एजुकेशनल ग्रुप की प्रशंसा करते कहा कि हाशमी परिवार जिस तरह से छात्राओं की तालीम के लिए काम कर रहा है वह प्रशंसनीय है। हाशमी डिग्री कालेज जनपद का एकमात्र बालिका महाविद्यालय है। जो लगातार छात्राओं की तालीम पर जोर दे रहा है। डा0 ढिल्लो ने आने वाले सत्र में 200 छात्राओं को गोद लेकर उन्हें पढाने की जिम्मेदारी ली।हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डा0 सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने छात्राओं को सम्बोधित करते कहा कि आज उच्च शिक्षा का दौर है।टेबलेट द्वारा आपको आधुनिक युग से जोड़ने का यह कार्य सराहनीय है। तालीम से ही तरक्की सम्भव है। क्योंकि एक पढ़ी लिखी बेटी ही अपने परिवार को अच्छे ढंग से चला चलती है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा टेबलेट का प्रयोग अपनी पढ़ाई में करने का आह्वान किया। इससे पूर्व हाशमी कालेज पहुंचने पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो का जोरदार स्वागत किया गया तथा उन्हें फूल मालाएं अपनाकर वह कालेज स्मृति चिन्ह देक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेंज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन बी0एड0 विभागाध्यक्ष डा0 सन्त कुमार मिश्रा ने किया।

## जीआईसी में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिलाई सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की शपथ

बिजनौर। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर की प्रधानाचार्या डा० विनिता द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कालेज में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक मुरादाबाद मण्डल शलभ माथुर रहे ! शपथ ग्रहण से पूर्व महानिरीक्षक ने यतायात के नियमो पर विस्तार से रोशनी डाली और बच्चों को बताया कि जीवन अमूल्य है !हमे सावधानी पूर्वक यातायात के नियमो का पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए ! क्योंकि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी बिल्कुल सत्य कहा गया है ! कार्यक्रम में जिला मजिस्ट्रेट उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक डॉ0 धर्मवीर सिंह ने यातायात के नियमो पर विस्तृत चर्चा की ! कार्यक्रम के अंत मे छात्राओं व समस्त स्टाफ को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी ! ज्ञातव्य है कि हाल ही में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल द्वारा जिला कारागार बिजनौर के निरिक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचर्या व उनकी छात्राओं की भूरी-भूरी प्रसंशा की गई थी।

# एडीएम बिजनौर और एसपी देहात ने प्रशासक के साथ की सालाना मजालिसों की समीक्षा



**नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता**

विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द की सालाना मजालिसों को लेकर जिले के आला अधिकारियों के साथ अंतिम समीक्षा की और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये ताकी आने वाले जायरीनो को किसी तरह की कोई भी असुविधा ना हो पाये। दरगाह प्रशासक डॉ हबीब हैदर ने दरगाह कमेटी द्वारा की गई तैयारीयों को लेकर विस्तार पूर्वक बताया और प्रशासन से मिल रहे सहयोग के लिये धन्यवाद दिया विनय कुमार केग्रामीण राम अर्ज सिंह, उपजिलाधिकारी नजीबाबाद मनोज कुमार, उपजिलाधिकारी नगीना, क्षेत्रधिकारी नगीना, नजीबाबाद, के आलावा मीटिंग में तहसील स्टॉफ के साथ ब्लॉक के अधिकारी, अग्नि शमन विभाग, नगर पालिका, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल निगम, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य निरक्षक, विभाग, पूर्ति विभाग आदि से समीक्षा की और सालाना मजालिसों के प्रोग्राम को सफलतापूर्वक कराने पर बल दिया, दरगाह प्रशासक डॉ हबीब हैदर ने बताया की इस वर्ष पहली बार यहाँ हिन्दू धर्म गुरु, स्वामी और अहले सुन्नत के बड़े उलेमा तथा हिंदुस्तान की दरगाहों के आला हजरात शिरकत करके गंगा जमुनी तहजीब का सन्देश देंगे। उन्होंने बताया की इस दर पर सभी धर्मो के मानने वालों की आस्था जुडी है यहाँ से सभी फरयादी अपनी मुरादें पाते है और उनको यहाँ आकर सकून मिलता है। मीटिंग में अधिकारियो ने भ्रमण कर पार्किंग, कैम्प और मुख्य मुख्य बिंदुओं पर विचार कर रणनीति बनाई।

## जनता ने मौका दिया बिना भेदभाव करूंगा जनता की सेवा: दिलशाद

बिजनौर। विगत 20 वर्षो से निस्वार्थ राजनीति के माध्यम से बिना किसी भेदभाव जातिवाद के जिस काबिल भी हूं आपके बीच रह कर आपके मान सम्मान की लड़ाई लड़ने का काम किया है मैने कभी चमक धमक की राजनीति नही की मैने कभी हिंदू मुस्लिम जातिवाद बिरादरीवाद भाई भतीजावाद की राजनीति नही की मे कुर्ता पजामा पहन कर ढेकेदारी दलाली करने के लिए राजनीति नहीं करता मैने इन 20 सालो मे कभी अपने लिए आपसे वोट नहीं मांगा हमेशा आप लोगो के साथ रहकर आपके हक मे जो सही लगा उसके लिए आपसे वोट मांगा है यह कहना है पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद बिजनौर दिलशाद अंसारी का। उनका कहना है मैने तो अपना हक जो मुझे मिलता उसकी भी कुबार्नी दे दी मे सत्ता में भी रहा ताकत मे भी रहा लेकिन कभी अपने अंदर घमंड को नहीं आने दिया अपने रहम सहन को नही बदला जैसे भी हु उसी तरह हमेशा आपके बीच रहा अगर आप लोगो ने मुझे ताकत दी तो इंशाअल्लाह पूरी ईमानदारी से मजबूती के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा यह वादा करता हु की आपको आपके फैसले पछतावा नही होगा बल्कि फक्र होगा।

# ग्राम पंचायत मुस्सेपुर में खुली बैठक का हुआ आयोजन



**मंडावली, प्रात : किरण संवाददाता**

ग्राम पंचायत मुस्सेपुर में खुली बैठक का हुआ आयोजन जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ग्राम की विकास योजनाएं तथा अपात्र राशन कार्डो का किया गया सोशल आडिट नजीबाबाद विकासखंड के ग्राम पंचायत मुस्सेपुर में आज ग्राम प्रधान दिलीप कुमार की अध्यक्षता तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विवेक कुमार के संचालन में एक खुली बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में ग्राम पंचायत के तीनों गांव मुस्सेपुर, राजा रामपुर तुलसी और महावतपुर दलपत के ग्राम वासियों ने भाग लिया कृषि विभाग से उपस्थित कृषि तकनीकी सहायक कुलदीप कुमार ने किसान सम्मान निधि की सोशल ऑडिट के साथ-साथ सभी किसानों से ईकेवाईसी कराने का निवेदन किया उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक दो लाख 21671 लाभार्थियों लाभार्थी कृषक ओने ईकेवाईसी कराई है जो पुल प्रमाणित लाभार्थियों का 60 प्रतिशत है सोशल ऑडिट में मृतक व अपात्र किसानों की जानकारी प्राप्त की गई जिसमें ग्राम पंचायत मुस्सेपुर में 35 ऐसे किसान पाए गए जो अपात्र हैं सर्वसम्मति से अपात्र किसानों को किसान सम्मान निधि योजना से बाहर करने का निर्णय लिया गया ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि गांव में अधिक से अधिक विकास के कार्य कराए जाने हेतु ग्राम पंचायत संकल्पित है।

# ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने पर भड़के ग्रामीणों ने लगाया जाम, किया हंगामा

**प्रात : किरण संवाददाता, मनोज शर्मा**



रहरा। ब्लॉक क्षेत्र के रहरई गांव में चार दिन से फूंका ट्रांसफार्मर नहीं बदलने पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजलीघर के सामने हसनपुर अलीगढ़ मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों पर अवैध वसूली का भी आरोप लगाया। जाम लगने के बाद वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस की ग्रामीणों से नोकझोंक हुई। ग्रामीण ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग पर अड़े रहे। करीब बीस मिनट जाम लगा रहा। गंगेश्वरी क्षेत्र के रहरई गांव में चार दिनों से बिजली ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। जिस वजह से वजह से आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। इनवर्टर ठप हो गए। ग्रामीण पेयजल को तरस रहे हैं। सुनवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार की सुबह अमरोहा-अलीगढ़ मार्ग पर जमा हो गए। उन्होंने बिजली घर के सामने जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों को रुपये देने के बावजूद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका। जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। किसानों का शोषण किया जा रहा है।जाम की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को समझाकर शांत कराया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इंस्पेक्टर ने बिजली अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर जल्दी समस्या का निराकरण कराने का आश्वासन दिया।इस दौरान करीब मिनट तक सड़क जाम रहने से यातायात प्रभावित हो गया। इस मौके पर धरना प्रदर्शन में रामप्रकाश यादव, मनवीर यादव, आदित्य गुप्ता, रामदास, सुमित गुप्ता, शीशपाल कुशवाह, देवराज सिंह कुशवाहा, बलधारी सिंह, फारुख शेख, अनवर अली, अनु कुशवाहा, अनुज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक का किया गया आयोजन

संभल। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय एकता विहार कॉलोनी संभल मैं एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई बैठक का प्रारंभ भारत माता दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर किया गया बैठक में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 8 साल के सफलतम कार्यकाल पूर्ण होने पर लगातार 15 दिन के पार्टी संगठन के कार्यक्रमो की रूपरेखा तैयार की गई की गई, जो कि 30 मई से 15 जून तक हर मंडल और जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रत्येक कार्यकताओं को प्रत्येक दिन 8 घंटे कार्यक्रम लगातार करने होंगे।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कबंशी एवं संचालन अर्जुन बाल्मीकि जिला महामंत्री ने किया बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव पूर्व विधायक अजीत सिंह उर्फ राजू परमेश्वर लाल सैनी,मंजू दिलेर,चंद्रपाल सिंह उर्फ पप्पू हरेंद्र सिंह रिंकू कमल कुमार कमल डॉक्टर नरेंद्र सिंह अखिलेश अग्रवाल धीरेंद्र यादव, विरलेश यादव राखी सिरोही शिखर गोयल जयप्रकाश गुप्ता विपिन गुप्ता पुष्प लता पाल प्रभात शर्मा, टीएस पाल,हरिओम शर्मा संध्या गर्ग मनोज कठेरिया,मुकुल रस्तोगी,आकाश अग्रवाल,सतीश अरोरा,मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के कॉलेज परिसर में दलित छात्र पर हमला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) से भौतिकी में स्नातकोत्तर कर रहे एक दलित छात्र पर कॉलेज परिसर में छात्रों के एक समूह ने हमला कर दिया। यह घटना लखनऊ विश्वविद्यालय के दलित प्रोफेसर रविकांत चंदन के साथ कैंपस में एक छात्र द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के एक दिन बाद हुई है। आशियाना पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीटेक के एक छात्र के नेतृत्व में आरोपी ने उसके खिलाफ जातिवादी टिप्पणी की और 15 मई को उसकी बेरहमी से पिटाई की। उसने दावा किया कि अगर कोई सुरक्षा गार्ड उसके बचाव में नहीं आता तो आरोपी उसकी हत्या कर देते। पुलिस ने हथियारों से लैस होकर मारपीट करने, गाली-गलौज करने और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अभिषेक कुमार ने कहा कि वह सुल्तानपुर जिले का मूल निवासी है और बीबीएयू से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा है। मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### उप्र : लापता आठ वर्षीय बालिका का शव मिला

कन्नौज। जिले के सौरिख थाना क्षेत्र में बुधवार की रात से लापता आठ वर्षीय एक बालिका का शव बृहस्पतिवार की सुबह मक्के के खेत में पाया गया। बालिका के परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के अरूहो गांव की निवासी आठ वर्षीय बच्ची बुधवार की रात को लापता हो गई थी। रात में परिवार के लोगों ने उसे तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला।

# भैंस-बकरी चोर से लेकर भू-माफिया तक बने आजम

## तीन साल में मुकदमों का लगा चुके हैं शतक

रामपुर, एजेंसी




उत्तर प्रदेश की सपा सरकार में मुख्यमंत्री तक के फैसलों को पलट देने की हैसियत रखने वाले आजम खां पर योगी सरकार की टेढ़ी नजर का कहर वर्ष 2019 से बरपा था। लोकसभा चुनाव से पहले, उसके दौरान और बाद तक उनके खिलाफ अलग-अलग मुकदमे दर्ज होते रहे और उन्होंने मुकदमों का शतक तक लगा लिया। उन पर भैंस-बकरी चोरी, मारपीट-लूटपाट के आरोप तो लगे ही। इसके साथ ही उन्हें भू-माफिया तक घोषित कर दिया गया। कुल 107 मामलों में आजम खां को नामजद किया गया। इसमें कुछ मामलों में उनकी पत्नी तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम को भी नामजद किया गया।

लोकसभा चुनाव 2019 में आजम खां पहली बार सांसदी का चुनाव लड़े थे। वह जीत भी गए। जीत के साथ ही उन पर सौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो गए। उन पर पाजेब, बकरी, भैंस लूटने से लेकर सरकारी जमीन कब्जाने, नदी की जमीन पर कब्जा करने, शत्रु संपत्ति कब्जाने, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, धोखाधड़ी, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, आचार संहिता उल्लंघन, अमर्यादित टिप्पणी करने सरीखी धाराओं में केस दर्ज हुए।

षणयंत्र रचकर डकैती, छेड़छाड़, धमकाने, मारपीट, गाली गलौज, तोड़फोड़, बलवा करने के भी मुकदमे हुए। जौहर विवि के लिए कूट रचित दस्तावेज तैयार कर शत्रु संपत्ति से लेकर नदी की जमीन तक पर कब्जा करने के आरोप में पूर्व जिला प्रशासन द्वारा शासन के एंटी भू-माफिया पोर्टल पर आजम खां का नाम दर्ज कर उन्हें भू-माफिया घोषित कर दिया गया।

बीते तीन साल में आजम खां को कुल 107 मामलों में नामजद किया गया। इनमें से 89 मुकदमों में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किए। नौ मुकदमे शासन ने खुद ही वापस ले लिए और एक में नामजगी झूठी पाई गई। सात केस में पुलिस अंतिम रिपोर्ट लगा चुकी है। करीब सवा दो साल से आजम खां सीतापुर जेल में बंद है। उनके साथ उनकी पत्नी तजीन फात्मा और बेटा अब्दुल्ला आजम भी जेल में थे। लेकिन तजीन फात्मा को एक साल बाद और करीब डेढ़ साल बाद अब्दुल्ला को जेल से रिहाई मिल गई। सपा नेता आजम को 88 मामलों में जमानत मिल चुकी है। जबकि गुरुवार को एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी है।

### मथुरा विवाद के बाद यूपी के आठ जिले अलर्ट पर

लखनऊ। कृष्णा जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद को लेकर विभिन्न अदालतों में दायर याचिकाओं के मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस ने आठ जिलों में अपनी इकाइयों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। याचिकाकताओं ने शहर में श्री कृष्ण मंदिर परिसर के पास स्थित मस्जिद में मुसलमानों की उपस्थिति पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। अतिरिक्त महानिदेशक (आगरा जोन), राजीव कृष्ण ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने आगरा जोन के आठ जिलों, जिसमें मथुरा भी शामिल है, को न केवल विवादित स्थल पर बल्कि अन्य जगहों पर भी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं, विशेष रूप से संवेदनशील स्थानों पर। एडीजी ने कहा कि क्षेत्र के सभी आठ जिलों के पुलिस प्रमुखों को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई धर्म के नाम पर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने कहा कि जिले में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और शांति बनाए रखने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

### पेपरलेस होगी विधानसभा की कार्यवाही

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया ई-विधान केन्द्र का लोकार्पण



लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार विकास कार्य के तहत पर्यावरण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सरकार ने अधिकांश सरकारी कार्यालय को पेपरलेस करने का कदम उठाने के साथ अब उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्यवाही को भी पेपरलेस कर लिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में गुरुवार को ई -विधान एप्लीकेशन केन्द्र का लोकार्पण किया, जिससे विधानसभा की कार्यवाही का आनलाइन संचालन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्यवाही को कागज रहित बनाने के लिए विधानमंडल के बजट सत्र से नेशनल ई-विधान परियोजना को लागू करने की तैयारी को सरकार ने पूरा कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधान भवन में नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन केंद्र का लोकार्पण किया। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी थे। अब उत्तर प्रदेश में ई विधान मंडल सत्र होगा। मुख्यमंत्री ने इसके बाद विधानभवन की गैलरी में हुए सुंदरीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया। सौन्दर्यी करण के तहत विधान भवन की गैलरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित मदन मोहन मालवीय, वीरांगना लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सरोजिनी नायडू, चंद्रशेखर आजाद, बाल गंगाधर तिलक, मंगल पाण्डेय, सरदार भगत सिंह तथा टीपू सुल्तान की तस्वीरें लगाई गई हैं।

# चिप में दिया गया सर्वे के दौरान लिए गए फोटोग्राफ और वीडियो के साक्ष्य

वाराणसी, एजेंसी



विशेष एडवोकेट कमिश्नर विशाल सिंह ने अपनी मौजूदगी में हुई तीन दिन की सर्वे की रिपोर्ट गुरुवार को कोर्ट में दाखिल कर दिया है। इस रिपोर्ट के साथ साफ्ट कापी कोर्ट को सौंपी है। चिप में सर्वे के दौरान लिए गए फोटोग्राफ और वीडियो साक्ष्य के तौर पर शामिल हैं। शुरू के दो दिन के सर्वे की रिपोर्ट पूर्व एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्र ने अपनी रिपोर्ट बुधवार को ही कोर्ट में दाखिल कर दिया था। रिपोर्ट की प्रति वादी और प्रतिवादी पक्ष को उपलब्ध कराया जाएगा। इस पर उनकी आपत्ति के बाद ही अदालत कोई फैसला करेगी। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण में स्थानीय अदालत में चल रही सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। इस मामले में अब 20 मई को तीन बजे सुनवाई होगी। इसके बाद स्थानीय अदालत में इस मामले में कार्यवाही नहीं होगी। अदालत में दो प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई भी नहीं हो सकेगी। इसमें से एक वादी पक्ष ने दिया है। इसमें तहखाने की दीवार और वहां मौजूद मलबा हटाकर कमिश्नर एडवोकेट की कार्यवाही की मांग की है। इस पर प्रतिवादी पक्ष ने अपनी बात रखने के लिए दो दिन का समय मांगा है। इस आशय का प्रार्थना पत्र कोर्ट में दाखिल किया है। वहीं दूसरा प्रार्थना पत्र जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद पांडेय ने वजूखाने में मौजूद मछलियों को स्थानांतरित करने समेत तीन मांग किया है।

इस बाबत वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु जैन का कहना है कि आगे की कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए समय तक आगे की प्रक्रिया नहीं होगी। विष्णु जैन सुप्रीम कोर्ट में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ज्ञानवापी मस्जिद पर सर्वे रिपोर्ट दाखिल होने के बाद कोर्ट द्वारा नियुक्त विशेष सहायक आयुक्त वकील विशाल सिंह ने कहा कि हमने सीलबंद लिफाफे में वीडियो चिप भी दाखिल की है। कोर्ट के समक्ष सब कुछ पेश किया गया है। वहीं असिस्टेंट कोर्ट कमिश्नर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि कोर्ट ने हमें ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे कमीशन करने की जिम्मेदारी दी थी और हमने 14,15 और 16 मई को सर्वे कमीशन किया। हमने बहुत निष्ठा से सर्वे रिपोर्ट तैयार किया।

### हिंदू धर्म में कहीं भी पत्थर रख दो, लाल झंडा रख दो, मंदिर बन गया अखिलेश का विवादित बयान

अयोध्या। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने हिंदू धर्म को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में कहीं पर भी पत्थर रख दो, एक लाल झंडा रख दो, पीपल के पेड़ के नीचे तो मंदिर बन गया।ह्व ये बुलडोजर सिर्फ धर्म, जाति और हमारे मुसलमान भाइयों को डराने के लिए है। कार्रवाई बड़े लोगों के लिए नहीं है। अयोध्या के एक होटल में प्रेसवार्ता कर कहा कि देश में महंगाई बढ़ी है, जिसे भाजपा ने बढ़ाई है। भाजपा ज्ञानवापी का मुद्दा जानबूझकर मुद्दा उठा रही है। अभी तक एक योजना चला रही थी, कि वन नेशन वन राशन, लेकिन अब योजना चला रही है कि वन नेशन वन उद्योगपति। सभी का ध्यान ज्ञानवापी मस्जिद की ओर करके भाजपा उद्योगों को बेच रही है। सपा सुप्रीमो ने कहा कि अयोध्या जैसे पवित्र स्थान पर 5 साल की बच्ची से रेप होता है। वहां बुलडोजर नहीं चलाया गया। केवल गरीब पर चलता है। एक व्यक्ति सब्जी लेने गया था, उस पर भी बुलडोजर चल गया। ज्ञानवापी मस्जिद के बहाने सरकार गेहूं को विदेश भेजकर कुछ लोगों को फायदा पहुंचा रही है। सभी ने निर्यात पर रोक लगाए जाने का समाचार पढ़ा और सुना होगा, लेकिन गेहूं विदेश भेजने का नहीं सुना होगा।

# अखिलेश पर कैबिनेट मंत्री नंदी ने कसा तंज आजमगढ़ की जनता को फिर ठगने की तैयारी



प्रयागराज, एजेंसी

प्रयागराज में शहर दक्षिणी से विधायक चुने गए कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्त नंदी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला है। उनके आजमगढ़ दौरे पर चुटकी लेते हुए ट्वीट किया है कि अखिलेश जी क्या एक बार फिर आजमगढ़ की जनता को ठगने की तैयारी में हैं। पहले वहां के लोगों से वोट लेकर ठगा फिर बीच कार्यकाल में त्यागपत्र देकर जनादेश को धोखा दिया। नंदी ने इस ट्वीट में लिखा है कि पूरे कार्यकाल के दौरान आजमगढ़ में सपा के जिन नेताओं और कार्यकताओं की दुखद मृत्यु हुई, शोक प्रकट करने उनके घर जाना तो दूर, संवेदना के दो शब्द भी नहीं कहे। अब जब उपचुनाव सामने है तो शोक संवेदना और शादी विवाह के बहाने शामिल होने पहुंच रहे हैं। आजमगढ़ की सम्मानित जनता इस मौकापरस्ती को देख और समझ रही है। मंत्री नंदी ने यह भी लिखा है कि आजमगढ़ की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही और अब दोबारा आपको मौका देने वाली नहीं है।

### मुवि में भारतीय संस्कृति की मूल चेतना पर व्याख्यान

प्रयागराज। चेतना से संस्कृति का स्वरूप निर्धारण होता है। भारतीय संस्कृति में चेतना के मूल्य को खोजने की प्रवृत्ति है। आत्म चेतना मनुष्य को निरंतर गतिशील बनाए रखती है। चेतना की अभिव्यक्ति ही गतिशीलता प्रदान करती है। उक्त बातें रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के प्राचीन इतिहास विभाग के प्रो. एके सिन्हा ने कही। वे बुधवार को राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति की मूल चेतना विषय पर व्याख्यान को बतौर मुख्यवक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मनुष्य पशुओं से इसलिए श्रेष्ठ है क्योंकि उसमें आत्म चेतना होती है। आत्म चेतना मनुष्य को श्रेष्ठता प्रदान करती हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा के निदेशक प्रो. ओमजी गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्वबंधुत्व की भावना से ओतप्रोत है। आज जहां पूरा विश्व बहुत सीमित हो गया है, वहीं पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखने की भारतीय संस्कृति की परिकल्पना साकार हो रही है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत समाज विज्ञान विद्या शाखा के प्रभारी प्रोफेसर एस कुमार ने किया। संचालन डा. सुनील कुमार व आभार ज्ञापन डा. त्रिविक्रम तिवारी ने किया। डा. संजय सिंह, डा. आनंदानंद त्रिपाठी, डा. दीपशिखा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## सरकारी तालाब उप स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम समाज की जमीन पर दबंग ने किया अवैध कब्जा

संभल, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश सरकार जीरो टायलेस पर काम कर रही है लेकिन कुछ जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण दबंग भूमाफिया द्वारा ग्राम समाज एवं सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है ऐसा ही एक मामला जनपद संभल के मोहम्मदपुर मालनी में देखने को मिला।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध कब्जा धारियों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। लेकिन कुछ दबंग व्यक्ति अपनी दबंगई के चलते ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सम्भल बिकास खंड के ग्राम पंचायत मोहम्मद पुर मालनी मे बने स्वास्थ्य केंद्र के बराबर मे ग्राम समाज की जमीन पर दबंग अकिल पुत्र हबीब द्वारा अवैध कब्जा कर अवैध निर्माण किया जा रहा है। सूत्रो द्वारा बताया गया है कि इसी के द्वारा पूर्व में भी ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर अपने मकान का निर्माण किया गया है।

और गांव के सरकारी तालाब जिस का नम्बर 147. एंव 155.पर दबंग भूमाफियो के द्वारा अबैध कब्जा कर लिया गया है। एक तरफ तो जिला प्रशासन सरकारी तालाबों एब ग्राम समाज की जमीनों को चिन्हित कर रहा है। ताकि इन से अवैध कब्जा हटाकर कब्जा मुक्त कराया जा सके। लेकिन कुछ दबंग अपनी दबंगई के चलते अवैध कब्जा करने के साथ-साथ ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर अबैध निर्माण भी कर रहे । सवाल यह उठता है कि दबंग अवैध कब्जा किस के दम पर कर रहे जब की ग्राम समाज की सम्पत्ति पर ग्राम प्रधान एवं लेखपाल द्वारा कोई भी ध्यान नही दिया जा रहा है। इसे दोनो की लापरवाही कहे या मिलीभगत कहे देखना है। प्रशासन द्वारा अबैध कब्जा धारी पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# जयमाला के बाद हुआ तमाशा लौट गया दूल्हा, दुल्हन ने लगा ली फांसी

लखनऊ, एजेंसी



पसंद की बाइक न मिलने से नाराज दूल्हे ने जयमाल के बाद शादी से इंकार कर दिया और मंडप से वापस लौट गया। इससे नाराज दुल्हन ने आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। दो दिन पहले तक गांव में शादी की तैयारियों को लेकर हर तरफ खुशनुमा माहौल था। वहीं, दुल्हन की आत्महत्या से अब मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी की जुबान पर तरह तरह की चर्चा है। ग्रामीणों ने बताया कि माल के नरायणापुर गहदो निवासी अमित की बेटी संध्या की शादी थी। संध्या की शादी नौबस्ता सलेहनगर निवासी ठाकुरदीन के बेटे अमर बहादुर से हो रही थी। शादी में कोई कमी न रहे, इसका पूरा ख्याल रखा गया। दहेज के लिए दूल्हे की हर मांग पूरी की गई। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मांगी गई अपाचे बाइक की जगह स्पलेंडर खरीदी गई थी। रविवार 15 मई को बरात दरवाजे पहुंची। धूमधाम से बरात का स्वागत किया गया। दूल्हा व उसके दोस्त नाचते-गाते स्टेज पर पहुंचे। वहां जयमाल संपन्न हुआ। इसके बाद दूल्हे की नजर स्टेज से उतरते ही दहेज में मिली बाइक पर पड़ गई तो वह भड़क गया। उसने शादी से इनकार कर दिया। दुल्हन पक्ष के लोग मान-मनौव्वल में जुट गए लेकिन दूल्हा अचानक उठा और अपने रिश्तेदारों के साथ मंडप से निकल गया।

ग्रामीणों ने यह भी बताया की लड़के वालों की तरफ से जेवर कम आने की वजह से लड़की के घरवालों ने उन्हें काफी भला बुरा कहा था। इसी से नाराज होकर बारात वापस हो गई थी। दूल्हा जहां बाइक के लिए हंगामा कर रहा था। वहीं जैसे ही मंडप में कार्यक्रम शुरू हुआ तो घर की महिलाओं ने जेवरात देख नाराजगी जाहिर की। इस बात पर दोनों पक्षों में काफी देर तक कहासुनी चलती रही। इस पर नाराज दूल्हा और उसके करीबी रिश्तेदार वहां से चले गए। दूल्हा पक्ष दुल्हन को जेवरात नहीं देना चाहता था। आरोप है कि बाइक तो सिर्फ बहाना था। घटना से सदमे में आई दुल्हन संध्या ने सोमवार की रात घर में ही फांसी लगा ली थी। घरवालों ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या किए जाने की बात कही है। थानाध्यक्ष माल रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। सही तथ्यों की खोजबीन की जा रही है। संध्या की मां शांति ने बताया कि हम बहुत परेशान हैं। हमें किसी पर कोई आरोप नहीं लगाना।

# तंजीम फात्मा बोलीं : आजम खां की अंतरिम बेल सत्य की जीत

लखनऊ, एजेंसी



समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य आजम खां को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद उनके प्रशंसक काफी खुश हैं। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के बाद आजम खां की पत्नी डा. तंजीम फात्मा ने सुप्रीम कोर्ट से आजम खां को अंतरिम जमानत मिलने को सत्य की जीत बताया है। पूर्व राज्यसभा सदस्य व पूर्व विधायक डा. तंजीम फात्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से आजम खां को अंतरिम बेल से साबित हो गया कि सत्य की जीत होती है। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता है। आजम खां को बेल सत्य की जीत है।

आजम खां के केस के मामले में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर आजम खां की पत्नी ने कुछ भी कहने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं तो उनके (अखिलेश यादव) के बारे में कुछ नहीं कहना चाहती हूं। आजम खां साहब को न्याय मिला है, जिससे हम सभी काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि करीब 28 महीने बाद सीतापुर की जिला जेल से कल रिहा होने के बाद आजम खां सीधा रामपुर ही आएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने हमें बड़ी राहत दी है। डा. तंजीम फात्मा ने कहा कि मैं उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने इस मुश्किल समय में हमारा साथ दिया है।

गौरतलब है कि सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। कोर्ट ने रामपुर में कोतवाली पुलिस थाना से जुड़े एक मामले में आजम खान को अंतरिम जमानत दे दी है।

**आयोजन** 18 से 29 मई तक आयोजित होने वाली इस हाट का विधिवत उद्घाटन किया गया

# आगरा में हुनर हाट, डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन

आगरा, एजेंसी



कौशल को शान और कला को पहचान दिलाता कौशल कुबेरों का कारवां ताजनगरी के शिल्पग्राम में पहुंच चुका है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए दस्तकार, शिल्पकार अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। असम से लेकर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु से लेकर राजस्थान तक की कला और संस्कृति बिखर रही है। शिल्पग्राम में मनो लघु भारत सिमट गया हो। 41 वीं हुनर हाट की शुरूआत बुधवार से हो चुकी है। 18 से 29 मई तक आयोजित होने वाली इस हाट का विधिवत उद्घाटन गुरुवार को केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया। मगर, इससे पहले ही यहां विभिन्न प्रदेशों से आए दस्तकार, शिल्पकार अपने उत्पादों का प्रदर्शन चुके हैं।

शिल्पग्राम में गुरुवार सुबह 11 बजे हुनर हाट का औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने देश भर से आए शिल्पियों को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक भी मौजूद रहे। हुनर हाट में असम, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गोवा, हिमाचल आदि प्रदेशों की कला और संस्कृति की झलक दिखाई दे रही है।

यहां मिट्टी, कांच, लकड़ी, बांस, बेंत, पीतल, तांबे, चंदन चन्दन आदि से बने हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ ही कश्मीर की सिल्क साड़ी, हैंडलूम, लकड़ी का फर्नीचर आदि के स्टाल सज चुके हैं। मेरा गांव, मेरा देश (फूड कोर्ट) में एक ही जगह देशभर के लजीज जायकों का लुत्फ उठा रहे हैं। 12 दिवसीय इस आयोजन के दौरान देश के जाने-माने और उभरते कलाकारों के शानदार गीत-संगीत के कार्यक्रम, लेजर शो, परंपरागत सर्कस, मनमोहक सेल्फी प्वाइंट आदि आकर्षण का केंद्र हैं।

हुनर हाट में सांस्कृतिक संध्या में शैलेंद्र सिंह, पंकज उधास, दलेर मेहंदी, अल्ताफ राजा, तलत अजीज, मोहित चौहान, रूप कुमार राठौर व सोनाली राठौर, भूमि त्रिवेदी, पूर्णिमा श्रेष्ठ, राजू श्रीवास्तव, निजामी बंधू, प्रतिभा सिंह बघेल, दिलबाग सिंह आदि अलग-अलग दिन अपनी प्रस्तुति देंगे। हुनर हाट का उद्घाटन करने आए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार को दोपहर लगभग एक बजे तक यहीं रहेंगे। इसके बाद वह मेहंदीपुर बालाजी जाएंगे। उपमुख्यमंत्री सड़क मार्ग से ही लखनऊ से आगरा आएंगे और यहां मेहंदीपुर बालाजी जाएंगे। उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासिक स्तर पर तैयारियां की गई। उपमुख्यमंत्री इस बीच किसी भी स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर सकते हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पहले ही अलर्ट हो गए हैं।

### एक क्लिक पर प्रमुख मंदिरों की मिलेगी जानकारी

लखनऊ। यूपी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार जल्द ही प्रदेश के प्रमुख मंदिरों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध कराने जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इंटीग्रेटेड टेम्पल इनफार्मेशन सिस्टम यानी समन्वित मंदिर सूचना तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिस पर मंदिर से जुड़ी सभी जानकारियां आनलाइन उपलब्ध हो सकेंगी। प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व के मंदिरों का चिह्नंकन करा उनके विकास की योजना तैयार कर रही है। भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र मंदिरों से संबंधित घोषणा की थी। उसी को अमलीजामा पहनाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। इसी के तहत मंदिरों की इस योजना पर भी काम शुरू कर दिया गया है। लक्ष्य रखा गया है कि है इसे छह माह में पूरा कर लिया जाए। धर्मार्थ कार्य विभाग के निदेशक दीपक अग्रवाल ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों से इस सम्बंध में सभी मंदिरों की पूरी जानकारी मांगी गई है।

# प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के प्राइमरी व बेसिक स्कूलों में आज से गर्मी की छुट्टियां, 16 जून से खुलेंगे स्कूल

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां कल से होंगी। बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय गर्मी की छुट्टियां के बाद 16 जून से खुलेंगे। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में इस बार गर्मी की छुट्टियां 27 दिन की हैं। नए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार इन सभी स्कूलों में 16 जून से पठन-पाठन फिर शुरू हो जाएगा। विद्यालयों में शैक्षिक सत्र जुलाई के बजाए अब एक अप्रैल से शुरू होता है। इसी के साथ ही अब अवकाश की समय सारिणी बदल चुकी है। प्रदेश के इन स्कूलों में 21 मई से 30 जून तक मिलने वाला ग्रीष्मावकाश अब 20 मई से 15 जून तक रहेगा। अब तो सभी प्राथमिक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश भी मिल रहा है, जो कि हर वर्ष 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक दिया जाता है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद सचिव प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि विद्यालयों में शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार गुरुवार तक पढ़ाई होगी, शुक्रवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू होंगी जो 15 जून तक रहेंगी। 16 जून को स्कूल सुबह साढ़े सात बजे खुलेंगे और तेजी से पढ़ाई कराई जाएगी। कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए संस्थाओं से 23 तक मांगे आवेदन : प्रदेश में पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए ह्यओह्ण लेवल एवं त्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना वर्ष 2022-23 में आनलाइन संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाएं अन्य पिछड़े वर्ग के युवक, युवतियों को ओ लेवल एवं त्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण कराने के लिए संबंधित जनपदों में 23 मई तक आनलाइन आवेदन कर सकती हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशक डा. वंदना वर्मा ने बताया कि आनलाइन आवेदन करने के लिए विभाग की वेबसाइड पर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करने वाली संस्थाओं में से कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं का चयन किया जाएगा।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 मई, 2022




## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ की सूचीपत्र का विमोचन स्वामी धर्मदेव महाराज ने किया

फरीदाबाद। हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के सूचीपत्र का विमोचन स्वामी धर्मदेव महाराज पटौदी वालों ने किया। आजाद विचार पत्रिका का मई माह का अंक उसके संपादक मोनिक आजाद ने हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ को समर्पित किया जिसमें हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के सभी मुख्य कार्यक्रमों का लेखा जोखा है। इस अंक को पंजाबी संघ की कैटलाग के रूप में प्रकाशित किया गया। आज पंजाबी संघ की टीम प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद के नेतृत्व में पटौदी में स्वामी धर्मदेव जी के आश्रम में उनसे पत्रिका का विमोचन करवाने गई। स्वामी धर्मदेव जी ने पत्रिका के संपादक मोनिक आजाद की सराहना करते हुए कहा कि इस पत्रिका को पंजाबी संघ को समर्पित करके पंजाबी समाज के हकों की आवाज को जन जन पहुंचाने का कार्य किया। पत्रिका की सह संपादक नीतू लाम्बा ने कहा कि हमारी के पत्रिका हर अंक में पंजाबी के उत्थान पर लेख जरूर होगा। अंत में अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि मेरे समाजिक जीवन की शुरुआत स्वामी के आर्शिवद से ही करीब 18 वर्ष पहले हुई थी और हरियाणा पंजाबी संस्कृति का इतना बड़ा परिवार भी उनके आर्शिवाद से फल फूल रहा है। इस मौके पर हरीश चप्द्र आजाद, यशपाल तनेजा, फीरोजपुर झिरका के चेयरमैन अर्जुन देव चावला, नीतू लाम्बा, परमजीत कौर, मोनिक आजाद, गिरधारी लाल अरोड़ा, संजय चौधरी, प्रिंस रहेजा और मदान आदि उपस्थित थे।


### रेडक्रॉस ने मानेसर में फायरमैन को दी फर्स्ट एड की ट्रेनिंग

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य अगिनशामक सेवा प्रशिक्षण केंद्र आईएमटी मानेसर में पांचवें बैच का बेसिक फायरमैन कोर्स चलाया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण केंद्र के पहले दिन फायरमैन को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी गई। रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में सोसायटी सामाजिक कार्यो को गति दे रही है। उन्होंने बताया कि फर्स्ट एड का प्रशिक्षण सभी के लिए जरूरी है। आम जन रेडक्रॉस से जुड़कर यह प्रशिक्षण ले सकता है और आपत्ति के समय लोगों का जीवन बचा सकता है। मानेसर में फर्स्ट एड के इस कार्यक्रम में फर्स्ट एड इंचार्ज श्यामा राजपूत, लेक्चरर राजकुमार सोलंकी, विक्रम कुमार भटनागर, नितिन पांचाल रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से मानेसर पहुंचे। सभी फायरमैन को प्रशिक्षण दिया। उन्हें कार्य के दौरान सभी जानकारियां बारीकी से दी। आग बुझाने का कार्य बहुत ही जोखिम भरा होता है। इस कार्य के लिए सबसे पहले जरूरी है कि हम शारीरिक रूप से तंदुरुस्त और फिट हों। हमें धुएं और आग के बीच खुद को सुरक्षित रखते हुए काम करना होता है। फायर मैन के कंधों पर आग बुझाने के साथ आग वाले स्थान पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की भी जिम्मेदारी होती है। उसे पहले प्रयास सुरक्षित निकालने के ही करने चाहिए। हादसा बड़ा भी हो सकता है, ऐसे में सूझबूझ भी रखनी जरूरी होती है। फायर अधिकारी सुनील कुमार अदलखा ने रेडक्रॉस सोसायटी का धन्यवाद किया।

# मारुति हरियाणा से अलग नहीं है : सीएम

## मारुति हरियाणा में है और हरियाणा में ही रहेगी आरसी भार्गव

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज गुरुग्राम में रियल एस्टेट सेक्टर व ऑटोमोबाइल सेक्टर साथ - साथ चल रहे हैं। जब मुख्यमंत्री से यह पूछा गया कि हरियाणा से गई मारुति को वापिस लाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए तो जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मारुति इज गुरुग्राम एंड गुरुग्राम इज हरियाणा। हरियाणा मारुति से अलग नहीं है। मारुति के चेयरमैन श्री आर सी भार्गव ने भी मुख्यमंत्री की बात का समर्थन करते हुए कहा कि मारुति हरियाणा में थी, हरियाणा में है और हरियाणा में ही रहेगी। भार्गव ने हरियाणा की औद्योगिक नीतियों व इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली परिवेश की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज प्रदेश में मिले बेहतर माहौल के चलते मारुति ने अपना नया प्लांट लगाने के लिए हरियाणा के खरखौदा में भूमि का चयन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1966 में कृषि प्रधान प्रदेश के रूप में अस्तित्व में आए हरियाणा ने आज अपनी बेहतर औद्योगिक नीतियों के चलते निवेशकों को आकर्षित करने में देश ही नहीं विदेश में भी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज विदेशी निवेश को लाने में देश के बड़े राज्यों को कड़ी टक्कर देने के साथ निवेशकों की पहली पसंद बन गया है। मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने व इंडस्ट्रीज को प्रोत्साहित करने में एचएसआईआईडीसी बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि सोनीपत के खरखौदा में 3200 एकड़ में विकसित की जा रही आईएमटी में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 900 एकड़ जमीन देने के साथ ही छोटी औद्योगिक इकाइयों को भी 1000 प्लॉट दिए जा चुके हैं। पत्रकारों द्वारा महंगाई के चलते उत्पादन लागत में हो रही कीमत बढ़ोतरी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पादन की पूरी प्रक्रिया डिमांड व सप्लाई पर निर्भर है, जिसका नियंत्रण सरकार के हाथ मे नहीं होता। उन्होंने कहा कि हम टैक्स व रेवेन्यू में रियायत दे सकते हैं। परिवहन लागत को कम करने के लिए सड़क का बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर दे सकते हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगारी दर को कम करने व युवाओ को स्वरोजगार के उद्यम स्थापित करवाने में गंभीरता से प्रयास कर रही है। आज हरियाणा में एमएसएमई के माध्यम से करीब 1900 प्लाट उपलब्ध करवाए गए हैं, जिनमें 6 से 7 करोड़ रुपये की इन्वेस्टमेंट हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर साल 2 लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। प्रदेश में लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए जल्द ही सी व डी ग्रुप की भर्तियां निकाली जा रही है। इसके अलावा, प्रदेश सरकार द्वारा एक लाख लोगों का कौशल विकास करते हुए उन्हें विदेशों में रोजगार के लायक बनाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है ताकि एनआरआई की संख्या बढ़ें और लोग खुद को अपग्रेड करके वहां रोजगार प्राप्त कर सकें।

# उमर मोहम्मद दूसरी बार एचएसईबी वर्कर यूनियन के प्रधान बने



पुन्हाना, प्रात : किरण संवाददाता

गुरुवार को पुन्हाना के बिजली बोर्ड कार्यालय के प्रांगण में एचएसईबी वर्कर यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से उमर मोहम्मद लाइनमैन को दोबारा से प्रधान चुना गया। इसके अलावा रामबीर सिंह को सचिव, दीन मोहम्मद को उपप्रधान, नफीस खान सह सचिव, ताहिर हुसैन कैशियर, मुस्तफा खान व विजेन्द्र कुमार को संगठन कार्यकर्ता चुना गया। चुनावी प्रक्रिया के दौरान यूनिट प्रधान घनश्याम दास गुप्ता तारीख हुसैन उपप्रधान व केन्द्रीय कमेटी सदस्य राजेश कुमार चुनाव अधिकारी के तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान नवनियुक्त प्रधान उमर मोहम्मद ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों ने दोबारा से जो उन पर विश्वास जताया है वो उस पर खरा उतरेगें। कर्मचारियों को साथ लेकर उनकी मांगों और उनके काम को तत्परता के साथ अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका समाधान करवाएंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेगें। इस दौरान सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सिराजुद्दीन जिला प्रधान नूंह ,इजहार हुसैन एमसीसी, पंडित रामेश्वर दयाल, मनीष जैन, तेजपाल ब्लॉक प्रधान पुन्हाना, कुलदीप चौहान सह सचिव, प्रेम सिंह, राजेश कुमार फिरोजपुर झिरका, बशरुद्दीन, इमरान, नफीस खान ,रुकमुद्दीन ,सलीम खान असगर खान , शहूद खान, तरुण ,रोहतास लीलाराम, जुनैद, बिलाल दीपक, युसूफ, शब्बीर कासिम, जोगिंदर, सहित काफी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का किया जाएगा आयोजन: जिला उपायुक्त

पलवल, प्रात : किरण संवाददाता

उपायुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा तथा हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के 6 मंडल जिनमें अंबाला, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक व करनाल में मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि निष्पादन कला एवं दृश्य कला संबंधी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 मई से बढ़ाकर 30 मई 2022 कर दी है। उपायुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी कलाकार को हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। प्रतिभागी जिस मंडल का निवासी है, वह उसी मंडल से संबंधित प्रतियोगिता में आवेदन करेगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के आयु वर्ग को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें 8 वर्ष से 16 वर्ष, 16 वर्ष से अधिक से लेकर 36 वर्ष तक तथा 36 वर्ष से अधिक से लेकर किसी भी आयु वर्ग का कलाकार शामिल किए जाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि आयु के प्रमाण हेतु आधार कार्ड, वोटर कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र का निरीक्षण किया जाएगा। प्रत्येक मंडल स्तर पर आयु की तीनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कला विधा में संगीत जोकि हरियाणवी लोकगीत, हरियाणवी गीत, रागनी तथा नृत्य में हरियाणवी लोक नृत्य, हरियाणवी नृत्य और रंगमंच में सामाजिक विषयों पर आधारित लघु नाटिका एवं मोनो एक्टिंग आदि प्रतियोगिता का शीर्षक रहेंगे। प्रतियोगिता में अभद्रता, जातिसूचक, सांप्रदायिक भावना को बढ़ावा देने वाली टिप्पणियां वर्जित है।

# इनसो की रोड जाम की चेतावनी से घबराया प्रशासन , तुरंत मानी मांगे, रूटों पर बसें बढ़ाई

रेवाड़ी, प्रात : किरण संवादाता



रेवाड़ी रोडवेज बसों की कमी को लेकर इनसो ने जो मांग पत्र जारी किया था जिसमें मांगे ना माने जाने पर सर्कुलर रोड जाम करने की चेतावनी इनसो संगठन ने दी थी इसका प्रभाव प्रशासन पर देखने को मिला , भारी पुलिस बल की तैनाती बस स्टैंड पर पहले से ही कर दी गई। जब यूनिवर्सिटी अध्यक्ष रवि मसीत सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ बस स्टैंड पर पहुंचे तो रोडवेज ऋट रविश हुड्डा ने खुद आकर तुरंत प्रभाव से सभी मांगे मान ली।

यूनिवर्सिटी अध्यक्ष रवि मसीत ने बताया कि उन्होंने यूनिवर्सिटी के रूट पर बसों की संख्या बढ़ाने, धारूहेड़ा के लिए यूनिवर्सिटी से बस चलाने, केएलपी कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए बसें रुकने और गर्ल्स कॉलेज के लिए बसें चलाने की मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में विद्यार्थी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ने जाते हैं बसों की कमी की वजह से ना वह कैंपस में सही टाइम पर पहुंच पाते हैं और ना ही घर वापस सही समय पर पहुंच पाते हैं।

विद्यार्थियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है उन्होंने बताया कि इन्हीं मांगों को लेकर वह प्रदर्शन के लिए आए थे जिससे रोडवेज ऋट रवीश हुड्डा जी ने खुद वहां आकर सभी मांगों के लिए हां की और नोटिफिकेशन जारी किया। यूनिवर्सिटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि इनसो विद्यार्थियों की हर मांगों को मनवाने के लिए प्रयासरत है इन्होंने हजारों विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए प्रशासन को चेतावनी दी थी जो कि सभी मांगे मान ली गई हैं इनसो आगे भी छात्रों के मुद्दों का समाधान करवाती रहेगी। इस मौके पर इनसो उपाध्यक्ष मनीष, युगल यादव, प्रवक्ता रिजुल, उपेंद्र, दीपक, मंजीत, पूजा, रुचिका प्रीति, स्नेहा, रुचि, किरण, मनोज, शिवानी, सुरभि, नेहा, मीनू, मुकेश, नंदिनी ,पूनम, सुगंध, नेहा ,गजल ,शिवांगी, सिमरन, रजनी, रजनीश आदि सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

### गौकसी का आरोपी गिरफ्तार

**पुन्हाना।** पिछले सात माह से गौकसी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को स्थानीय सिटी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। पुलिस ने आरोपी का अदालत में पेश कर दिया है। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया । स्थानीय सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि साहब खान निवासी पैमा खेड़ा जो कि एक गौकसी के मामले में आरोपी है। वह गांव में आया हुआ है। जिस पर दबिश दी जाए तो पकड़ा जा सकता है। सूचना पाकर तुरन्त टीम गठित कर आरोपी गांव पैमा खेड़ा स्थित घर पर दबिश दी तो आरोपी साहब खान को गिरफ्तार कर लिया। उक्त आरोपी सात माह पूर्व दर्ज हुए गौकसी के मामले में आरोपी था, जिसके खिलाफ सिटी चौकी पुन्हाना में मामला दर्ज है। जिसकी पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी। चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गौतस्करी व गौकसी के मामले में संलिप्त आरोपियों की लगातार धरपकड़ जारी है। किसी भी आरोपी को नही बख्सा जाएगा। ना ही क्षेत्र में गौकसी बर्दाश्त की जाएगी।

# नशीले पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन

होडल, प्रात : किरण संवाददाता




नशीली दवाओं के खतरों से बचाव के लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालय पैंगलतू में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक भगवान सिंह सौरोत ने की और मंच संचालन अमरचंद शास्त्री ने किया। इस अवसर पर सौरोत ने कहा कि नशीली दवाओं व नशीले पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है।

नशीली चीजों के सेवन से आर्थिक हानि तो उठानी ही पड़ती ही है, साथ में समाज में सम्मान भी नहीं होता। नशा करने वालों के घरों में हमेशा लड़ाई झगड़े होते रहते हैं और इससे बच्चों पर भी बहुत बुरा असर होता है। अतः बच्चों, बड़ों और बूढ़ों सभी को धूम्रपान व शराब से बचना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रा सपना प्रथम, छात्रा प्रीति द्वितीय और छात्र अंकित तृतीय स्थान पर रहे।

दीपिका, पायल, रौनक, सुमन आदि विद्यार्थियों ने जोरदार ढंग से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, धरमवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, कृष्ण गोपाल आदि स्टाफ सदस्यों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

# डॉग स्क्वाड टीम के साथ मेट्रो स्टेशन मे चलाया सर्च अभियान

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



सभी मेट्रो स्टेशन पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बम निरोधक दस्ता की टीम व डॉग स्क्वायड की टीम के साथ थाना प्रबंधक मेट्रो पुलिस स्टेशन ओल्ड ने आज 10:00 बजे ओल्ड मेट्रो स्टेशन से शुरूआत करके सभी मेट्रो स्टेशन की चेकिंग बम निरोधक दस्ते के साथ सुरक्षा की दृष्टि से की गई।

जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में बताया गया। जिसमें पुलिस टीम के साथ डॉग स्क्वायड टीम और डीएमआरसी टीम स्टाफ नवीन कुमार स्टेशन मैनेजर, जसवंत सिंह हेड एससी, सीआईएसफ स्टाफ, आरके दलेर इंस्पेक्टर, आरके रंजन सब इंस्पेक्टर, एंड सीआईएसफ स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद में सभी मेट्रो स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया।

सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। जिसके तहत शहर में संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी।

ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होने से पहले निपटा जा सके। डीसीपी मुख्यालय नितीश अग्रवाल के द्वारा शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए हाल में पंजाब एरिया में हुई घटनाओं को देखते हुए दिए गए दिशा-निदेर्शों पर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। एरिया के किरायेदारों, ड्राइवर, सहायक, मेड, इंत्यादी व्यक्ति जो उनके एरिया में रहते हैं की वेरिफिकेशन कराएं। बाहरी,अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें।

# जिला फरीदाबाद में अब तक लगाई गई 40 लाख 14 हजार 503 डोज

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 70052 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4014503 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि गत वीरवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1363288 लोगों को पहली और 1109640 लोगों को दूसरी और 6443 लोगों को बुस्टर डोज दी गई। डॉ. मानसिंह ने आगे बताया कि 40145 हेल्थ वर्कर्स को प्रथम, 39818 को दूसरी और 8282 को बुस्टर डोज लगाई गई व फ्रंट लाइन के वर्कर्स को 13375 को प्रथम, 13607 को दूसरी और 2224 लोगों को बुस्टर डोज लगाई गई। वहीं बूस्टर डोज अभियान के तहत आज 18 से 59 व 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन के टीके लगाए गए हैं। डॉ. मान सिंह ने आगे बताया कि जिला में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 55939 बच्चों को पहली तथा 17142 बच्चों को दूसरी डोज लगाई गई। कोरोनारोधी वैक्सीन की 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 110109 किशोरों को पहली व 69332 को दूसरी डोज के टीके लगाए गए।

# बंधक बनाकर मारपीट व नगदी छीनने के आरोप में 6 के खिलाफ मामला दर्ज

पुन्हाना, प्रात : किरण संवाददाता



**आरोप**

- पुलिस को दी शिकायत में सिंगार गांव निवासी अब्दुल रजाक ने बताया कि उसकी लड़की की शादी सिरौली गांव के मुस्तकीम के साथ हुई थी।

बेटी के ससुराल गए पिता व उसके भाइयों को बंधक बनाकर लाठी डंडों से हमला करने व उनके साथ जेब में रखे पैसे व गले की चेन छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुन्हाना पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिंगार गांव निवासी अब्दुल रजाक ने बताया कि उसकी लड़की की शादी सिरौली गांव के मुस्तकीम के साथ हुई थी। 13 मई को उनके पास फोन आया की अपनी लड़की को ले जाओ। पीड़ित ने बताया कि जब वो अपने भाईयों के साथ सिरौली गांव पंहुचे तो वहां मौजूद ईशा, अजमत, ताजून, सम्मन, रहीशन निवासी सिरौली व समीम निवासी घाघस ने उन पर लाठी, डंडों, से हमला कर दिया। आरोप है कि उपरोक्त आरोपियों ने उन्हें तीन घंटे तक एक कमरे में बंधक बनाए रखा, उनकी जेब में रखे 11 हजार रुपये एक मोबाईल फोन व गले की 20 ग्राम की सोने की चैन भी छीन ली। पीड़ित ने बताया कि किसी तरह 112 नंबर पर कॉल कि जिसके बाद पुलिस मौके पर पंहुची और उन्हें आरोपियों के चंगुल से छुडाया। शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उनकी बेटी के साथ भी मारपीट की है। पीड़ित की शिकायत पर पुन्हाना पुलिस ने 6 नामजद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएमएसबीवाई-पीएमजेजेबीवाई का उठाए लाभ : एलडीएम

नूंह, प्रात : किरण संवाददाता



नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता केंद्र नूंह द्वारा टांई गांव में बुधवार को कैंप लगाया गया। कैंप में मुख्यातिथि के रूप में अग्रणी जिला मुख्य प्रबंधक (एलडीएम) पंकज कुमार सिन्हा ने शिरकत की। कैंप में केनरा बैंक टांई ब्रांच के मैनेजर अतुल बंसल, अमूल्य वित्तीय साक्षरता केंद्र के परामर्शदाता एजाज अहमद, क्रिसिल फाउंडेशन से उमर मोहम्मद और पिंकी ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एलडीएम पंकज सिन्हा ने कहा कि सभी लोग जिनकी उम्र 18 से 70 वर्ष हैं उन्हें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत साल के 12 रुपए में 2 लाख का बीमा कवर लेना चाहिए। इसके अलावा जिनकी उम्र जिनकी उम्र 18 से 50 वर्ष हैं उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 330 रुपए में 2 लाख का बीमा कवर लेना चाहिए। एलडीएम ने कहा कि यह दोनों योजना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में अगर दुर्घटना में मौत हो जाती तो परिजनों को 2 लाख रुपए की राशि मिलती है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में किसी की आकस्मिक मौत हो जाती है तो परिजनों को 2 लाख रुपए की राशि मिलती है। इस तरह से इन दोनों योजना से जुडनें पर 4 लाख का बीमा कवर होता है। वहीं मंगलवार को उजीना गांव में भी जिला केंद्रीय सहकारी बैंक गुडगांव द्वारा भी कैंप लगाया गया।

जिसमें जीएम सुनील पातड़, नाबार्ड डीडीएम जगदीश परिहार, एलडीएम पंकज सिन्हा और वित्तीय साक्षरता केंद्र गुड़गांव के परामर्शदाता पुण्यपाल ने बीमा योजना की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें



### ओमेगा सेकी ने निदा खानम को सीएचआरओ और विवेक धवन को बिक्री-विपणन निदेशक बनाया

मुंबई। बिजली चालित वाहन विनिमार्ता ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने निदा खानम को मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) और विवेक धवन को बिक्री एवं विपणन का निदेशक नियुक्त किया है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने बताया कि करीब 350 कर्मचारियों की नियुक्ति की जा चुकी है जिनमें से 20 की नेतृत्व भूमिका में की गई है। कंपनी ने कहा कि उसकी योजना अगले वित्त वर्ष तक कार्यबल बढ़ाकर 2,000 कर्मचारियों का करने की है। कंपनी के संस्थापक एवं अध्यक्ष उदय नारंग ने कहा कि खानम एवं धवन का अनुभव कंपनी की वृद्धि के अगले चरण में मददगार होगा।

### महंगाई भत्ते में एकसाथ 14 फीसद की बढ़त

नई दिल्ली। रेल विभाग ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में एकसाथ 14 फीसद की बढ़ोतरी की है। ये वे कर्मचारी हैं, जो छठे वेतन आयोग के तहत सैलरी पा रहे हैं। इस हाइक से इनकी सैलरी में हजारों रुपये की बढ़ोतरी होगी। साथ ही 10 महीने का मोटा एरियर भी मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने इसका आदेश जारी कर दिया है। रेलवे बोर्ड ने महंगाई भत्ते में दो बार में बढ़ोतरी की है। उसका कहना है कि जो कर्मचारी छठे वेतन आयोग के तहत काम कर रहे हैं, उनके महंगाई भत्ते में 1 जुलाई 2021 और 1 जनवरी 2022 से बढ़ोतरी की गई है। छठे वेतन आयोग के तहत सैलरी उठा रहे कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 1 जुलाई 2021 से 7 फीसद की बढ़ोतरी की गई है। यानि अब यह 189 फीसद से बढ़कर 196 फीसद हो गया है। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड ने 1 जनवरी 2022 से महंगाई भत्ते में फिर से 7 फीसद की बढ़ोतरी कर दी है। इससे यह 196 फीसद से बढ़कर 203 फीसद हो गया है। रेलवे बोर्ड के इस फैसले से रेल कर्मचारियों को दोहरा फायदा होगा। रेलवे बोर्ड ने फाइनेंस डायरेक्ट्रेट और मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे से मंजूरी लेने के बाद यह फैसला लागू किया है।

### सोना चमका लेकिन चांदी फिकी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोना 76 रुपये की तेजी के साथ 50,027 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। जबकि पिछले कारोबार में यह कीमती धातु 49,951 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इसके उल्ट चांदी पिछले कारोबार में 60,934 रुपये प्रति किलोग्राम से 710 रुपये टूटकर 60,224 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट के साथ 77.72 (अनंतिम) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। इसका कारण घरेलू इक्विटी में नकारात्मक रुझान और विदेशी फंड का आउटफ्लो रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,812 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जबकि चांदी 21.33 डॉलर प्रति औंस पर सपाट थी।

# वृद्धि अनुमान में कमी के बावजूद भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है वहीं भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि भी पिछले वर्ष के 8.8 फीसदी की तुलना में कम होकर 2022 में 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। इसके बावजूद भारत सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट में कहा गया कि ऊंची मुद्रास्फीति का दबाव और कामगार बाजार में असमान पुनरुद्धार से निजी उपभोग और निवेश प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग ने बुधवार को विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2022 में 3.1 फीसदी की दर से वृद्धि करने का अनुमान है जो जनवरी 2022 में जारी 4.0 फीसदी के वृद्धि पूवार्नुमान के मुकाबले कम है। 2022 में वैश्विक मुद्रास्फीति भी 6.7 फीसदी दर से बढ़ने का अनुमान है जो 2010 से 2020 की औसत 2.9 फीसदी के मुकाबले दोगुनी है। खाद्य वस्तुओं और ऊर्जा की कीमतों में भी वृद्धि हो रही है। इसमें कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था के 2022 में 6.4 फीसदी की दर से वृद्धि का अनुमान है जो 2021 की 8.8 फीसदी




● वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2022 में 3.1 फीसदी की दर से वृद्धि करने का अनुमान है जो जनवरी 2022 में जारी 4.0 फीसदी के वृद्धि पूवार्नुमान के मुकाबले कम है।

की वृद्धि दर की तुलना में कम है। वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत की वृद्धि अनुमान 6 फीसदी है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग में आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रखंड में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद रशीद ने कहा कि पूर्वी एशिया और दक्षिण एशिया को छोड़कर दुनिया के लगभग सभी क्षेत्र उच्च मुद्रास्फीति से प्रभावित हैं। रशीद ने कहा इस मामले में भारत कुछ बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा, निकट भविष्य यानी अगले साल में भारत का आर्थिक पुनरुद्धार मजबूत रहने की उम्मीद है। हालांकि जोखिम अभी खत्म नहीं हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि उर्वरक समेत कृषि उत्पादों की ऊंची कीमतों और इनकी कमी के कारण बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका में कृषि क्षेत्र प्रभावित होगा।

### संयुक्त राष्ट्र ने की भारत के लिए फक्र की बात

**नई दिल्ली।** कारोबारी साल 2023 में भारत की इकोनॉमी 6.4 फीसद की दर से बढ़ेगी। यह अनुमान सामने आने के बाद भारत के लिए संयुक्ते राष्ट्र ने बड़े फक्र की बात कही है। यूएन का कहना है कि भारत दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली इकोनॉमी होगा। संयुक्ता राष्ट्‍ के ग्लो बल इकोनॉमिक मॉनिटरिंग रिसर्च के मुख्यद हामिश रशीद ने कहा कि अगले साल और उसके बाद भी भारतीय इकोनॉमी की ग्रोथ की रफ्तार कायम रहेगी। उन्होंने यह अनुमान वर्ल्ड इकोनोमिक सिचुएशन एंड प्रोस्पेक्टस (डब्लूईएसपी) की रिपोर्ट जारी करते हुए जताया है। उनके मुताबिक वैश्विक विकास दर 3.1 फीसद बने रहने का अनुमान है। भारत का जीडीपी, जो इकोनॉमी की सेहत को दशार्ता है, अगले वित्त वर्ष में 6 फीसद तक जा सकता है। डब्लूईएसपी के मुताबिक बीते वित्ता वर्ष में भारतीय अर्थव्यावस्थाक 8.8 फीसद की दर से बढ़ी। हालांकि अनुमान 9 फीसद का आया था। रिपोर्ट के मुताबिक महंगाई की मार और लेबर मार्केट में स्लोथ रिकवरी के कारण 2022-23 में ग्रोथ का अनुमान नीचे रखा गया है। लेबर ग्रोथ रिकवरी धीमी होने के कारण निवेश पर भी असर पड़ेगा। यूक्रेन और रूस के बीच लड़ाई के कारण मौजूदा वित्तन वर्ष में ग्रोथ का अनुमान जनवरी के आंकड़े से 0.3 फीसद घटाया गया है। इकोनॉमिक पॉलिसी एंड एनालिसिस के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने कहा कि कोविड महामारी के बाद रूस और यूक्रेन की लड़ाई ने वैश्विक आर्थिक विकास दर की रफ्तार घटा दी है। जनवरी में परिस्थिति कुछ बेहतर लग रही थी लेकिन लड़ाई शुरू होने के बाद हालात खराब होते जा रहे हैं। उस समय वैश्विक विकास दर 4 फीसद रहने का अनुमान था। अभी जो हालात उपजे हैं, उससे अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, चीन और दूसरे विकासशील देश प्रभावित होंगे। चीन दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यउवस्थान है।

# फ्यूचर एंटरप्राइजेज ने एनसीडी का ब्याज देने में किया डिफॉल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्ज में डूबी फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एफईएल) की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कंपनी अपने ऋणदाताओं और निवेशकों को भुगतान नहीं कर पा रही है। बुधवार को फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने कहा कि उसने अपने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के 1.06 करोड़ रुपये के ब्याज भुगतान में चूक की है। एफईएल ने एक नियामक फाइलिंग में बताया कि भुगतान की नियत तारीख 17 मई, 2022 थी। उसने कहा, कंपनी गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर पर ब्याज के संबंध में अपने दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ है...। ऐसे में जिन निवेशकों ने कंपनी के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर में निवेश किया था, उनके ब्याज का पैसा अटका हुआ है।

किशोर बियानी के नेतृत्व वाली फ्यूचर समूह की फर्म ने पिछले तीन महीनों में कई भुगतानों में चूक की है। यह नया डिफॉल्ट 23 करोड़ रुपये की राशि के लिए जारी प्रतिभूतियों के ब्याज पर है। एफईएल ने 11 नवंबर, 2021 से 16 मई, 2022 के बीच की अवधि के लिए ब्याज भुगतान में चूक की है। यह डिबेंचर सुरक्षित हैं और प्रति वर्ष 9.28 प्रतिशत की कूपन दर है। इससे पहले पिछले महीने एफईएल ने शेयर बाजारों को बैंकों के कंसोर्टियम में 2,835.65 करोड़ रुपये के डिफॉल्ट की जानकारी दी थी। इसकी ड्यू डेट 31 मार्च 2022 थी।

बता दें कि एफईएल रिटेल, होलसेल, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेगमेंट में काम करने वाली 19 ग्रुप कंपनियों का हिस्सा थी, जिन्हें अगस्त 2020 में घोषित 24,713 करोड़ के सौदे के तहत रिलायंस रिटेल को ट्रांसफर किया जाना था। लेकिन, इस सौदे को अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले महीने रद्द कर दिया था। ऐसी स्थिति के बीच कर्ज में डूबे फ्यूचर समूह ने 5 मई को कहा था कि उसने फ्यूचर जेनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईआईसीएल) में अपनी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,266.07 करोड़ रुपये में अपने संयुक्त उद्यम साझेदार जेनरली को बेची है। कंपनी ने कहा था,ह्यह्यसरकारी और नियामक प्राधिकरणों से मंजूरी मिलने के बाद उक्त लेनदेन पांच मई 2022 को पूरा हो गया।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया 200 के पार

कराची, एजेंसी

पाकिस्तानी रुपया बुधवार को दो रुपये की गिरावट के बाद अमेरिकी डॉलर के मुकाबले खुले बाजार में 200 के महत्वपूर्ण स्तर को छू गया। इस बीच, इंटरबैंक बाजार में स्थानीय मुद्रा 2.1 रुपये की गिरावट के साथ केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के बावजूद इंट्राडे ट्रेडिंग के दौरान ग्रीनबैक के मुकाबले 199 रुपये के एक और ऐतिहासिक निचले स्तर पर गिर गया।

निवेशक चिंतित हैं क्योंकि बाजार में अटकलें हैं कि आईएमएफ पूवार्पेक्षा शर्तो को लागू करने के लिए सरकार की अनिच्छा के बाद ऋण कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए सहमत नहीं हो सकता है। बाजार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके गठबंधन सहयोगियों के बीच हुई बैठकों के नतीजे का भी इंतजार है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर सरकार देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता



लाने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं करती है, तो आने वाले दिनों में रुपया धीरे-धीरे अंतरबैंक बाजार में 200 की ओर बढ़ेगा।

जियो न्यूज के अनुसार, मंगलवार को 195.74 रुपये के करीब की तुलना में ग्रीनबैक के मुकाबले दोपहर 2:46 बजे रुपया 199 रुपये के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर कारोबार कर रहा था। स्थानीय मुद्रा ने अपनी मंदी को बनाए रखा है क्योंकि पाकिस्तान ने दोहा में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ रुके हुए बहु-अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम के पुनरुद्धार के लिए बातचीत शुरू की है।

# इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, पावर ट्रेन के निर्माण के लिए ओकिनावा व टेसिटा के बीच संयुक्त उपक्रम लॉन्च

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में विशेषज्ञ दो कंपनियों के बीच 18 मई 2022 को एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। प्रमुख भारतीय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निमार्ता कंपनी ओकिनावा ऑटोटक और इलेक्ट्रिक एवं परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल बनाने वाली इटली की मशहूर कंपनी टेसिटा के बीच यह समझौता किया गया। इस संयुक्त उपक्रम से सामने आई, नई कंपनी भारत में स्थित होगी और 2023 से उत्पादन आरंभ करेगी।

इस नए संयुक्त उद्यम की स्थापना के पीछे दोनों कंपनियों का मुख्य लक्ष्य जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम से कम करना है। इसी के साथ इनका मकसद भविष्य में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के निर्माण की दुनिया में खुद को दिग्गज कंपनी के रूप में स्थापित करना है। ओकिनावा कई साल से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर का निर्माण कर रहा है। अपने इसी अनुभव का लाभ लेते हुए ओकिनावा भविष्य में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर के स्थानीय विकास में मदद करेगा और स्थानीय तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण करेगा। टेसिटा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पावर ट्रेन प्रदान करेगी, जिसमें कंट्रोलर, मोटर, बैटरी पैक और बीएमएस



शामिल होंगे। 10 साल के शोध और अनुसंधान और विपरीत हालात में किए गए परीक्षण से कंपनी आधुनिक और बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण करने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है।

संयुक्त उपक्रम के तहत दोनों कंपनियां दो उत्पाद श्रृंखलाओं- स्कूटर्स और मोटरसाइकिल का निर्माण करेंगी। इन इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्केट के लिए किया जाएगा। 2023 में इस रेंज में स्कूटर और जबर्दस्त परफॉर्मेंस देने वाली मोटरसाइकिल शामिल होंगी। बाजार में सर्वश्रेष्ठ कनेक्टिविटी सिस्टम के साथ मिलने वाली यह पूरी रेंज ओकिनावा तकनीक से लैस होगी। नवजात कंपनी के विकास के अगले कदम 2022 में और 2023 की पहली छमाही के दौरान उठाए जाएंगे। इस दौरान कंपनी में इलेक्ट्रिक वाहनों का विकास किया जाएगा, उनका पेटेंट कराया जाएगा और अंत में सड़क पर इलेक्ट्रिक वाहन का परीक्षण किया जाएगा। इटली के टेसिटा हेडक्वॉर्टर में ओकिनावा के प्रोफेशनल टेक्निशियंस और इटली के विशेषज्ञों की टीम के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के डिजाइन का विकास किया जाएगा और पावर ट्रेन, बैटरी पैक और बीएएल के निर्माण के लिए साथ मिलकर काम किया जाएगा। भारत और इटली में सभी मौसम में सड़क पर इन वाहनों का परीक्षण किया जाएगा। सर्दियों में पड़ने वाली आलप्स की ठंड से लेकर भारतीय मानसून की नमी तक, सभी तरह के मौसम में इन इलेक्ट्रिक वाहनों की गुणवत्ता को जांचा और परखा जाएगा। इन वाहनों के परीक्षण के तहत भारत में ओकिनावा के मुख्यालय से लेकर इटली के टैसिटा हेडक्वॉर्टर तक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण की उद्घाटन यात्रा को शामिल होना चाहिए। दोनों कंपनियों का लक्ष्य हमेशा से उपभोक्ताओं को अधिकतम संतुष्टि प्रदान करने के लिए उन्हें विश्वसनीय, सुखद और उपयोगी प्रॉडक्ट्स की पेशकश करना है।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में 43 वें दिन भी कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों के गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं करने से लगातार 43वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहें। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर है। यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.00 प्रतिशत बढ़कर 110.20 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.42 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 110.05 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। जिससे अबतक 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की गयी। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

# गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस ग्रामीण भी बेच सकेंगे सामान

## डाक सेवा और कॉमन सर्विस सेंटर से हुआ करार

नई दिल्ली, एजेंसी

अब गांव के उद्यमी भी अपने सामान को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर बेच सकेंगे। इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जेम की तरफ से डाक सेवा और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के साथ करार किया गया। सीएससी का चार लाख गांवों में अपना नेटवर्क है जिसका उपयोग ग्रामीण उद्यमियों को जेम पोर्टल पर सामान बेचने के लिए किया जाएगा। वहीं डाक विभाग ग्रामीण उद्यमियों के उत्पादों की ऑनलाइन डिलीवरी से लेकर उनके भुगतान तक का दायित्व निभाएगा।

जेम के सीईओ पीके सिंह ने बताया कि अभी जेम के पोर्टल पर 45 लाख उद्यमी पंजीकृत हैं, लेकिन इनमें से मात्र एक-सवा लाख ही सक्रिय रूप से कारोबार करते हैं। जेम पोर्टल पर कारोबारियों के दायरे को बढ़ाने के




साथ ग्रामीण उद्यमियों को जोड़ने के उद्देश्य से सीएससी और डाक सेवा के साथ यह समझौता किया गया है। जेम पोर्टल पर बीटूजी (बिजनेस टू गवर्नमेंट) कारोबार होता है। उद्यमियों से सिर्फ सरकार इस पोर्टल पर खरीदारी करती है।

सिंह ने बताया कि ऐसे में ग्रामीण एक समूह बनाकर या अगर कोई ग्रामीण सक्षम है तो वह अपने स्तर पर अकेले भी जेम पोर्टल पर कारोबार कर सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को जेम पोर्टल से जुड़ने के लिए जीएसटी नेटवर्क से पंजीयन होने की कोई अनिवार्यता भी नहीं होगी। ग्रामीण उद्यमियों को पोर्टल से जोड़ने का काम सीएससी के माध्यम से किया जाएगा। क्योंकि सीएससी से जुड़े विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर (वीएलई) को पता होता है कि गांव में कौन सा व्यक्ति किस चीज को बनाने में सक्षम है या वह किन चीजों का उत्पादन कर रहा है। जेम पोर्टल से जुड़ने के लिए ग्रामीण को कोई शुल्क नहीं देना होगा। भारत में 1.5 लाख पोस्ट ऑफिस है और उनका नेटवर्क ग्रामीण इलाकों में फैला हुआ है। इसलिए डाक कर्मचारी ग्रामीण उद्यमियों के सामान की डिलीवरी देने की जिम्मेदारी संभालेंगे। डाक विभाग से लेकर सीएससी के वीएलई को इन काम के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# ऑरिफ्लेम के स्किन प्रो सीरम व मास्क कवर से अपनी त्वचा की बेहतर ढंग से कीजिए देखभाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

स्वीडन के प्रमुख सोशल सेलिंग ब्यूटी ब्रांड, ऑरिफ्लेम ने त्वचा की देखभाल और बेहतर तरीके से करने के लिए आधुनिक स्किनप्रोसीरम और मास्क कवर पेश किया है। आप खुद को निखारने और संवारने के समय अपनी त्वचा की देखभाल स्किनप्रोसीरम और मास्क कवर से कर सकते हैं, जिसे नमी को लॉक करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इससे आपके मनपसंद स्किन केयर उत्पादों में सक्रिय सामग्रियों के अवशोषण में बढ़ोतरी होती है।

यह दोबारा इस्तेमाल किया जाने वाले सिलिकॉन शीट का मास्क सीरम या क्रीम के ज्यादा से ज्यादा तत्वों को लाभदायक ढंग से हासिल करने में त्वचा की मदद करता है।

यह शीट मास्क पहनने का पर्यावरण के अनुकूल तरीका है। उत्पाद के असर को बढ़ाकर सीरम और मास्क कवर के हर बार इस्तेमाल से आपको नमी



**देखभाल**

● सीरम और मास्क कवर नमी को कम करता है और सक्रिय सामग्रियों का अवशोषण बेहतर बनाता है

से भरपूर, स्वस्थ दिखने वाली तरोताजगी से भरपूर त्वचा मिलेगी। त्वचा की चमक को और बेहतर बनाने का यह उपाय अपनाकर आप आसानी से त्वचा की बेहतर देखभाल कर सकते हैं। ऑरिफ्लेम के प्रवक्ता ने लॉन्चिंग के अवसर पर कहा, ऑरिफ्लेम में हम त्वचा की खूबसूरती को बरकरार रखने की अहमियत और आपकी जरूरत को अच्छी तरह समझते हैं।

जब आप अपनी त्वचा को पोषण देने के लिए तैयार है तो हमने इसके लिए फिर से इस्तेमाल किए जाने में सक्षम सिलिकॉन शीट का मास्क बनाया है। यह आपकी स्किन की खूबसूरती में चार-चांद लगा देगा क्योंकि यह सीरम और मास्क से निकलने वाली नमी को रोकता है और आपकी त्वचा के लिए लाभदायक सभी प्राकृतिक सामग्रियों का अवशोषण करने में मदद करता है।

त्वचा में नमी पहुंचाने वाले और उसे मुलायम करने वाली सामग्रियों के साथ इस सीरम और मास्क कवर का प्रयोग कीजिए। इसके इस्तेमाल से त्वचा में जो निखार आएगा, उसे देखकर आपको निश्चित रूप से खुशी होगी।

# राजस्व में 60% उछाल के साथ वित्त वर्ष 22 का किया समापन

## वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में अब तक की सबसे अधिक बिक्री का रिकॉर्ड

मुंबई, प्रात : किरण संवाददाता

वेस्टलाइफ डेवलपमेंट लिमिटेड (इरए: 505533) (डब्लूडीएल), ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही के अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। गौरतलब है कि डब्लूडीएल पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडोनाल्ड्स रेस्टोरेंट्स के मास्टर फ्रैंचाइजी हार्डकैसल रेस्टोरेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एचआरपीएल) का मालिक है। घोषित वित्तीय नतीजों को आज निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) की मीटिंग में दर्ज किया गया। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का राजस्व 27% बढ़कर रु.4,451 मिलियन हो गया। इस कुल बिक्री के परिणामस्वरूप कंपनी के रेस्टोरेंट परिचालन मार्जिन में 33.7% की वार्षिक वृद्धि हुई जिसकी राशि रु.1,016 मिलियन है। मुद्रास्फीति के दबाव और ओमिक्रॉन की लहर का मुकाबला करते हुए कंपनी का परिचालन एबिटा 46% वार्षिक वृद्धि

● चौथी तिमाही में परिचालन एबिटा में 46.0% की वृद्धि, रेस्त्राँ परिचालन मार्जिन में 33.7% का सालाना उछाल

के साथ 16.0% पर दर्ज हुआ। तिमाही के लिए इसकी सेम-स्टोर सेल्स ग्रोथ (एसएसएसजी) 23% वार्षिक पर दर्ज हुई। कंपनी ने इस तिमाही में (प्री-आईएनडी एएस) रु.231 मिलियन से अधिक का पीएटी (कर पश्चात लाभ) दर्ज किया।

इस वित्त वर्ष में वेस्टलाइफ की सफलता पिछले दो वर्षों में वृद्धि के लिए इसके कठिन प्रयासों का प्रमाण है। इसकी ओमनीचैनल रणनीति ने व्यवसाय के लिए नया बेसलाइन स्थापित किया है जिससे मैकडोनाल्ड्स को अपने उपभोक्ताओं को उनकी इच्छानुसार कभी भी और कहीं भी सेवा करने की क्षमता मिली। जैसा कि नतीजों से पता चलता है, कारोबार ने डाईन-इन और सुविधा चैनलों, दोनों के लिए तेजी से वापसी करते हुए क्रमशः15% और 42% की वृद्धि दर्ज की। डाईन-इन और डिलीवरी के विभिन्न सुविधा चैनलों, टेकअवे, ड्राइव-थ्रू, और ऑन-द-गो फिलहाल प्रति तिमाही रु.4,500 मिलियन से अधिक की बिक्री कर रहे हैं। कंपनी के कारोबार में दूसरी छमाही में अच्छी तेजी आई। समीक्षाधीन वित्त वर्ष में कंपनी के राजस्व में 60% का उछाल आया और इसने वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही में अभी तक का सर्वोच्च विक्रय दर्ज किया। वेस्टलाइफ ने पूरे साल के लिए अभी तक का अपना सर्वोच्च निवल विक्रय भी दर्ज किया है। 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय नतीजों के विषय में वेस्टलाइफ डेवलपमेंट लिमिटेड के वाइस-चेयरमैन, श्री अमित जतिया ने कहा कि, कोविड की विभिन्न लहरों और मुद्रास्फीति के दबावों के कारण चुनौतीपूर्ण बाह्य परिस्थितियों के बावजूद हम अपने सर्वश्रेष्ठ नतीजों में से एक का प्रदर्शन करने में सफल रहे हैं।

# पेटीएम मॉल से बाहर हुई चीनी कंपनी अलीबाबा

## एंटफिन के साथ कुल 43 फीसदी हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली, एजेंसी

चीनी कंपनी अलीबाबा और उसकी सहयोगी एंटफिन ने पेटीएम मॉल में अपनी पूरी 43 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है। इसका सौदा 42 करोड़ रुपये में हुआ है। एक नियामक फाइलिंग में यह जानकारी दी गई है। फाइलिंग के अनुसार, पेटीएम मॉल की मूल फर्म पेटीएम ई-कॉमर्स ने अलीबाबा की 28.34 प्रतिशत हिस्सेदारी और एंटफिन (नीदरलैंड) की 14.98 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। इस लेनदेन पर पेटीएम मॉल ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें कि पेटीएम मॉल का निकासी लेनदेन मूल्य करीब 103 करोड़ रुपये है। भारत के ई-कॉमर्स बाजार में अपना सबसे बड़ा दांव लगाने के पांच साल बाद जैक मा के नेतृत्व वाली अलीबाबा और एंट फाइनेंशियल ने पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड से बाहर होने का रास्ता चुना, जो पेटीएम मॉल की मूल कंपनी है। चीन में अलीबाबा के टी-मॉल से प्रेरित पेटीएम मॉल ने 2017 में अलीबाबा से अपनी पहली फंडिंग में 200 मिलियन डॉलर जुटाए थे। कुल मिलाकर पेटीएम मॉल ने अलीबाबा, एंट फाइनेंशियल और सॉफ्टबैंक समेत कई निवेशकों से करीब 800 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। गौरतलब है कि पेटीएम ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड मोबाइल भुगतान और ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता है। कंपनी डिजिटल और भौतिक वस्तुओं के लिए एक ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल चलाती है। पेटीएम ई-कॉमर्स भारत में ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। यह पेटीएम समूह का हिस्सा है, जो भारत की अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनी है और उपभोक्ताओं, ऑफलाइन व्यापारियों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को पूर्ण-स्टैक भुगतान तथा वित्तीय समाधान प्रदान करती है। पेटीएम ब्रांड की मालिक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड है। इसकी स्थापना विजय शेखर शर्मा ने की है और इसका मुख्यालय नोएडा, उत्तर प्रदेश में है।

# वेल्थडेस्क व ओपनक्यू का अधिग्रहण कर रही है फोनपे, 75 मिलियन डॉलर की हो सकती है डील

नई दिल्ली, एजेंसी

वॉलमार्ट समर्थित फोनपे ने कहा कि वह दो वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म वेल्थडेस्क और ओपनक्यू का अधिग्रहण कर रही है। हालांकि, फोनपे ने सौदे के आकार का खुलासा नहीं किया है जबकि मामले से अवगत सूत्रों ने कहा कि कुल सौदा 75 मिलियन अमरीकी डॉलर की सीमा में है। फोनपे ने कहा, ₹फोनपे, वेल्थडेस्क (वेल्थ टेक्नोलॉजीज एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड') का अधिग्रहण कर रही है। संस्थापक और पूरी टीम फोनपे समूह के हिस्से के रूप में काम करेगी और दोनों प्लेटफॉर्म स्वतंत्र रहेंगे। फोनपे के प्रवक्ता ने कहा कि वेल्थडेस्क सभी प्लेयर्स के लिए एक खुला मंच बना रहेगा और संस्थापक उज्जवल जैन अपनी कंपनी के विजन को परिभाषित करना जारी रखेंगे। फोनपे ने कहा, वेल्थडेस्क के पास वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों में 50 से अधिक भागीदार हैं, जो पहले से ही उनके साथ काम कर रहे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि उनका मंच अधिक




भागीदारों के साथ एकीकरण करके और निवेश प्रौद्योगिकी के लिए एक स्वर्ण मानक बनेगा।₹ सूत्र ने कहा कि वेल्थडेस्क का मूल्यांकन 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

फोनपे, ओपनक्यू (क्वांटेक कैपिटल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड) का भी अधिग्रहण कर रही है, जो आवश्यक रूप से नियामक अनुमोदन के अधीन है। बयान में कहा गया है कि अधिग्रहण के बाद ओपनक्यू, फोनपे ग्रुप के लिए वेल्थ इकोसिस्टम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बता दें कि ओपनक्यू एक स्मार्ट बीटा धन प्रबंधन मंच है, जो निवेश रणनीतियों और ओप्टिमल पोर्टफोलियो निर्माण पर सलाह देता है।

गौरतलब है कि इससे पहले डिजिटल भुगतान मंच फोनपे ने मार्च में गिगइंडिया का अधिग्रहण किया था। कंपनी ने बयान में बताया था कि इस अधिग्रहण से 15 लाख उद्यमी और 100 से अधिक उद्यम, जो गिगइंडिया के ग्राहक हैं, वह फोनपे के साथ जुड़ जाएंगे। हालांकि, इस सौदे की राशि के बारे में भी फोनपे ने जानकारी नहीं दी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### गत चैम्पियन कैस्पर रड जीते, तीन वरीय खिलाड़ी जिनेवा ओपन से बाहर

जिनेवा। गत चैम्पियन कैस्पर रड ने जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को दूसरे दौर में हार मिली। दूसरे वरीय रड ने बेनो पेयरे को 6-3, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी, जहां उनका सामना गुरुवार को थानासी कोकिनाकिस से होगा। रड खिताब बरकरार रखने के प्रबल दावेदार बने हुए हैं क्योंकि मंगलवार को दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव को रिचर्ड गैस्केट से पराजय का मुंह देखना पड़ा था। तीसरे वरीय डेनिस शापावालोव भी शुरूआती दौर का मैच हार गये, उन्हें इलिया इवाशका ने 6-4, 6-7, 6-3 से हराया। अब इवाशका का सामना जोआओ सौसा से होगा जिन्होंने पांचवें वरीय निकोलोज बासिलाशिवली पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। सातवें वरीय फेडरिको डेलबोनिस को कोकिनाकिस से 1-6, 7-5, 7-5 से हार मिली।

### आईडब्ल्यूएल : स्पोर्ट्स ओडिशा ने हंस वूमेन एफसी को 6-0 से हराया

भुवनेश्वर। इंडियन वूमेन्स फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) में भुवनेश्वर के 7 वीं बटालियन ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में स्पोर्ट्स ओडिशा ने हंस वूमेन एफसी को 6-0 से हराया। मैच की शुरूआत में हंस एफसी की तरफ से अनीता ने दुर्भाग्य से अपने ही गोल पोस्ट में गेंद डालकर स्पोर्ट्स ओडिशा को 1-0 से बढ़त दे दी। मैच के 39वें मिनट में सुभद्रा साहू ने हेडर के जरिए गोल कर ओडिशा की बढ़त दोगुनी कर दी। मध्यांतर तक ओडिशा की टीम ने अपनी 2-0 की बढ़त बरकरार रखी। मध्यांतर के बाद मैच के 53वें मिनट में सुप्रिया राउट्रे ने ओडिशा के लिए तीसरा गोल किया। प्यारी जाक्सा ने 67वें मिनट में और 68वें मिनट सुप्रिया राउतरे ने दो और गोल कर ओडिशआ की बढ़त 5-0 कर दी। सुप्रिया ने मैच के 82 वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी करते हुए एक और गोल किया और ओडिशा को 6-0 से आगे कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। सुप्रिया को उनके बेहतरीन खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### भारतीय सर्फिंग महासंघ ने इंडियन ओपन सर्फिंग के तीसरे चरण की घोषणा की

मेंगलुरु। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने गुरूवार को इंडियन ओपन सर्फिंग के तीसरे चरण की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग संघ द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रीमियर सर्फिंग प्रतियोगिता की मेजबानी यहां 27 से 29 मई तक पनाम्बुर बीच (तट) पर स्थित मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा की जायेगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देश के शीर्ष सर्फर अपनी रैंकिंग के अनुसार भाग लेंगे और कर्नाटक सर्फिंग महोत्सव का हिस्सा होंगे। प्रतियोगिता तीन वर्ग - पुरुष, महिला और अंडर-16 - में करायी जायेगी।

### घोषाल विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

कैरो। भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल यहां विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी मुस्तफा असल से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गये। भारतीय खिलाड़ी को मिस्र के तेजी से उभरते हुए खिलाड़ी से 2-11, 7-11, 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। घोषाल ने पहली बार न्यूयॉर्क में टूनार्मेंट ऑफ चैम्पियंस के सेमीफाइनल में जगह बनायी थी जिसके बाद वह यहां विश्व चैम्पियनशिप के लिये पहुंचे। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल बुधवार रात अपने से 14 साल छोटे खिलाड़ी से पराजित हो गये।

### हार्दिक ने खेली 62 रनों की पारी

# गुजरात ने रॉयल चैलेंजर्स को दिया 169 रन का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी



आईपीएल 15 के 67वें मुकाबले में गुजरात की टीम ने बेंगलुरु को 169 रन का टारगेट दिया है। GT के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान हार्दिक पंडया ने बनाए। उन्होंने 47 गेंद में 62 रनों की पारी खेली। वहीं, आखिरी ओवरों में राशिद खान का बल्ला भी खूब बोला, उन्होंने सिर्फ 6 गेंद में 19 रन बना दिए।

बेंगलुरु के लिए सबसे ज्यादा विकेट जोस हेजलवुड ने लिए। उनके खाते में 2 विकेट आया। हालांकि, आखिरी ओवरों में वो महंगे साबित हुए। गुजरात के लिए डेविड मिलर ने 34 और साहा ने 31 रन बनाए।

मैच के छठे ओवर में ग्लेन मैक्सवेल ने मैथ्यू वेड को LBW आउट किया, लेकिन वेड को लगा बॉल उनके बल्ले या ग्लव से लगी है। वो नाराज हो गए और उन्होंने रिव्यू ले लिया। रिप्ले में दिखा कि वेड आउट हैं। वेड इस फैसले से खुश नहीं थे।

वो ड्रेसिंग रूम में गए और अपना हेलमेट और बल्ला गुस्से में फेंकने लगे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

गुजरात के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल मैच में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए और सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हुए।

हेजलवुड ने चौथे स्टंप पर गुड लेंथ गेंद डाली, जो पड़कर हल्की सी बाहर निकली। गिल ने गेंद को थर्ड मैन की तरफ भेजना चाहा, लेकिन बॉल मैक्सवेल की तरफ गई और उन्होंने सुपरमैन की तरह उड़ते हुए कमाल का कैच लपका। ये हेजलवुड का टी-20 क्रिकेट में 100वां विकेट भी था।

### लाइव मैच के दौरान मशहूर बॉक्सर को आया हार्ट अटैक

**नई दिल्ली।** खेल जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। दरअसल तुर्की मूल के जर्मन बॉक्सर मूसा अस्कान यामक की लाइव मैच के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मैच के दौरान ही उन्हें हार्ट अटैक आ गया था, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि रिंग में गिरने के बाद मूसा को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लाइव मैच के दौरान बॉक्सर की मौत 38 साल के मूसा युगांडा के हमजा वांडेरा से मुकाबले के दौरान तीसरे राउंड से पहले रिंग में गिर गए, जिसके बाद उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। म्यूनिख में आयोजित इस मुकाबले का दर्शकों के लिए लाइव प्रसारण किया गया था. तुर्की के अधिकारी हसन तुरान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर उल्लेख किया, हमने अपने हमवतन मूसा अस्कान यामक को खो दिया, जो अलुक्रा के एक मुक्केबाज थे। उन्होंने कम उम्र में यूरोपीय और एशियाई चैंपियनशिप जीती थी। मूसा पर दूसरे दौर में विपक्षी खिलाड़ी वांडेरा ने एक गहरा वार किया था, जिसके बाद वह लड़खड़ा गए थे। रिंग में गिरने के बाद मेडिकल टीम उनकी सहायता करने के लिए रिंग में आई, लेकिन वह तबतक जान गंवा बैठे थे। मूसा को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बॉक्सर को मृत घोषित कर दिया।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने कहा, असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण में

मुंबई, एजेंसी



अपनी मौजूदा खराब फॉर्म को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि वह असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण से गुजर रहे हैं जहां वह सफलता या विफलता को अधिक महत्व नहीं दे रहे। कोहली ने लगभग तीन साल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शतक नहीं जड़ा है और इंडियन प्रीमियर लीग का मौजूदा सत्र उनके लिए अब तक का सबसे बदतर सत्र रहा है।

मैं असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण से गुजर रहा हूं। मैं मैदान पर जो कर रहा हूं उसे अधिक तवज्जो नहीं दे रहा। मैं इस चरण से आगे निकल चुका हूं। यह मेरे लिए विकास का चरण है। पिछले सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी छोड़ने वाले पूर्व भारतीय कप्तान कोहली बल्ले से अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं जिससे उनके करोड़ों प्रशंसक निराश हैं। कोहली के लिए आईपीएल का 15वां सत्र बल्ले से बेहद निराशाजनक रहा है जिसमें वह आरसीबी के लिए 13 मैच में सिर्फ एक अर्धशतक जड़ पाए हैं। कोहली मौजूदा सत्र में तीन बार पहली गेंद पर आउट हो चुके हैं। वह सिर्फ 200 रन बना पाए हैं और उनका औसत तथा स्ट्राइक रेट उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं है। इस 33 साल के खिलाड़ी ने हालांकि साथ ही कहा कि उनकी प्रेरणा खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यह नहीं कहना चाहिए कि मेरी प्रेरणा पहले जैसी नहीं रही, मेरी प्रेरणा कभी खत्म नहीं होगी। जिस दिन मेरी भूख खत्म हो जाएगी मैं उस दिन यह खेल नहीं खेलूंगा। कोहली ने कहा, लेकिन समझना चाहिए कि कुछ चीजें आपके नियंत्रण में नहीं होती, आपके नियंत्रण में वही चीजें होती हैं जिन पर आप काम कर सकते हो, जो मैदान पर कड़ी मेहनत करना है और जीवन में भी यही नजरिया है। मुझे लगता है कि मैं जीवन में सबसे संतुलित स्थिति में हूं और मैं जो हूं तथा जैसे मेरा जीवन चल रहा है उससे मैं खुश हूं। कोहली के लिए मैदान पर सफलता और विफलता तेजी से अप्रासंगिक होती जा रही हैं।

## आर्चरी वर्ल्डकप स्टेज-2 में तीसरा मेडल जीता

ग्वांग्झू, एजेंसी



**जीत**

- रिधि फोर, कोमलिका बारी और अंकिता भकत की की तिकड़ी ने चीनी ताइपे की खिलाड़ियों को 6-2 (56-52, 54-51, 54-55, 55-54) सेट प्वाइंट से हराया

भारत की तीरंदाज बेटियों ने आर्चरी वर्ल्डकप स्टेज-2 में तीसरा मेडल जीत लिया है। भारतीय महिला कंपाउंड टीम के बाद गुरुवार को भारतीय महिला रिकर्व टीम ने भी ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला जीता। रिधि फोर, कोमलिका बारी और अंकिता भकत की की तिकड़ी ने चीनी ताइपे की खिलाड़ियों को 6-2 (56-52, 54-51, 54-55, 55-54) सेट प्वाइंट से हराया।

यह मुकाबला ड्रॉ रहा था। ऐसे में विजेता का फैसला शूटऑफ से हुआ। इससे पहले, इस इवेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में प्रबल दावेदार और मेजबान कोरिया ने भारतीय तिकड़ी को 6-2 (55-53, 55-57, 53-51, 53-43) से हराया था। अपने से निचली रैंकिंग वाले फ्रांस से हारी पुरुष टीम रिकर्व कैटेगरी के पुरुष टीम इवेंट में भारतीय टीम को अपने से निचली रैंकिंग वाले फ्रांस से पराजय का समना करना पड़ा। स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तरुणदीप राय और जयंत तालुकदार की अनुभवी जोड़ी के साथ पदार्पण कर रहे नीरज चौहान की तिकड़ी को 15वें वरीय फ्रांस की टीम ने 2-6 (54-57, 55-52, 53-55, 47-53) से पराजित कर दिया। अभिषेक, अमन, रजत की तिकड़ी का गोल्ड मेडल मैच फ्रांस से अभिषेक, अमन और रजत की तिकड़ी पुरुष कंपाउंड टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में शनिवार को दुनिया की चौथे नंबर की टीम फ्रांस से खेलेगी। उसने क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 अमेरिका को 234-238 से और सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को हराते हुए खिताबी दौर में जगह बनाई है।

## भारत के खिलाफ टेस्ट नहीं खेल पाएंगे आर्चर, स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण बाहर

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड और ससेक्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर बाकी बचे पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जोफ्रा आर्चर कमर में स्ट्रेस फ्रेक्चर (मामूली फ्रेक्चर) के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और जुलाई में भारत के खिलाफ होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट में भी नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईसीबी ने बयान में कहा, पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर का पता चलने के बाद आर्चर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं क्योंकि ईसीबी ने उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। ईसीबी ने कहा, उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

आगामी दिनों में विशेषज्ञ से सलाह मशिवरा करने के बाद प्रबंधन उन्हें लेकर योजना बनाएगा। भारत को जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट (पिछली श्रृंखला का बचा हुआ मुकाबला) और सीमित ओवरों के छह मुकाबले खेलने हैं। पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला मार्च 2021 में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर खेलने वाले 27 साल के आर्चर का कोहनी का आपरेशन हुआ था और इसके बाद उन्होंने ससेक्स की ओर से काउंटी क्रिकेट में वापसी की जहां उन्हें स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया।

बारबडोस में जन्में आर्चर ने इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूप में 42 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 86 विकेट चटकाए हैं।

## यूरोपा खिताब का 42 साल का इंतजार खत्म होने पर खेल प्रेमियों ने खूब जश्न मनाया

बर्लिन, एजेंसी

आइनट्राक्ट फ्रैंकफर्ट ने जब स्पेन के सेविला में ग्लास्गो रेंजर्स पर पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत दर्ज कर यूरोपा लीग खिताब जीता तो जर्मनी में क्लब का घरेलू स्टेडियम खचाखच हजारों प्रशंसकों से भरा था जिन्होंने मिलकर खूब जश्न मनाया। फ्रैंकफर्ट में जब राफेल बोरे ने पेनल्टी में निर्णायक गोल दागकर क्लब का 42 साल का इंतजार खत्म किया तो जर्मनी के स्टेडियम में मौजूद करीब 60,000 प्रशंसक खुशियों से नाचने लगे। कुछ कूद रहे थे, कुछ चिल्ला रहे थे और कुछ हवा में मुठ्ठियां मार रहे थे तो कुछ गले लग रहे और कुछ तो खुशी के मारे रो भी रहे थे। शहर की सड़क हॉर्न बजाती हुई कारों से भरी थीं और लोग फ्रैंकफर्ट का स्कार्फ डाले हुए पब से निकलकर एक दूसरे को गले लगाकर जीत का जश्न मना रहे थे। यह फ्रैंकफर्ट की 1980 यूएफा कप के बाद पहली यूरोपीय ट्राफी थी।

तब यूएफा लीग का नाम यूएफा कप था जिसमें फ्रेड शाउब ने बोरिसया मोंशेनग्लाबाख के खिलाफ विजयी गोल दागा था। फ्रैंकफर्ट और रेंजर्स के बीच 1-1 की बराबरी के बाद जब मैच अतिरिक्त समय और पेनल्टी में गया तो खेल प्रेमियों का इंतजार बढ़ता ही जा रहा था। रेंजर्स को 57वें मिनट में जो अरीबो ने बढ़त दिलायी जिसके बाद फ्रैंकफर्ट के लिये राफेल बोरे ने टीम को 69वें मिनट में बराबरी पर ला दिया था।

जीत के बाद क्लब के आस्ट्रियाई कोच ग्लास्नर भी खिलाड़ियों के साथ सेविला के रामोन सांचेज पिजुआन स्टेडियम में जश्न में शामिल हो गये। ग्लास्नर ने कहा, मैं शनिवार तक जश्न मनाऊंगा और रविवार को मैं छुट्टियों पर जा रहा हूं।

## सीएसके के खिलाफ प्लेऑफ स्थान कब्जाने के लिये रॉयल्स की उम्मीदें बटलर के प्रदर्शन पर

मुंबई, एजेंसी



**बल्लेबाजी**

- बटलर तीन शतक और इतने ही अर्धशतक जड़ चुके हैं

पिछले कुछ मैचों में कोई धमाल नहीं कर पाने वाले जोस बटलर आज यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे और राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें भी उनके प्रदर्शन से प्लेऑफ में जगह बनाने पर लगी होंगी।

संजू सैमसन की अगुआई वाली टीम एक और जीत से 18 अंक पर पहुंच जायेगी जिससे शीर्ष चार स्थानों के लिये उन्हें सभी गणनाओं और संभावनाओं को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। बल्कि एक जीत राजस्थान रॉयल्स के लिये शीर्ष दो में स्थान भी सुनिश्चित कर सकती है क्योंकि लखनऊ सुपर जायंट्स (+0.251) की तुलना में उनका +0.304 का नेट रन रेट (एनआरआर) काफी बेहतर है। साथ ही राजस्थान रॉयल्स की टीम सीएसके के लचर प्रदर्शन का फायदा भी उठाना चाहेगी क्योंकि अंतिम मैच में वह उनका खेल बिगाड़ भी सकती है। इससे बचने के लिये बटलर को बल्ले से दमदार प्रदर्शन दोहराते हुए योगदान करना होगा क्योंकि वह पिछले चार मैचों में 22, 30, 07 और 02 रन की पारी ही खेल पाये हैं जबकि वह बल्लेबाजों की तालिका में 627 रन बनाकर इस समय शीर्ष पर चल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की टूनामेंट में सफलता का ज्यादातर श्रेय बटलर द्वारा दिलायी गयी शानदार शुरूआत और युजवेंद्र चहल के 24 विकेट को ही दिया जायेगा। बटलर तीन शतक और इतने ही अर्धशतक जड़ चुके हैं। उन्होंने अपने ज्यादातर रन टूनामेंट के शुरूआती हाफ में बनाये। चहल ने गेंदबाजी में अपनी लय बरकरार रखी है लेकिन बटलर की बात करें, तो उनकी फॉर्म में थोड़ी गिरावट आयी है लेकिन प्लेऑफ से पहले अंतिम लीग मैच उनके लिये वापसी करने का आदर्श समय होगा। वहीं सीएसके की गेंदबाजी में मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह और बेबी मलिंगा के नाम से मशहूर माथिशा पाथिराना अंतिम मुकाबले में अपनी धार दिखाना चाहेंगे लेकिन टूर्नामेंट के ज्यादातर मैचों में खराब बल्लेबाजी के कारण टीम का मनोबल गिरा हुआ है। बटलर जहां राजस्थान रॉयल्स के लिये बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं तो सीएसके के रूतुराज गायकवाड़ ने बाद में लय हासिल की जिससे वह 366 रन बना चुके हैं लेकिन अन्य कोई भी बल्लेबाज 300 रन के करीब तक नहीं पहुंचा है। डेवोन कोनवे ने दूसरे हाफ में अधिक मैच खेले, उनके 236 रन हैं। सीएसके के ज्यादातर सीनियर खिलाड़ी जैसे एमएस धोनी (206), अंबाती रायुडू (271) और रॉबिन उथप्पा (230) इस आईपीएल सत्र में अच्छा नहीं कर सके जो टीम की सबसे बड़ी विफलता रही है।

## चोटिल होने पर मेरे पिता ने 2-3 दिनों तक नहीं किया था भोजन : रिंकू सिंह

मुंबई, एजेंसी



कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह आखिरी मैच में अपनी बल्लेबाजी से सुर्खियों में आ गए हैं, जहां उन्होंने 15 गेंदों पर 40 रन की पारी से क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी। उनके क्रिकेट सफर में मध्य के दौरान चोट की आशंका और 2019 में बीसीसीआई द्वारा अबू धाबी में एक टी20 टूनार्मेंट में खेलने के लिए तीन महीने का निलंबन भी शामिल है। रिंकू ने घरेलू स्तर पर उत्तर प्रदेश के लिए ढेर सारे रन बनाए और धीरे-धीरे सफलता की सीढ़ियों को पार करते गए। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने कहा कि उनके करियर के पिछले पांच साल चुनौतीपूर्ण रहे, लेकिन चोट के समय में भी उन्होंने आत्मविश्वास नहीं खोया।

अलीगढ़ के बल्लेबाज ने कहा कि उनके पिता ने 2-3 दिनों तक खाना नहीं खाया जब उन्होंने उनकी चोट के बारे में सुना। केकेआर के आधिकारिक फेसबुक पेज पर अपलोड किए गए एक वीडियो पर सिंह ने कहा, मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहकर खुश नहीं था। मेरे पिता ने 2-3 दिनों तक खाना नहीं खाया। तब मैंने उनसे कहा कि चोट क्रिकेट का हिस्सा है। मैं अपने जीवन का एकमात्र कमाने वाला हूं, जिसमें अगर मुझे चोट लग जाए तो यह परिवार के लिए चिंताजनक का विषय बन जाता है। उन्होंने आगे बताया कि, 5 साल मेरे लिए वास्तव में कठिन थे। पहले साल के बाद जब मुझे केकेआर के लिए चुना गया और मुझे खेलने का मौका मिला, तो मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। फिर भी केकेआर ने मुझ पर बहुत भरोसा जताया और उन्होंने मुझे अगले सीजन के लिए बरकरार रखा। 12 अक्टूबर 1997 को अलीगढ़ में जन्मे रिंकू को किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) ने 2017 में चुना था, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला। उन्हें 2018 की नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 80 लाख रुपये में चुना था। वह 2021 तक केकेआर के साथ रहे, जब वे घुटने की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए थे और बाद में उनकी जगह गुरकीरत सिंह मान ने ले ली थी।

हालांकि उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला, लेकिन उनकी शानदार कार्य नैतिकता, दोस्ताना स्वभाव और किसी भी तरह से टीम में योगदान करने की इच्छा ने उन्हें फ्रेंचाइजी के लिए प्रेरित किया और केकेआर ने उन्हें इस साल फरवरी में आईपीएल 2022 के लिए फिर से खरीदा। उन्होंने आगे बताया कि, मैंने क्रिकेट में कड़ी मेहनत की। टीम ने कभी नहीं सोचा था कि मैं नीचे था। पिछला साल मेरे लिए काफी कठिन था क्योंकि विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान डबल रन के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई थी।

### बेल्जियम-नीदरलैंड के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए भारतीय पुरूष हॉकी टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी



हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की, जो एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 सीजन के अंतिम चरण में मेजबान बेल्जियम और नीदरलैंड का सामना करेगी।

मौजूदा टेबल टॉपर्स भारत 11 और 12 जून को बेल्जियम के एंटवर्प में बेल्जियम से खेलेगा और उसके बाद 18 और 19 जून को नीदरलैंड के रॉटरडैम में नीदरलैंड से भिड़ेगा। टीम की कप्तानी अमित रोहिदास को सौंपी गई है, जबकि हरमनप्रीत सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। टीम के बारे में बोलते हुए, मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, यह एफआईएच हॉकी प्रो लीग का सबसे महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर मैच होते हैं। योजना घरेलू खेलों से हमारी गति को आगे बढ़ाने की है। उन्होंने कहा, साई, बेंगलुरु में हमारे राष्ट्रीय शिविर के दौरान, हमारे पास लीग में अब तक के अपने प्रदर्शन पर आत्मनिरीक्षण करने का समय है और हम यूरोप में बेहतर प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। टीम कमोबेश वैसी ही बनी हुई है कोई बड़ा बदलाव नहीं। टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को प्रो लीग में खेलने का पूर्व अनुभव है और सभी खिलाड़ी बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ मैचों में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हैं।

## अमेरिकी फुटबॉल ने पुरूष और महिलाओं का वेतन बराबर किया

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी फुटबॉल महासंघ (यूएसएसएफ) ने पुरूषों और महिला टीमों को एक समान भुगतान करने का समझौता किया जिससे अमेरिकी राष्ट्रीय संचालन संस्था खेल में दोनों वर्गों के लिये बराबर राशि देने वाली पहली संस्था बन गयी।

महासंघ ने दोनों राष्ट्रीय टीमों के संघों के साथ दिसंबर 2028 तक समझौता किया जिससे वर्षों से अकसर होने वाली तीखी बहस भी खत्म हो गयी। अमेरिका की सफल महिला टीम की स्टार खिलाड़ी एलेक्स मोर्गन और मेगान रापिनो 2019 में महिला विश्व कप चैम्पियनशिप दिलाने में अहम रही थीं और दोनों लैंगिक समानता की लड़ाई की अगुआ भी रही। अमेरिकी महिला खिलाड़ियों ने जब फ्रांस में खिताब जीता था तो बराबर वेतन का मुद्दा काफी सुर्खियों में रहा था। अमेरिकी फारवर्ड मारग्रेट पर्स ने कहा, मुझे लड़कियों के लिये बहुत गर्व महसूस हो रहा है जिन्हें इसके लिये लड़ना नहीं होगा बल्कि उनकी अहमियत को पहचान मिलेगी। हालांकि मेरे पिता हमेशा मुझसे कहते कि आप जो करते हो, उसके लिये तुम्हें पुरस्कृत नहीं किया जाता है। लेकिन आपको पुरूष और महिलाओं को एक समान वेतन देना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं आपको कोई स्टार नहीं दे रही हूं, लेकिन मैं इस उपलब्धि के लिये आभारी हूं और उन सभी लोगों की भी जिन्होंने एक साथ मिलकर इसे संभव बनाया। शायद सबसे बड़ा झटका विश्व कप की पुरस्कार राशि थी जो टूनार्मेंट में टीमों के सफर पर आधारित थी। अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार विश्व कप खिताब जीतकर काफी सफल रही है लेकिन फीफा पुरस्कार राशि में अंतर के कारण वे पुरूष विजेताओं की तुलना में काफी कम राशि हासिल कर पातीं। अमेरिकी महिला टीम को 2019 विश्व कप जीतने के लिये 110,000 डॉलर का बोनस मिला जबकि अमेरिकी पुरूष टीम अगर 2018 में विश्व कप जीतती तो उन्हें 407,000 डॉलर की राशि मिली होती।

संघों ने इस साल के अंत में पुरूष विश्व कप और अगले साल महिला विश्व कप के लिये फीफा भुगतान को पूल (एक साथ इकट्ठा) करने पर सहमति जतायी। इसके अलावा 2026 और 2026 टूनार्मेंट के भुगतान को भी पूल किया जायेगा। इस तरह यूएसएसएफ पहली संस्था होगी जो इस तरीके से फीफा पुरस्कार राशि को पूल करेगी।

### लखनऊ के खिलाफ मुकाबला अब तक खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक : श्रेयस

नवी मुंबई, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में मिली दो रनों की हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस मैच को अब तक खेले गए सर्वश्रेष्ठ मुकाबलो में से एक कहा। क्विंटन डी कॉक (नाबाद 140) के धमाकेदार शतक और केएल राहुल (नाबाद 68) के अर्धशतकीय पारी की बदौलत बुधवार को यहां डॉ डी वाई पाटिल स्टेडियम में एलएसजी ने केकेआर को 2 रन से हराया। मैच के बाद श्रेयस ने कहा, मैं बिल्कुल भी दुखी महसूस नहीं कर रहा हूं। यह मेरे द्वारा खेले गए सर्वश्रेष्ठ मैचों में से एक था। जिस तरह से हमने अपना चरित्र और रवैया दिखाया वह उत्कृष्ट था। रिंकू ने अंत तक जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह मुझे पसंद है लेकिन दुर्भाग्य से आखिरी दो गेंदो ने हमसे मैच छीन लिया, मैं उम्मीद कर रहा था कि रिंकू हमारे लिए मैच खत्म कर सकता है और नायक हो सकता है, लेकिन फिर भी उसने एक शानदार पारी खेली और मैं वास्तव में उसके लिए खुश हूं। जब हम अंदर आए, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम इस तरह से खेलेंगे, क्योंकि विकेट सूखा था और घास इतनी गीली नहीं थी। उन्होंने कहा, मैंने सोचा था कि स्पिनरों के लिए थोड़ी मदद होगी, लेकिन हमने एलएसजी के गेंदबाजों पर बराबर स्कोर किया। यह हमारे लिए करो या मरो की स्थिति थी, पावरप्ले में दो विकेट खोने के बाद भी, हमारी मानसिकता थी पीछा करने के लिए जाना और इसे जितना संभव हो उतना स्कोर के करीब जाना और उन पर दबाव डालना।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यूजीलैंड में कोरोना के 9,091 नये मामले

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 9,091 नये मामले सामने आये हैं और पांच लोगों की मौत हुई है। गुरुवार को स्थानीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नये मामलों में से 3,233 मामले सबसे बड़े शहर ऑकलैंड के हैं। इनके अलावा, कोरोना के 90 नये मामले देश की सीमा पर दर्ज हुये हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में न्यूजीलैंड के विभिन्न अस्पतालों में 411 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें से बारह मरीज गहन चिकित्सा विभाग में भर्ती हैं। न्यूजीलैंड में महामारी की शुरूआत होने के बाद से 1,075,177 मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

### चर्च में हमले से पहले कथित बंदूकधारी ने अखबार में भेजी डायरी

सांता एना (अमेरिका)। ताइवान के लिए अपनी राजनीतिक नफरत के कारण दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित चर्च में लोगों के समूह पर गोलीबारी के आरोपी व्यक्ति ने हमले से पहले एक अखबार को भेजी गई सात-खंड की डायरी में खुद को नाश करने वाला देवदूत करार दिया। अखबार ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### अमेरिका फिनलैंड के साथ मिलकर करेगा काम

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फिनलैंड और स्वीडन के उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने की चचार्ओं के बीच बुधवार को कहा कि वह इन दोनों देशों साथ मिलकर काम करना पसंद करेंगे ताकि किसी भी खतरे की स्थिति में सतर्क रहा जा सके। राष्ट्रपति बाइडेन ने एक बयान में कहा, नाटो में शामिल होने के लिए इन दोनों देशों के आवेदनों पर विचार किए जाने के दौरान अमेरिका इस बात की घोषणा करता है कि हम फिनलैंड और स्वीडन के साथ अपनी साझा सुरक्षा के खातिर किसी भी खतरे के प्रति सतर्क रहने और किसी हमले के खतरे को रोकने या उनका सामना करने के लिए काम करेंगे। श्री बाइडेन ने कहा कि वह स्वीडन और फिनलैंड को सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनाने के लिए अमेरिकी कांग्रेस और नाटो सहयोगियों के साथ काम करेंगे।

# वाशिंगटन: एंटनी ब्लिंकेन से बिलावल भुट्टो ने की मुलाकात

वाशिंगटन, एजेंसी





अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय मंक पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं वाणिज्यिक संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच चर्चा ऐसे समय हुई है जब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के शासन के दौरान अमेरिका और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों में अभूतपूर्व गिरावट आ गई थी। दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान की स्थिरता, यूक्रेन के लिए समर्थन और लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर भी चर्चा की। ब्लिंकन ने ट्वीट किया, बिलावल भुट्टो जरदारी और मैंने एक मजबूत और समृद्ध अमेरिका-पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंध के लिए अपनी साझा इच्छा की पुष्टि की। मैं जलवायु, व्यापार और निवेश और क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा मुद्दों पर अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हूं। अमेरिका के साथ पाकिस्तान के संबंध उदासीन रहे हैं, खासकर बाइडन प्रशासन के शासन में।

बिलवाल की अमेरिका की यात्रा पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों में अभूतपूर्व गिरावट के बीच हो रही है। दोनों देशों के संबंधों में खटास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री खान के इस दावे से शुरू हुई थी कि वाशिंगटन ने पाकिस्तान के विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने की साजिश रची। बाइडन प्रशासन ने खान के आरोपों को कई बार खारिज किया है। अमेरिकी विदेश विभाग प्रवक्ता नेड प्राइस ने बैठक के बारे में कहा कि दोनों नेताओं ने जलवायु, निवेश, व्यापार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में साझेदारी के साथ ही लोगों के बीच संबंधों पर विस्तार से चर्चा की।

ब्लिंकन ने पाकिस्तान की जी77 की अध्यक्षता का स्वागत किया और जलवायु कार्रवाई और वैश्विक खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री का प्रभार संभाल रहे बिलावल संयुक्त राष्ट्र में बुधवार को होने वाली ग्लोबल फूड सिक्योरिटी कॉल टू एक्शन पर मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए ब्लिंकन के निमंत्रण पर अमेरिका की पहली यात्रा पर हैं।

अमेरिका मई महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष है और ब्लिंकन वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई के लिए बैठकें आयोजित करने के लिए न्यूयॉर्क में हैं।

बिलावल के साथ अपनी मुलाकात से पहले ब्लिंकन ने कहा कि वाशिंगटन विदेश मंत्री के साथ और पाकिस्तान में एक नयी सरकार के साथ काम करने के लिए बहुत उत्सुक है।

### पाकिस्तान : विदेश मंत्री ने जताई मॉस्को जाने की इच्छा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

पाकिस्तान के नव निर्वाचित विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने मॉस्को जाने की अपनी उम्मीद जताई है।

विदेश मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मुझे अब तक रूस और मॉस्को जाने का कोई मौका नहीं मिला, लेकिन मुझे ऐसे किसी अवसर के मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि गत नौ अप्रैल को पाकिस्तानी संसद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये हटा दिया।

यह प्रस्ताव 174-0 के सर्वसम्मत मत से सफल हुआ। इसके बाद 11 अप्रैल को सांसदों ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के विपक्षी नेता श्री शहबाज शरीफ को नये प्रधानमंत्री के रूप में चुना।

## श्रीलंकाई प्रदर्शनकारियों ने युद्ध में जान गंवाने वाले तमिल पीड़ितों को भी किया याद

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को मसाल जलाकर देश में दशकों तक चले गृहयुद्ध के अंतिम चरण में मारे गए नृजातीय रूप से तमिल नागरिकों समेत हजारों लोगों को याद करते हुए प्रार्थना की। अब तक के इतिहास में यह पहली बार है, जब बहुसंख्यक सिंहली लोगों ने खुले तौर पर अल्पसंख्यक समूह को याद किया।

प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और पास के समुद्र में श्रद्धा सुमन प्रवाहित किये। प्रदर्शनकारियों ने उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना की, जो 26 साल पहले के गृहयुद्ध में मारे गए थे। जान गंवाने वालों में तमिल नागरिक, तमिल विद्रोही और सरकारी सैनिक शामिल थे। वर्ष 2009 में युद्ध समाप्त होने के बाद से सैनिकों की याद में लगभग हर साल भव्य सरकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह पहली बार है कि कोलंबो में सिंघलियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तमिलों को भी याद किया जा रहा है। यहां कार्यक्रम में भाग लेने वाले एक सोशल मीडिया कार्यकर्ता सुमीरा गुनासेकरा ने कहा मैं जन्म से सिंहली हूं। हमने गैर-राज्य समूहों द्वारा और राज्य द्वारा फैलाए गए आतंकवाद के परिणामस्वरूप 13 साल पहले मारे गए सिंहली, मुस्लिम और हिंदू समेत अन्य सभी लोगों की याद में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि अब भी ऐसे लोग हैं, जो उन घटनाओं के कारण दुखी हैं। अभिनेत्री कौशल्या फर्नांडो ने कहा कि वह युद्ध के समय के पीड़ितों को याद कर रही हैं जिनके साथ राजनेताओं द्वारा गलत व्यवहार किया गया।

उन्होंने कहा, इस जगह का महत्व यह है कि हम यहां विभिन्न जातीय समूहों के रूप में नहीं बल्कि श्रीलंका के नागरिक के तौर पर हैं। प्रदर्शनकारियों ने याद के तौर पर चावल का हलवा भी साझा किया, आपूर्ति की भारी कमी के कारण लड़ाई के अंतिम चरण में लोगों के पास यही एकमात्र भोजन था।

तमिल टाइगर विद्रोहियों ने जातीय अल्पसंख्यक तमिलों के लिए एक स्वतंत्र राज्य बनाने के लिए लड़ाई लड़ी थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार इस गृहयुद्ध में 1,00,000 से अधिक लोग मारे गए थे। वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक मानी जाती है। संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़ाई के अंतिम महीनों में कम से कम 40,000 तमिल नागरिक मारे गए। श्रीलंकाई सैनिकों ने 2009 में तमिल टाइगर विद्रोहियों को हराया था।

## रशिया टुडे पर बैन के बाद रूस की जवाबी कार्रवाई

मास्को, एजेंसी



**पाबंदी**

- कनाडाई न्यूज चैनल सीबीसी को किया बंद

रूस ने कनाडा के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए उसके न्यूज चैनल सीबीसी को मास्को में बंद कर दिया है। इसके पहले कनाडा ने रशिया टुडे पर बैन लगा दिया था। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को बताया कि रूस सीबीसी के मास्को ब्यूरो को बंद करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि कनाडा द्वारा रूसी टीवी चैनल रशिया टुडे पर प्रतिबंध लगाने बाद सीबीसी के पत्रकारों से वीजा और मान्यता भी वापस लेने जा रहे हैं। इससे पहले मार्च में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव और व्यवसायी ओलेग डेरिपस्का सहित रूसी नेतृत्व के करीबी दस व्यक्तियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाए थे। कनाडा द्वारा रूस पर प्रतिबंधों की घोषणा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन और डच प्रधानमंत्री मार्क रूट के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की गई थी। इससे पहले बुधवार को ही रूस ने पेरिस के इसी तरह के कदम के खिलाफ जवाबी करते हुए मास्को में फ्रांसीसी राजनयिक मिशनों के 34 कर्मचारियों को निष्कासित करने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने रूस में फ्रांसीसी राजदूत पियरे लेवी को फ्रांस में रूसी राजनयिक मिशनों के 41 कर्मचारियों को गैर ग्रैटे घोषित करने के पेरिस के फैसले के संबंध में विरोध व्यक्त करने के लिए तलब किया। मंत्रालय ने कहा कि प्रतिक्रिया के रूप में, रूस में फ्रांसीसी राजनयिक मिशनों के 34 कर्मचारियों को दो सप्ताह में रूस के क्षेत्र को छोड़ने का आदेश दिया गया है।

## राज कुंद्रा की मुश्किल बढ़ी, ईडी ने दर्ज किया मनी लॉड्रिंग का मामला


मुंबई, एजेंसी


फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति एवं बिजनेसमैन राज कुंद्रा की पोर्नोग्राफी मामले में मुश्किल बढ़ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुंद्रा के विरुद्ध पोर्नग्राफी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी दर्ज किया है। राज कुंद्रा के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले साल 20 जुलाई को पोर्न रैकेट मामले में गिरफ्तार किया था। कुंद्रा फिलहाल जमानत पर हैं। कुंद्रा पर हॉटशॉट्स नाम के ऐप के जरिए अश्लील फिल्में शेयर करने का आरोप है। कुंद्रा को पिछले साल सितंबर में जमानत मिली थी।


ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि 13 अलग-अलग खातों से राज कुंद्रा की कंपनी में पैसे भेजे गए। एक पोर्न फिल्म के लिए भी पैसा लिया गया। ईडी की जांच के मुताबिक, फरवरी 2019 में राज कुंद्रा ने आर्म्स प्राइम मीडिया लिमिटेड कंपनी की स्थापना की। हॉटशॉट्स नाम का एक ऐप विकसित किया। हॉटशॉट्स ऐप को कुंद्रा ने केनरिन नामक एक ब्रिटिश कंपनी को बेचा था।



























स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129